You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-195 | मंगलवार, 19 अगस्त 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अगर नहीं होता, तो पता नहीं कांग्रेस राज में देश न जाने कितने हिस्से में बंटता। आजादी के बाद देश को एकजुट रहने में संघ की शाखाओं ने उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोये रखने का पावन कार्य किया है।
**केशव प्रसाद मौर्य**


सीपी राधाकृष्णन को निर्विरोध उपराष्ट्रपति बनाने में जुटे राजनाथ सिंह 11

उत्तराखंड के मीसा व भूमिगत सेनानियों को भी मिलेगी राशि, बढ़ेगी पेंशन राशि 12


## संक्षेप

### मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने न्यायालय में किया सरेंडर

**मऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर सोमवार को एमपी एमएलए कोर्ट में पेश हुए। 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बीजेपी के लोगों के लिए अपशब्दों का प्रयोग करने के मामले मुक़द्मा दर्ज हुआ था । इस मामले में राजभर के खिलाफ मऊ के हलधरपुर थाने में उड़नदस्ते के एक अधिकारी ने एफआईआर कराया था।

### दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली धमकियां

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सोमवार को कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलने के बाद दहशत फैल गई। पुलिस ने स्कूलों को तुरंत खाली कराया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। ये धमकियां स्कूलों को ईमेल से भेजी गईं थीं। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्पेशल सेल ने जांच शुरू कर दी पर शुरुआती तलाशी में उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस टीमें अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि ईमेल कहां से आया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। ये धमकियां डीपीएस द्वारका, मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल (सेक्टर 4, द्वारका) और श्रीराम वर्ल्ड स्कूल (सेक्टर 10, द्वारका ) सहित कई स्कूलों को भेजी गईं। स्कूल प्रशासन ने एहतियात के तौर पर अभिभावकों को बच्चों को वापस बुलाने के लिए के लिए संदेश भेजे और उन्हें स्कूल की तरफ से सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आश्वासन दिया।

### शहरियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के मामले में उच्च न्यायालय नाराज

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने राजधानी के आम लोगों को स्वच्छ पीने का पानी मुहैया कराने के मामले में पहले के आदेश के बावजूद नगर निगम द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र न देने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने मामले में लखनऊ के जिलाधिकारी, नगर आयुक्त समेत यूपी जलनिगम के प्रबंध निदेशक (एमडी) को 25 अगस्त को जवाब की तैयारी के साथ विडियो कांफ्रेंसिंग से पेश होने का आदेश दिया है। इस मामले में दो मई 2024 को कोर्ट ने नगर निगम का जवाब दाखिल न होने पर कहा था कि यह आचरण सराहनीय नहीं है। कोर्ट ने नगर निगम को आदेश दिया था कि याचिका में वर्णित शहर के इलाकों का सर्वे कर वहां के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के इंतजाम करे। साथ ही शहर में पेयजल की समस्या को उठाने वाली पेश की गईं एक दैनिक अखबार की खबरों पर भी नगर निगम से जवाब मांगा था। न्यायामूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने यह आदेश उत्कर्ष लोक सेवा संस्थान की वर्ष 2016 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया।

# अब यूपी पुलिस का नाम सुनकर भागते हैं अपराधी : सीएम योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




- साइबर युद्ध के आयाम, बहुपक्षीय कानूनी ढांचे, फोरेंसिक और रणनीतिक प्रतिकार विषय पर अंतरराष्ट्रीय समिट का सीएम ने किया शुभारंभ
- साइबर की दुनिया में मौजूदा चुनौतियों को देखते हुए हमें कार्य करना होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि अब यूपी पुलिस का नाम सुन कर अपराधी भागते हैं। उन्होने साइबर युद्ध के आयाम, बहुपक्षीय कानूनी ढांचे, फोरेंसिक और रणनीतिक प्रतिकार' विषय पर लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय इंटरनेशनल समिट के शुभारंभ किया।

इस मौक़े पर उन्होंने यूपी पुलिस के अधिकारियों का जमकर उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कहा ह्र हम 75 जनपदों के लिए 75 नई फोरेंसिक यूनिट का शुभारंभ कर रहे हैं। हमारे पास यूपी में 18 मंडल हैं और हमारी कोशिश है कि हर मंडल पर एक फोरेंसिक लैब स्थापित की जानी चाहिए। हम सभी 75 जिलों के लिए 75 फोरेंसिक यूनिट लगाने जा रहे हैं। अब स्थिति पहले की तरह नहीं है । अब अपराधी यूपी पुलिस का नाम सुनते ही भागता है। यूपी पुलिस ने एक नई कार्य संस्कृति विकसित की है। हमे समय के साथ मिलकर चलना होगा नहीं तो हमारा अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। जब तक अपराधी के मन में भय नहीं रहेगा तब तक सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति सफल नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नाम पर अटल पुस्तकालय का भी शुभारम्भ किया। बंथरा के ओरांव दारोगाखेड़ा स्थित उत्तर प्रदेश राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान में आयोजित इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साढ़े तीन हजार साल पहले लखनऊ के करीब सीतापुर जिले में नैमिषारण्य में एक संगोष्ठी हुई थी। उस संगोष्ठी में विद्वान ऋषि, मुनियों ने हिस्सा लिया। उसमें जो मंथन चिंतन हुआ, वह आज भी हम सब के बीच ज्ञान के रूप में विद्यमान है। यह सेमिनार भी कानून व्यवस्था कायम रखने में बहुत कारगर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन को समय के हिसाब से करना होता है। वर्ष 2017 के पहले यूपी की दूसरी स्थिति थी। आज सभी 75 जिलों में साइबर थाने स्थापित हो चुके हैं। प्रदेश के सभी थानों में साइबर सेल गठित किया गया। अब साइबर मुख्यालय स्थापित किया जा रहा है। अब हमें उससे भी आगे सोचकर कार्य करना होगा। सुपरसोनिक मिसाइल या ड्रोन जैसा कुछ सोचना पड़ेगा। आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नाम पर अटल पुस्तकालय का भी शुभारंभ किया गया है। मौजूदा चुनौतियों को देखते हुए हमें कार्य करना होगा। समय के अनुरूप हमें अपने आप को तैयार करना होगा। ऐसा नहीं करने पर स्वयं के अस्तित्व का संकट खड़ा होगा। यूपी में अपराधी पुलिस का नाम सुनते ही भागता है, उसे भय है। अगर यह भय नहीं होगा तो आम आदमी में पुलिस के प्रति विश्वास नहीं होगा। योगी ने कहा कि यूपी पुलिस की भूमि पर एक माफिया ने कब्जा कर लिया था। तत्कालीन डीजीपी ने हमें बताया तो हमने कार्रवाई शुरू की। इसके बाद वह स्वयं यूपी पुलिस को वह भूमि देने को तैयार हो गया। टेक्नोलॉजी ने हमारे जीवन को जितना आसान बनाया है, उतनी ही चुनौतियां भी खड़ी की हैं। हमें उन्हीं तकनीकियों के सहारे ही उन चुनौतियों से निपटना होगा। अगर हम नहीं लड़ पाएंगे तो आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगी। यह इंस्टीट्यूट और उप्र पुलिस सफलतापूर्वक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार होंगे। इस मौके पर प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### एसजीपीजीआई में अब हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को मिलेगी और बेहतर सुविधाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई), लखनऊ में एसबीआई फाउंडेशन आईसीयू प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट सलोनी हार्ट सेंटर में संचालित होगा, जो बच्चों की जन्मजात हृदय बीमारियों के उपचार के लिए समर्पित है। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन ने लगभग 10 करोड़ का सहयोग प्रदान किया। इस राशि से सेंटर को आधुनिक उपकरणों और आवश्यक ● शेष पेज 11 पर

# 12 घंटे जाम में फंसे तो टोल क्यों भरें?

एजेंसी



- टोल वसूली पर एनएचएआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालयेक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली-मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है।

चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजनारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है तो उनसे टोल वसूलने का क्या औचित्य है। जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। गुरुवायूर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जो यहां टोल वसूल रही है, ने भी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दिवान ने कहा कि उनके जिम्मे जो 60 किलोमीटर का हिस्सा है, उसकी देखभाल ठीक से की जा रही है। असली समस्या उन जगहों पर है जहां एनएचएआई ने काम किसी तीसरी कंपनी (पीएसजी इंजीनियरिंग) को सौंपा है। अप्रैल 2024 से ये कंपनी काम देख रही है। दिवान ने दावा किया कि टोल वसूली बंद होने से उन्हें पहले ही 5-6 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चार हफ्तों के लिए टोल वसूली रोक दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब सड़कें खराब हों और ट्रैफिक सुचारु न हो तो जनता से टोल वसूला नहीं जा सकता। यह जनता और एनएचएआई के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि मानसून की वजह से मुश्किलें बढ़ी हैं। फिलहाल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और जल्द ही यह तय करेगा कि पालयेक्कारा टोल प्लाजा पर वसूली दोबारा शुरू होगी या नहीं।

# यूपी में होगा अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन : सतीश महाना

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि अगले साल जनवरी में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। यह आयोजन 20 और 21 जनवरी को प्रस्तावित है। सम्मेलन में पूरे देश के विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति शामिल होंगे।

यूपी विधानसभा मानसून सत्र के बाद सोमवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि पिछले साल यह सम्मेलन पटना में हुआ था। उससे पहले महाराष्ट्र में और अब लखनऊ में होगा। इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश बिड़ला के सम्मेलन में शामिल होने की सहमति मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ने भी अपनी स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि लोकसभा से इस संदर्भ में एक टीम आएगी, जिसमें हम तय करेंगे कि देश भर से कितने डेलीगेट्स आएंगे। डेलीगेट्स में शामिल होने वाले लोगों को पर्यटन के नजरिये से परिचित कराने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि डेलीगेट्स को यूपी का भ्रमण कराया जाएगा। जिसमे अयोध्या, काशी, बौद्ध सर्किट शामिल रहेगा। महाना ने सदन की कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 11 से 14 अगस्त तक विधानसभा की कार्यवाही चली है। उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से विधानसभा तभी होती है जब दोनों पक्ष बराबर भागदारी करें। दोनों पक्षों की बात आये। इस बार 24 घण्टे की विशेष चर्चा ● शेष पेज 11 पर

# यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का समर्थन करता है भारत: मोदी

एजेंसी



- अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक पर पीएम मोदी और पुतिन के फोन पर हुई बातचीत,

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान करता रहा है और वह इस दिशा में किये जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

श्री मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद यह बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फ़ोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी हालिया मुलाक़ात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूँ। प्रधानमंत्री कार्यालय ने भी बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बात की है और उन्हें अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया और इस संबंध में सभी प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति भी व्यक्त की। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15 अगस्त को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की थी। इस बैठक में यूक्रेन में युद्ध विराम को लेकर चर्चा की गई। हालांकि, इसमें रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति नहीं बनी। यह बैठक ऐसे वक्त में हुई थी जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी और अमेरिका के कदम को अन्यायपूर्ण और बेतुका करार दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। अब रूसी राष्ट्रपति और पीएम मोदी ● शेष पेज 11 पर

### शोभायात्रा के रथ में उतरा करंट, छह की मौत

हैदराबाद। राजधानी के रामंतपुर के गोकुलनगर में श्रीकृष्णा जन्माष्टमी के दिन शोभायात्रा के दौरान एक रथ के करंट की चपेट में आने मरने वालों की संख्या छह हो गई है। इस बीच राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। दरअसल, श्रीकृष्णाजन्माष्टमीकेदिन रविवार की रात स्थानीय यादव संगम की ओर से एकशोभायात्रा निकाली गई थी। देर रात 12.30 बजे शोभायात्रा में शामिल रथ को खींचने वाले वाहन के खराब होने के बाद कुछ युवकों ने हाथ से रथ को आगे खींचना शुरू किया। तभी रथ बिजली के तारों की चपेट में आ गया और वाहन में करंट प्रवाहित हो गया, जिसकी चपेट में नौ युवक आ गए। इनमें से पांच लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। आज दिन में इलाज के दौरान अन्य एक घायल ने दम तोड़ दिया। इस प्रकार इस हादसे में अब तक छह लोगों की मौत हो गई है। अन्य घायलों को अस्पताल मेंभर्ती कराया गया है। इसी बीच राज्यमंत्री श्रीधर बाबू ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह ● शेष पेज 11 पर

# भारत, चीन द्विपक्षीय संबंधों में चाहते हैं प्रगति : जयशंकर

एजेंसी



नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और चीन द्विपीक्षीय संबंधों में आये कठिन दौर के बाद अब संबंधों को आगे बढ़ाना चाहते हैं, और इसके लिए दोनों देशों की ओर से स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। श्री जयशंकर भारत की यात्रा पर आये चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ राजधानी में आयोजित बैठक में अपना प्रारंभिक वक्तव्य प्रस्तुत कर रहे थे। अक्टूबर 2024 में कज़ान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद चीन के किसी मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। श्री जयशंकर ने कहा, 'हमारे संबंधों में एक कठिन दौर देखने के बाद, अब हमारे दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच 24वें दौर की इस वार्ता में श्री वांग यी और उनके साथ आये चीनी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'यह अवसर हमें अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने और उन पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करता है। यह वैश्विक स्थिति और आपसी हितों के कुछ मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का भी उपयुक्त समय है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन को आपसी संबंधों में प्रगति के लिए तीन परस्पर मूल्यों - आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित - से निर्देशित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतभेद को विवाद या प्रतिस्पर्धा में नहीं बदलने देना चाहिए।

## विदेशों में नौकरी की चाबी बना यूपी का रोजगार मिशन, जापान, जर्मनी, क्रोएशिया और यूएई में श्रमिकों की भारी मांग

# योगी सरकार के प्रयासों से देश-विदेश में खुल रहे रोजगार के अवसर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- योगी सरकार के मेले ने बदली युवाओं की तकदीर, 10,830 रोजगार मेलों से 13.64 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में मिला काम



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार ऐतिहासिक पहल कर रही है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की योजनाएं जिस दूरदर्शिता से रोजगार सृजन की बहुआयामी रणनीति अपनाई है। रोजगार को लेकर प्रदेश सरकार की नीति अब सिर्फ स्थानीय नौकरियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की शुरुआत की है।

मिशन के मुख्य उदेश्यों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न रोजगार के अवसरों को पता लगाना, स्किलगैप का अध्ययन कर उसको दूर कराना, रोजगार कार्यक्रम संचालित करना, कॅरियर काउन्सिलिंग कराना तथा राज्य के रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों एवं अल्परोजगार युवाओं को पोस्ट प्लेसमेन्ट स्पोर्ट प्रदान करना है जिसमें घरेलू एवं विदेशी प्लेसमेन्ट के जरिए राज्य सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो। विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से युवाओं को प्रोफ़ेशनल रूप से तैयार किया जायेगा तथा बाजार मांग के अनुरूप ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किये जाएंगे।

इस अभियान को और विस्तार देते हुए प्रदेश सरकार ने जापान, जर्मनी, क्रोएशिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से भी नर्सों, केयर गिवर्स, ड्राइवरों और निर्माण श्रमिकों की मांग प्राप्त की है। इसमें लगभग 1.50 लाख रूपये तक का वेतन मिलेगा, साथ ही खाड़ी देशों से भी विभिन्न सेक्टर की रिक्तियों की प्राप्ति सम्भावित है। श्रम विभाग इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है ताकि उत्तर प्रदेश के कुशल श्रमिकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सम्मानजनक और बेहतर वेतनमान वाली नौकरियां मिल सकें। यह पहल युवाओं को विदेश जाने का सुरक्षित और कानूनी विकल्प उपलब्ध कराकर अवैध माध्यमों पर भी रोक लगाने में सहायक है। रोजगार सृजन को लेकर प्रदेश सरकार की दूसरी बड़ी उपलब्धि रोजगार मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाना है। 1 अप्रैल 2017 से लेकर 30 अप्रैल 2025 तक सेवायोजन विभाग की ओर से आयोजित 10,830 रोजगार मेलों के माध्यम से 13,64,501 अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में नौकरियां मिली हैं। ये मेले राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित किए गए, जिनमें सैकड़ों कंपनियों ने हिस्सा लिया और युवाओं को मौके पर ही चयनित कर नौकरी दी। इससे न केवल युवाओं को अवसर मिले बल्कि कंपनियों को भी प्रशिक्षित और कुशल जनशक्ति उपलब्ध हुई। इस मिशन के तहत अब तक 5,978 श्रमिकों को इज़राइल में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। वहीं, 1,383 और निर्माण श्रमिकों को भेजने की प्रक्रिया तेज़ी से प्रगति पर है। इस प्रयास से राज्य में न केवल विदेशी मुद्रा का आगमन बढ़ेगा, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। अनुमान है कि इजराइल भेजे गए श्रमिकों से प्रदेश को लगभग 1,000 करोड़ रुपये का रेमिटेन्स प्राप्त हो सकता है, जो 'वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। योगी सरकार का मानना है कि केवल नौकरी उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं, बल्कि युवाओं को सही दिशा देना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के तहत सेवायोजन विभाग की ओर से अबतक 24,493 करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 26,51,727 युवाओं को करियर मार्गदर्शन मिला। इन कार्यक्रमों ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है, जहां जानकारी की कमी के कारण प्रतिभाएं पीछे छूट जाती थीं। स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने 'सेवामित्र योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत कुशल कामगारों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए एक ● शेष पेज 11 पर

# जिलाधिकारी ने तहसील समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों का रोका वेतन

**तहसील समाधान दिवस हण्डिया में आयोजित हुआ तहसील समाधान दिवस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील हण्डिया में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी।समाधान दिवस से अनुपस्थित रहने पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक-डीआरडीए, उप कृषि निदेशक, सहायक निबंधक-सहकारी समिति, जिला कृषि अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी-डूडा, सहायक निदेशक मत्स्य, जिला विद्यालय निरीक्षक, महाप्रबंधक-जिला उद्योग केंद्र, बाल विकास अधिकारी प्रतापपुर, क्षेत्रीय वन अधिकारी हण्डिया, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी हण्डिया और अधिशासी अभियंता सिंचाई का एक दिन का वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, अनुपस्थित 06 लेखपालों का भी एक दिन का वेतन रोका गया है।समाधान दिवस में कुल 249 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 14 का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग की 115, विकास विभाग की 30, पुलिस विभाग की 45, विद्युत विभाग की 10, जल निगम की 6, नगर पंचायत की 3, आपूर्ति विभाग की 15, वन विभाग की 5 व अन्य विभागों की 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शेष शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए और शिकायतकर्ता से संतोषजनक फीडबैक भी लिया जाए।जिलाधिकारी ने अवैध कब्जों को हटाने, विद्युत बिल संशोधन, चकमार्ग मुक्त कराने व जनहित की समस्याओं पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने चेताया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनिमेष वर्मा, उपजिलाधिकारी हण्डिया, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्रामीण पर्यटन में यूपी के कारिकोट गांव ने पेश की मिसाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले का कारिकोट गांव ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बना चुका है। गांव का चयन इंडियन सब कांटिनेंटल रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (आईसीआरटी) अवार्ड 2025 के लिए किया गया है। कारिकोट गांव को यह सम्मान 13 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। यह जानकारी उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि कारिकोट गांव का चयन आईसीआरटी अवार्ड के लिए होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। भारत-नेपाल सीमा से सटे कारिकोट ने ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में मिसाल पेश की है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की पहल पर ग्रामीणों ने होमस्टे की शुरुआत की। साथ ही सीमा पर्यटन जैसे अभिनव पहल भी किए गए। इन प्रयासों से स्थानीय समुदायों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रोजगार मिला है। गांव की संस्कृति, खान-पान, हस्तशिल्प और लोक कलाओं को भी नई पहचान मिली है। दिल्ली में आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाले बीएलटीएम ट्रेड शो में भारत सहित उपमहाद्वीप की 17 संस्थाओं को रिस्पोंसिबल टूरिज्म सम्मान दिया जाएगा।

# पॉवर कारपोरेशन बढ़ाएगा उपभोक्ता केयर सेन्टर की लाइनें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ आशीष गोयल ने कहा है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण को लेकर कारपोरेशन ने कॉल सेंटर की लाइनों को बढ़ाने का निर्णय लिया है।उपभोक्ता केयर सेन्टर के टोल फ्री नम्बर 1912 पर आसानी से अपनी समस्या दर्ज करा सकेंगे और इसका समयबद्ध निस्तारण हो सकेगा। कारपोरेशन की तरफ से उपभोक्ताओं के लिए यह सुविधा अक्टूबर से उपलब्ध होगी। डॉ गोयल ने बताया कि इसके लिये फोन लाइनों को बढ़ाकर उनकी क्षमता लगभग दूनी की जाएगी। इससे कॉल ड्रॉप में और कमी आयेगी तथा कॉल रिसीव में बढ़ोत्तरी होगी। अभी तक इनकमिंग 350 लाइनें थीं जिसे बढ़ाकर 650 की जायेगी। उन्होंने बताया कि कुल 950 लाइने होंगी। जिनमें 300 लाइने आउटगोइंग रहेंगी लेकिन आवश्यकतानुसार इसे भी घटाया बढ़ाया जा सकेगा।सोमवार को विभागीय समीक्षा के दौरान डॉ गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ता केयर सेन्टर की मॉनीटरिंग के लिये वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम बनायी जाये। जो रेग्यूलर मॉनीटरिंग करे। साथ ही कॉल सेन्टर के कर्मचारियों के प्रशिक्षण की रेगुलर व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के लिये 1912 पर फोन करता है। उसकी कॉल रिसीव हो, कॉल ड्राप न हो यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे 1912 से सम्पर्क में रहें और प्राप्त सूचनाओं पर तुरन्त कार्यवाई सुनिश्चित कराये। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि टोल फ्री नम्बर शीघ्र उठे और उपभोक्ता की समस्या हल होने तक उसके सम्पर्क में रहे। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण के लिये चैटबोट बहुत लोकप्रिय हो रहा है। इस पर सूचना देना आसान है। इंतजार नहीं करना पड़ता है, कॉल ड्राप की संभावना नहीं है। इसी तरह ई-मेल, वेबसाइट आदि के माध्यम भी उपभोक्ताओं में लोकप्रिय हो रहे है।

## फोटोग्राफी यादों के साथ भावनाओं और घटनाओं को भी अभिव्यक्त करती है : मुन्ना सिंह



अमेठी। फोटोग्राफर एसोसिएशन के सहयोग से रविवार को तिलोई में एक फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अमेठी, रायबरेली, सुल्तानपुर एवं अयोध्या जनपद के एक सैकड़ा से अधिक फोटो ग्राफरों ने कैमरे की तकनीकी बारीकीयों को सीखा।कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने किया। प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने लखनऊ स्थित इंदिरागाँधी प्रतिष्ठान मे आगामी उन्नीस बीस व इक्कीस सितम्बर को होने वाले फोटो वीडियो एक्सपो का पोस्टर लांच किया। उन्होंने अपने सम्बोधन मे कहा कि फोटोग्राफी एक कला है जो किसी क्षण को स्थायी रूप से कैद करने का माध्यम है। यह न केवल यादों को संजोती है बल्कि भावनाओं और घटनाओं को भी अभिव्यक्त करती है।फोटोग्राफ़ी कार्यशाला मे निकॉन इंडिया लिमिटेड के प्रशिक्षक पंकज बाजपेई ने सभी को कैमरे की बारीकीयों से अवगत कराया, साथ ही प्री वेडिंग, पोस्ट वेडिंग, सिनेमाटिक व कैंडिड फोटोग्राफी की जानकरी दी। इस मौके पर राजेंद्र वर्मा, संरक्षक सच्चिदानंद मौर्य, अनुज शर्मा,अजय मिश्र, अनिल गुप्ता, राम प्रकाश श्रीवास्तव,प्रमोद श्रीवास्तव, रघुबीर यादव, राम प्रकाश सिंह, प्रमोद वर्मा, गुंजन, आलोक मिश्रा, शुभम यादव, सचिन यादव, बलकरन चौरसिया सहित तमाम फोटोग्राफर मौजूद रहे।

## प्रयागराज में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर 20 व 23 अगस्त को

प्रयागराज। ल्लआयुष आपके द्वारङ्क कार्यक्रम के तहत राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय के सौजन्य से निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण का आयोजन किया जा रहा है।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जगदीश राम ने बताया कि पहला शिविर 20 अगस्त, 2025 को 4 बटालियन पी.ए.सी, धूमनगंज में तथा दूसरा शिविर 23 अगस्त, 2025 को सरस सभागार (विकास भवन) परिसर, प्रयागराज में आयोजित होगा। दोनों शिविर सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे।शिविर में आमजन को स्वास्थ्य जांच, परामर्श और आवश्यक होम्योपैथिक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

## 23 अगस्त को चित्रकूट धाम मंडल बाँदा में होगी मंडलीय औद्यानिक गोष्ठी

प्रयागराज । उद्यान विभाग की ओर से आगामी 23 अगस्त 2025 को चित्रकूट धाम मंडल बाँदा में मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह गोष्ठी पूर्वान्ह 10 बजे से रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, बाँदा के प्रेक्षागृह में आयोजित होगी।जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि इस गोष्ठी में विभागीय अधिकारी, विषय विशेषज्ञ, प्रगतिशील किसान, उद्यमी, निर्यातक एवं कृषि वैज्ञानिक भाग लेंगे। बैठक में एग्रो-क्लाइमेटिक जोनवार उद्यानिक फसलों की बढ़ोत्तरी की रणनीति, मूल्य संवर्धन तकनीक, निर्यात एवं विपणन व्यवस्था पर गहन चर्चा की जाएगी।गोष्ठी के दौरान उच्च तकनीकी ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जनपद के इच्छुक किसान, एफपीओ तथा निर्यातकों को इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम से लाभान्वित होने का आमंत्रण दिया गया है।

## 25 अगस्त से परिषदीय विद्यालयों की परीक्षायें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों की सोमवार से होने वाली परीक्षाओं को बेसिक शिक्षा विभाग ने स्थगित कर दिया है। इसके पीछे बेसिक शिक्षा विभाग का कहना है कि इधर परिषदीय विद्यालयों के विलय के चलते इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ा है। जिसको देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं पूर्व घोषित तिथि में बदलाव करते हुए विभाग ने अब 25 अगस्त से परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया है।बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी आदेश कहा गया है कि बेसिक शिक्षा परिषद आदेश में द्वारा संचालित परिषदीय, मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025-26 में 18 से 23 अगस्त तक प्रथम सत्रीय परीक्षा कराये जाने के दिए गए थे। इसमें संशोधन करते हुए 25 अगस्त से 30 अगस्त तक प्रथम सत्रीय परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा के आयोजन के संबंध में शेष दिशा-निर्देश यथावत रहेंगे। गौरतलब है कि वर्तमान में सरकार का पूरा ध्यान एक किमी की परिधि में आने वाले विद्यालयों का परिविलय पर है। यह मुद्दा हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा के मानसून सत्र में भी उठा था। जिसमे विपक्ष ने सरकार पर बच्चों के शिक्षा का अधिकार छीनने का आरोप लगाया था।

## धूमधाम से निकाली गई रामडोल शोभायात्रा



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज में सातभईया परिवार व कृष्ण भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रामडोल शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। इस शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सात भईया धर्मशाला,जगह-जगह सुंदर झांकियां बनाई गईं। साथ ही,कृष्ण भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया।नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा, धनराज कुमार वर्मा,ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ओम प्रकाश शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता,पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता,जयप्रकाश,भी इस मौके पर मौजूद थे। रामडोल शोभायात्रा के दौरान आस्था और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह आयोजन गोसाईगंज की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रदर्शित करता है।ऐसे आयोजनों से समुदाय में भाईचारे और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। रामडोल शोभायात्रा की तैयारियों में सुरक्षा के भी गोसाईगंज थाना प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी, उमा शंकर चौकी प्रभारी राजकुमार पुलिस टीम के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# यूपी में हिट साबित हो रही है नई फ़ास्ट टैग योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लॉन्च किए गए फ़ास्टटैग वार्षिक पास को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।केवल दो दिनों में लगभग 30 हजार निजी वाहनों ने इस सुविधा को सक्रिय किया और 21 हजार से ज़्यादा टोल क्रॉसिंग दर्ज की गईं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश पश्चिम (लखनऊ ज़ोन) में 18 हजार 136 लेन-देन हुए, जबकि उत्तर प्रदेश पूर्व (वाराणसी ज़ोन) में तीन हजार 106 लेन-देन हुए, जो राज्य के भारी राजमार्ग यातायात और इस योजना की शुरुआती लोकप्रियता को दर्शाता है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पास खरीदने वाले वाहनों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि लेन-देन वास्तविक टोल उपयोग को दर्शाते हैं, जिसका अर्थ है कि कई नए पास धारकों ने अभी तक राजमार्ग यात्रायें नहीं की हैं। एनएचएआई के सदस्य (प्रशासन) और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विशाल चौहान ने बताया, ल्ल राष्ट्रीय स्तर पर, साथ ही उत्तर प्रदेश में भी, नई योजना को सड़क उपयोगकर्ताओं से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है और 16 अगस्त तक पहले दो दिनों में अकेले उत्तर प्रदेश में लगभग 30,000 वार्षिक फ़ास्टटैग सक्रियण हुए हैं।ङ्कअधिकारियों की मानें तो राष्ट्रीय स्तर पर, लॉन्च के दिन ही 1.4 लाख से ज़्यादा उपयोगकर्ताओं ने सदस्यता ली, और 17 अगस्त की दोपहर तक यह आँकड़ा 4 लाख से ज़्यादा एक्टिवेशन का आंकड़ा पार कर गया, जिसके परिणामस्वरूप पूरे भारत में 4.25 लाख से ज़्यादा टोल-फ्री क्रॉसिंग हो गईं।

# नन्हे–मुन्नों की प्रस्तुति और विद्यार्थियों की अद्भुत झलकियों ने बाँधा समां




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सीतापुर रोड स्थित डॉ. एल.पी. लाल कॉलेज में आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पूरी तरह देशभक्ति और तिरंगोत्सव के नाम रही। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने नन्हा मुन्ना राही हूं गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवाशीष श्रीवास्तव ने किया। कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों ने तिरंगा उत्सव के तीन रंगों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पिछले वर्ष के विजेता नेहरू हाउस और उपविजेता टैगोर हाउस को प्रबंधिका प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा विशाल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, नए सत्र 2025-26 में अप्रैल से जुलाई तक 'स्टूडेंट ऑफ़ द मंथ' पुरस्कार से कक्षा 1 के आदित्य जायसवाल, कक्षा 2 की आराध्या मिश्रा, कक्षा 7 के रुद्र प्रताप सिंह और कक्षा 9 के रामेष्ट मिश्रा को सम्मानित किया गया।

# भाजपा के इशारे पर काम करता है चुनाव आयोग: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर काम करता है।उन्होने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आयी तब से चुनाव में शिकायत पर उत्तर प्रदेश में कोई अधिकारी नहीं हटाया गया है। समाजवादी सरकार की सरकार के समय चुनाव के समय कई अधिकारी हटा दिये गये थे। इसका मतलब है कि चुनाव आयोग भाजपा का कहना ज्यादा मानता है। हम चुनाव आयोग से शिकायत करते है तो कोई कार्रवाई नहीं होती है। लगता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम करता है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की छिबरामऊ से विधायक ने अपने बूथ पर 400 फर्जी वोट बनवाए थे। चुनाव आयोग को देखना चाहिए कि भाजपा के लोग अपने बूथों पर ज्यादा वोट क्यों बनवाते हैं।उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी ने आम चुनाव से लेकर उपचुनाव तक कई अधिकारियों की शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 2017 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कितने अधिकारी ट्रांसफर हुए थे। वहीं लोकसभा चुनाव 2019, विधानसभा चुनाव 2022 और लोकसभा चुनाव 2024 में शिकायत पर एक भी अधिकारी का ट्रांसफर नहीं हुए। 2014 लोकसभा चुनाव में तथा 2017 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा चुनाव में जिस अधिकारी की शिकायत कर देती थी उसका ट्रांसफर हो जाता था। भाजपा की सरकार के दौरान चुनाव में विपक्ष शिकायत करता रहा लेकिन अधिकारियों को नहीं हटाया गया। इस सबके लिखित दस्तावेज हैं। श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अभी उपचुनाव में जो देखने को मिला वैसा कभी नहीं हुआ था। उपचुनाव में वोट की सामान्य चोरी नहीं डकैती हुई थी। क्या कोई कल्पना कर सकता है कि पुलिस ही वोट डालेगी। पुलिस ने प्राइवेट ड्रेस में वोट डाला। जिस विधान सभा क्षेत्र में भाजपा 2022 का चुनाव हारी थी, वहां उसे उपचुनाव में 77 फीसदी वोट कैसे मिल गए।उन्होने कहा कि चुनाव आयोग ने हमें नोटिस दिया था। हमने नोटिस के समय के अन्दर अपने कार्यकर्ताओं से सहयोग लेकर कम समय में 18 हजार एफिडेविट बनवाए। 18 हजार एफिडेविट देने के बाद अगर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो चुनाव आयोग पर कौन भरोसा करेगा। समाजवादी पार्टी ने जो एफिडेविट दिए है, हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, तथा सरकार को भी निर्देशित करेगा कि उन पर कार्रवाई करें।

श्री यादव ने कहा कि कुर्सी, शाहगंज, छिबरामऊ, श्रावस्ती, मड़ियाहूं में समाजवादी पार्टी बहुत कम अंतर से चुनाव हारी। वहां के डिलेटेड वोट देखा जाय तो वह ज्यादा था। लोकसभा चुनाव 2019 में जिन लोगों ने वोट डाले थे, 2022 विधानसभा चुनाव में उनके वोट कट गए। अगर वोट बनवाने की एक प्रक्रिया है तो वोट कटवाने की भी प्रक्रिया है। हमारी मांग है कि एक जिलाधिकारी को सस्पेंड कर दिया जाये। पूरे देश में वोट चोरी रूक जायेगी।

# पुलिस मित्र परिवार ने किया 11वां बृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ''एक हाथ तिरंगा, एक हाथ रक्तदान'' के संकल्प के साथ लखनऊ पुलिस मित्र परिवार ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) स्थित ब्लड बैंक में अपना 11वां बृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया।यह आयोजन पुलिस मित्र परिवार के संरक्षक कविंद्र प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त आईपीएस) के संरक्षण एवं संस्थापक जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में, केजीएमयू ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ।शिविर में 150 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 75 रक्तवीरों ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। वहीं, 18 लोग स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान नहीं कर सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह (अध्यक्ष लोक अधिकार मंच सिविल सोसायटी एवं सदस्य कार्य परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय) तथा विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

# समर्थकों की राय पर ही पूजा पाल उठायेंगी अगला कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । समाजवादी पार्टी से निष्कासित चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूजा पाल ने कहा है कि वह फिलहाल भाजपा में शामिल नहीं होंगी और अपने समुदाय के लोगों से चर्चा के बाद अगला राजनीतिक कदम उठाएंगी। उन्होंने हाल ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी । पाल ने कहा कि वह अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी हैं, मुलायम सिंह यादव की नहीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने समाजवादी पार्टी के लिए दरवाज़ा बंद कर दिया है, तो पाल ने कहा, ल्ल उन्होंने खुद ही दरवाज़ा बंद कर लिया है और यह अच्छी बात है। अगर मैं किसी पार्टी में शामिल होती हूँ, तो वह 'विचारधारा' के आधार पर होगी और आपका विचार स्पष्ट होना चाहिए।ङ्क विधायक ने कहा कि जब 2012 से 2017 तक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में थी, तब पार्टी ने माफियाओं को दूर रखा था। पाल ने कहा, ल्ल मैं मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी से नहीं जुड़ी थी। मैं अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी से जुड़ी थी, क्योंकि उन्होंने माफियाओं को दूर रखा था।ङ्कउन्होंने कहा कि पार्टी ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के एनकाउंटर पर सवाल उठाए हैं, जिनकी 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।अपने अगले राजनीतिक कदम के बारे में, तीन बार विधायक रहीं पाल ने कहा कि वह कोई भी फैसला लेने से पहले पाल समुदाय के सदस्यों से बात करेंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भाजपा में शामिल होने की योजना बना रही हैं, तो उन्होंने साफतौर पर कहा कि अभी नहीं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कार्यालय और पाल, दोनों ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी दी।योगी आदित्यनाथ कार्यालय ने हिंदी में एक पोस्ट में कहा, ल्ल कौशाम्बी जिले के चायल विधानसभा क्षेत्र की माननीय विधायक पूजा पाल ने आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

# ब्रजेश पाठक ने अटल जी पर लिखी पुस्तक केशव को की भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके आवास पर मुलाकात कर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी पर लिखी पुस्तक 'अतुलनीय अटल जी' की प्रति भेंट की। इस दौरान दोनों उपमुख्यमंत्रियों के बीच प्रदेश के विकास को लेकर चर्चा हुई।बीते शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा व काव्य समागम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने श्री वाजपेयी पर लिखी पुस्तक 'अतुलनीय अटल' का विमोचन किया था। इस मौके पर योगी ने कहा था ल्ल अटल जी की स्मृतियों को बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।ङ्क उन्होंने कहा था कि सामान्य परिवार में जन्मे अटल जी ने कर्म पर विश्वास करते हुए राजनीति को सेवा का माध्यम बनाकर जीवन के विभिन्न पक्षों को नेतृत्व प्रदान किया था। जिस भी क्षेत्र में अटल जी की दखल हुईं, उसमें उत्कृष्टतम कार्य करते हुए नयापन करके दिखाया। यूपी का सौभाग्य है कि आगरा का बटेश्वर उनकी पैतृक भूमि है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्यं हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा **ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/05/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के उत्तर रेलवे के ON-BQP सेक्शन पर लेवल क्रॉसिंग गेटों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए VHF आधारित वायरलेस संचार प्रणाली का कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹84,90,264.08/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | ₹1,69,900.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04.09.2025 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

•ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। •समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। •मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। •निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराषि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-टेली/टेंडर/05/2025-26 दिनांक: 14.08.2025

2513/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि.–I/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे, चारबाग लखनऊ–226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई–निविदा एकल पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गौरा–सुवंसा और निभापुर–जंघाई खंडों के बीच दोहरीकरण के काम के संबंध में जंघाई जंक्शन एवं गौरा स्टेशन पर इंडोर एवं आउटडोर कार्य के संबंध में मौजूदा एस एंड टी इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (KYOSAN मेक) में संशोधन और परिवर्तन के कार्य के साथ–साथ आसपास के स्टेशनों के साथ ब्लॉक के कार्य |
| 2 | पूरा होने की तिथि | 210 (दो सौ दस) दिन (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु.1,56,71,016.82 (रुपये एक करोड़ छप्पन लाख इकहत्तर हजार सोलह और पैसा बयासी केवल) |
| 4 | निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि | रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है। |
| 5 | ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | 08.09.2025 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई–टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 08.09.2025 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | विस्तृत ई–टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 18.08.2025 से 08.09.2025 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई–टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम–2000 के तहतं CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्याः– 287-सिग/सी.–I/लखनऊ/निविदा/01/25 दिनांक: 18.08.2025

2520/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लकड़ी माफियाओं ने हरियाली को किया चुटकी में नेस्तनाबूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ । अवध वन क्षेत्र दुबग्गा में पुलिस और वन विभाग की सक्रियता को धता बताते हुए लकड़ी माफियाओं ने हरियाली को चुटकी में नेस्तनाबूद कर दिया। काकोरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत भलिया में शंकर शिवालय मंदिर के पास किसान भाईलाल की आम की बाग में लगे लगभग 40 से अधिक दशहरी आम के पेड़ों को ठेकेदारों ने रविवार की रात बेखौफ काट डाला।

सुबह जब ग्रामीणों ने बाग में दर्जनों पेड़ कटे हुए देखे तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी परमिट के रातों-रात हुए इस बड़े पैमाने पर कटान के पीछे पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने बताया कि कटान की सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस ने इसे वन विभाग का मामला बताकर पल्ला झाड़ लिया। जबकि ग्रामीणों का दावा है कि रात में पुलिस मौके पर आई थी और अवैध कटान करने वालों से बातचीत करने के बाद लौट गई।

इलाके में चर्चा है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई पुलिस और वन विभाग की संलिप्तता के बिना संभव नहीं है, क्योंकि क्षेत्र में रातभर गश्त भी होती रहती है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है और लोग कह रहे हैं कि नियम-कानून केवल गरीबों पर लागू होते हैं, जबकि प्रभावशाली लोग बेखौफ अवैध कार्य कर रहे हैं।

इस मामले में इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि बाग के मालिक और ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

वहीं जब इस मामले के संबध मे वन रेंजर सोनम दीक्षित व वन रक्षक मंगतू प्रसाद से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन लोगों ने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 25 और निजी आईटीआई में 30 अगस्त तक होंगे प्रवेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की चतुर्थ चरण प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के अधिशासी निदेशक तथा एससीवीटी के कार्यकारी निदेशक अभिषेक सिंह ने सोमवार को बताया कि तृतीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के बाद शेष रिक्त सीटों को भरने के लिए 15 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इन आवेदनों और पूर्व में पंजीकृत अभ्यर्थियों की ग्रुपवार मेरिट सूची तैयार कर संबंधित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को भेज दी गई है।

उन्होंने बताया कि सभी गैर-चयनित एवं नवीन आवेदनकर्ताओं की सूची उनके लॉगिन पर उपलब्ध करा दी गई है, जिसके आधार पर अभ्यर्थी नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। राजकीय संस्थानों में अभ्यर्थियों को अपने गृह जनपद और अस्थायी पते से संबंधित




जनपद में उपलब्ध सीटों पर प्रवेश का अवसर मिलेगा।

राजकीय संस्थानों के अभ्यर्थी पर जाकर ''चौथे चरण के लिए रैंक'' विकल्प पर क्लिक कर अपनी रैंक देख सकते हैं। यहां पूर्व पंजीकृत एवं नवीन आवेदनकर्ताओं के लिए अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं। पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि दर्ज करने पर रैंक प्रदर्शित होगी, जिसका प्रिंट लेकर अभ्यर्थी 19 से 24 अगस्त तक संबंधित जनपद के नोडल प्रधानाचार्य से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी। इसके बाद उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर नवीन आवेदनकर्ताओं की मेरिट सूची से व्यवसाय आवंटन किया जाएगा। शासनादेश के अनुसार राजकीय संस्थानों में प्रवेश की यह प्रक्रिया 25 अगस्त 2025 तक जनपद स्तर पर गठित समिति की देखरेख में पूरी की जाएगी। आवंटित सूची संस्थानों के सूचना पट पर प्रदर्शित की जाएगी और इसकी जानकारी स्थानीय समाचार पत्रों में भी प्रकाशित होगी। निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश, पंजीकरण, आवेदन अपलोड और सत्यापन की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2025 की मध्यरात्रि तक निर्धारित की गई है।

प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि अभ्यर्थी की ओर से ऑनलाइन आवेदन में दी गई समस्त जानकारी जैसे शैक्षिक योग्यता और जाति प्रमाणपत्र की जांच कर ही प्रवेश अनुमन्य किया जाए। प्रवेशित अभ्यर्थियों का डेटा 26 अगस्त 2025 की मध्यरात्रि तक एससीवीटी पोर्टल पर अपलोड और सत्यापित किया जाना अनिवार्य होगा।

# बहुत ही धूमधाम से मनाया गया जूही सिंह का जन्म उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हरगांव विधानसभा के गुजरा गाँव में समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता, हमारी प्रेरणा स्रोत श्रीमती जूही सिंह का जन्मदिन पूरे उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर हुआ जिसके पश्चात बच्चों को प्रेमपूर्वक मिठाई एवं स्टेशनरी सामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर रिंकी सिंह, राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी महिला सभा, समाजवादी पार्टी की जुझारू नेत्री श्रीमती किरण पासी जी एवं अन्य सम्मानित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। अंत में पूरे गाँव में लड्डू बाँटे गए और गाँव के बुजुर्गों से जूही सिंह जी के स्वस्थ, दीर्घ एवं गौरवशाली जीवन के लिए आशीर्वाद लिया गया।



# चौक मंडल में 13 बिजली चोरों पर दर्ज हुई एफ़आईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के चौक मंडल में बिजली चोरी को रोकने के लिए बिजली विभाग ने व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान में चौक डिवीज़न के मेहताब बाग उपकेंद्र से संबंधित गेंद खाना, हुसैनाबाद क्षेत्रों को लक्षित किया गया। विद्युत विभाग की टीम ने जब सुबह तड़के शुरू किए गए इस अभियान में कटिया डालकर और मीटर बायपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों पर शिकंजा कसा तो 25 कनेक्शनो की चेकिंग के दौरान 13 लोगों को लगभग 24 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते हुए पाया गया। पकड़े गए उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और उनके बिजली कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए हैं। ये छापेमारी लखनऊ सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा गठित टीम द्वारा विजिलेंस टीम के साथ मिलकर की गयी थी। जिसमें अधिशासी अभियंता रमन वासुमित्रा व उपखंड अधिकारी तथा अवर अभियंता व विजिलेंस टीम के अधिकारीगण तथा अन्य विभागीय लोग शामिल थे। अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल बिजली चोरी को रोकना है, बल्कि लोगों को वैध कनेक्शन लेने के लिए जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा हम नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाते रहेंगे। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा।



# आवारा पशुओं से परेशान किसानों ने खुद ही पकड़े मवेशी, पहुंचाया गौ आश्रय केंद्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ । निगोहां के बैरी मगटइया गांव के किसानों का धैर्य उस समय जवाब दे गया जब खेतों में मेहनत से उगी हरी-भरी फसलें आवारा मवेशियों के चरने से बर्बाद होने लगीं। सोमवार को बैरी, मगटइया और चिरानीखेड़ा गांव के दर्जनों किसानों ने मिलकर खुले में घूम रहे मवेशियों को खदेड़ा और काफी मशक्कत के बाद रस्सियों से बांधकर पिकअप गाड़ी में भरकर नजदीकी गौआश्रय केंद्र तक पहुंचाया।किसानों का कहना है कि खुले में घूम रहे पशुओं से फसल बचाना मुश्किल हो गया है। किसान दिन-रात खेतों में चौकसी करते हैं, फिर भी मवेशी फसलों को नुकसान पहुंचा देते हैं। ‍किसी तरह हम अपनी जमीन पर फसल तैयार करते हैं, लेकिन इन आवारा मवेशियों से हरी-भरी फसलें बर्बाद हो जाती हैं। जब गौआश्रय केंद्र में मवेशियों को पकड़ कर पहुंचाया जाता है तो कुछ दिनों बाद उन्हें फिर छोड़ दिया जाता है। नतीजा यह होता है कि फसलें बार-बार उजड़ जाती हैं और किसानों को मायूस होकर घर लौटना पड़ता है,ङ्क किसानों ने बताया।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि गौआश्रय केंद्रों की व्यवस्था मजबूत की जाए और छोड़े गए मवेशियों की नियमित निगरानी हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हालात ऐसे ही रहे तो खेती करना मुश्किल हो जाएगा।

# मंत्री अनिल राजभर ने झण्डी दिखाकर रोजगार रथ किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**26 से 28 अगस्त तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा रोजगार महाकुम्भ**

**प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन बनाया**

लखनऊ। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को विधान सभा, लखनऊ से रोजगार महाकुम्भ 2025 के लिए अभियान का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मंत्री ने झंडी दिखाकर रोजगार रथ को प्रदेश के जनपदों में प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। उन्होंने रोजगार रथ को रवाना कर कहा कि शासन की मंशा है कि हर युवा के हाथों रोजगार उपलब्ध हो। इसी के दृष्टिगत श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा बीसीएस कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ और द इकोनॉमिक टाइम्स ऑफ इंडिया के सहयोग से 26 से 28 अगस्त तक राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रोजगार महाकुम्‍ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार रथ का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को इस महाकुम्भ में प्रतिभाग के लिए प्रेरित करना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 50 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

मंत्री ने अवगत कराया कि सेवायोजन विभाग की ओर से रोजगार संगम पोर्टल विकसित किया गया है, जिसमें भर्ती एजेंसियों, नियोजकों और नौकरी चाहने वालों के लिए पंजीकरण की सुव्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग ने हाल ही में प्रदेश के 5978 निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजा है, जिसकी सराहना न केवल देश में बल्कि अन्य देशों में भी की जा रही है। वर्तमान में जर्मनी, जापान और इजराइल से नर्स तथा केयरगिवर की रिक्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें एक लाख पचास हजार रुपये तक का वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही खाड़ी देशों से भी विभिन्न क्षेत्रों की रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया है।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एम. के. शन्मुगा सुन्दरम्‍ ने बताया कि रोजगार महाकुम्भ उत्तर प्रदेश को रोजगार और कौशल उत्कृष्टता का केंद्र बनाने की ऐतिहासिक पहल है। इस आयोजन में वैश्विक नियोक्ता, उद्योग जगत के नेता, नीति निर्माता और नौकरी चाहने वाले एक ही मंच पर आएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन करना, युवाओं के कौशल विकास को प्रोत्साहन देना और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करना है। रोजगार महाकुम्भ में एक लाख से अधिक युवाओं का पंजीकरण अपेक्षित है और 50 हजार से अधिक नौकरियों के अवसर उपलब्ध होंगे। इनमें 15 हजार से अधिक अंतरराष्ट्रीय रिक्तियां शामिल हैं। जिनमें संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी जैसे देशों में प्लेसमेंट की सम्भावनाएं हैं। इसी प्रकार 35 हजार से अधिक घरेलू अवसर देश की अग्रणी कम्पनियों के माध्यम से विनिर्माण, आईटी, सेवाओं और उभरते उद्योगों में प्रदान किए जाएंगे। एक सौ से अधिक भर्ती साझेदारों के भागीदारी करने की सम्भावना है, जिनमें 20 अंतरराष्ट्रीय भर्तीकर्ता भी होंगे। आयोजन के दौरान 10 हजार से अधिक ऑफर लेटर जारी किए जाएंगे, जिनमें दो हजार से अधिक विदेशी प्लेसमेंट के लिए होंगे। इस अवसर पर एआई प्रशिक्षण मंडप विशेष आकर्षण रहेगा जिसमें उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों के सहयोग से डिजिटल कौशल और एआई-संचालित नौकरी की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। रोजगार एवं कौशल प्रदर्शनी में सरकारी पहलों और भविष्य के कौशल रुझानों को प्रदर्शित किया जाएगा।

# औद्योगिक मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता को उद्यमी मित्रों के कार्यों की प्रगति बताई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। इन्वेस्ट यूपी से राज्य में औद्योगिक विकास को सुदृढ़ करने और निवेश आकर्षित करने के लिए, 'उद्यमी मित्रों' व इन्वेस्ट यूपी द्वारा किए गए पहलों, योजनाबद्ध प्रयासों और सात सूत्रीय एजेंडा से सोमवार को औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ''नंदी'' को अवगत कराया। इन पहलों का उद्देश्य जमीनी स्तर पर समन्वय को सशक्त बनाना, निवेश परियोजनाओं की सघन निगरानी, लक्षित क्षमता-वर्धन और नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से उत्तर प्रदेश को उसके महत्वाकांक्षी विकास एवं निवेश लक्ष्यों की ओर तीव्र गति से अग्रसर करना है।



बैठक के दौरान मंत्री नंदी ने इस बात पर बल दिया कि ‍इन्वेस्ट यूपी और उद्यमी मित्रङ्क यह सुनिश्चित करें कि निवेश उत्तर प्रदेश के हर हिस्से तक पहुंचे और कोई भी ज़िला पीछे न छूटे। उन्होंने सभी उद्यमी मित्रों से आग्रह किया कि वे माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के विज़न को साकार करने हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करें। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्होंने एकल-खिड़की प्रणाली को मज़बूत करने और निवेश मित्र पोर्टल को और अधिक सरल, कुशल और बाधारहित बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ‍ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस केवल प्राथमिकता नहीं है, यह हमारे औद्योगिक परिवर्तन की नींव है। उन्होने कहा कि ‍प्रदेश को एक प्रमुख निवेश गंतव्य बनाने के लिए उद्यमी मित्रों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जाएगा।

ये पहलें 28 अप्रैल, 2025 को मंत्री नंदी की अध्यक्षता में लखनऊ में संपन्न समीक्षा बैठक में दिए गए रणनीतिक दिशा निर्देशों के अंतर्गत शुरू की गई थीं।

जनपद स्तरीय समन्वय और निरीक्षण इन्वेस्ट यूपी की मुख्यालय टीम द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की गई है। अब तक कुल 14 जनपदों का निरीक्षण किया जा चुका है। इन निरीक्षणों के दौरान, स्थानीय औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद, निवेशक स्थलों का भौतिक अवलोकन और जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया गया। इन निरीक्षणों के परिणामस्वरूप विभिन्न लंबित विषयों का प्रभावी ढंग से निराकरण सुनिश्चित हुआ है। शेष 61 जनपदों का निरीक्षण चरणबद्ध रूप से 20 अगस्त 2025 से किया जाएगा।

राज्यव्यापी निवेश समीक्षा इन्वेस्ट यूपी ने 46 दिवसीय व्यापक समीक्षा अभियान के तहत सभी 75 जनपदों में जनपदवार निवेश समीक्षा बैठकें आयोजित कीं, जिनमें 155 अधिकारियों ने भाग लिया। इन समीक्षाओं का मुख्य केंद्र भूमि की उपलब्धता, प्रगतिशील परियोजनाओं का मूल्यांकन, समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की ट्रैकिंग और निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से समस्याओं का निराकरण रहा। इसके अलावा, प्रत्येक ?100 करोड़ से कम के लगभग 180 इन्वेस्टमेंट लीड्स की भी समीक्षा की गई।

क्षमता-वर्धन कार्यक्रम जिला उद्योग केंद्र (जीएम-डीआईसी) के अधिकारियों के लिए, इन्वेस्ट यूपी द्वारा आईआईएम लखनऊ के सहयोग से एक पांच दिवसीय आवासीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) की परिकल्पना की गई है। यह कार्यक्रम नेतृत्व, रणनीतिक योजना, वित्तीय दक्षता, संप्रेषण कौशल, परियोजना क्रियान्वयन और प्रौद्योगिकी तत्परता जैसे छह मॉड्यूल पर आधारित है।

# नाली साफ कराने कहना युवक को पड़ा महंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**❐ प्रधानपति व बेटों ने घर में घुसकर की पिटाई**

निगोहां ,लखनऊ । थाना क्षेत्र के परसपुर ठट्टा गांव में सोमवार को नाली सफाई कराने की बात कहना एक युवक को भारी पड़ गया। युवक की शिकायत पर नाराज प्रधानपति अपने सहयोगी और बेटों के साथ उसके घर पहुंच गए और कहासुनी के बाद युवक की पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और दो आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।गांव निवासी मनोज ने बताया कि उसके गांव की नालियां महीनों से साफ नहीं की गई हैं। नालियों के जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस समस्या को लेकर उसने सोमवार सुबह ग्राम प्रधानपति मातादीन को फोन कर नाली की सफाई कराने की मांग की। इस पर मातादीन ने मनोज से कहा कि ‍हम क्यों कहें, तुम खुद सफाईकर्मी से कहकर नाली साफ करवा लो। मनोज ने इस जवाब पर फोन काट दिया।कुछ देर बाद ही प्रधानपति मातादीन, गांव के ही रामविलास और उनके दो बेटे मनोज के घर पहुंच गए। वहां दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। मनोज का आरोप है कि प्रधानपति और उनके साथियों ने उस पर थप्पड़ों की बरसात कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां सोमती को भी नहीं बख्शा गया और उनकी भी पिटाई कर दी गई।इस घटना का वीडियो किसी ग्रामीण ने मोबाइल से बना लिया, जो कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद एसीपी रजनीश वर्मा ने मामले का संज्ञान लिया और निगोहां पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थानाध्यक्ष अनुज तिवारी ने बताया कि मारपीट करने वाले दो आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

## शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर खीरी । संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पलिया के सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और मृदा कार्ड सौंपे। जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।



उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस समाधान दिवस में कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 28, पुलिस विभाग की 11, विद्युत विभाग की चार, विकास विभाग की 03, नगर निकाय और आपूर्ति की 02-02, अन्य की 03 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान डीडी दुधवा, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, सीओ यादवेंद्र यादव, पीडी एसएन चौरसिया, तहसीलदार ज्योति वर्मा सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**समाधान दिवस पर मुस्कुराए चेहरे : किसानों को मृदा कार्ड, थारू जनजाति को मिला आवास का तोहफ़ा**

तहसील पलिया में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को खास बन गया, जब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने मंच से किसानों व ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ बांटा। कृषक मुकेश, भगवानदीन, विनोद कुमार, शिवकुमार और रामबहादुर को मृदा स्वास्थ्य कार्ड थमाए गए तो दूसरी ओर मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जीरो पॉवर्टी में चयनित थारू जनजाति के श्रीकेशन, मुरादा, अनीफूल, चांदनी और उग्गो देवी को प्रमाणपत्र देकर उनके चेहरे खिलाए गए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का सीधा लाभ पात्रों तक पहुंचे और ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

# बेरोजगार युवाओं ने खोली पकौड़े की दुकान, हुआ भव्य उद्घाटन

**करीब आधा दर्जन बेरोजगार युवकों ने मिल खोली समोसे पकौड़े की दुकान**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सकरन /सीतापुर । बेरोजगारी से जूझ रहे करीब आधा दर्जन युवाओं ने थक हार आखिरकार संयुक्त रूप से खोल दी पकौड़े की दुकान, मामला क्षेत्र के सेमरा खुर्द बाजार में हुए श्याम रेस्टोरेंट एंड स्वीट्स नामक दुकान के भव्य उद्घाटन से एकबार सरकार की मंशा को साफ जाहिर करते हुए शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध न करवा पाने से सम्बंधित है जिसके संचालक डी फार्मा, बी टी सी, बी एड, एम बी ए जैसे प्रोफ़ेशनल डिग्री धारक हैं जोकि क्षेत्र में कौतूहल का विषय बन चुका है जिसे देखकर कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो अभिभावकों ने अपने पाल्यों के अंधकारमय भविष्य की चिंता को लेकर सरकार की नीति पर अफ़सोस जाहिर किया। उपस्थित एक युवक ने बताया की हम अपनी कमाई का 50फीसदी हिस्सा बच्चों की शिक्षा पर खर्च कर रहे हैं यदि वो भी भविष्य में पकौड़े तलने को मजबूर होंगे तो ये भारत के भविष्य के लिए किसी श्राप से कम नहीं कहा जाएगा। संचालक सतीश, श्रवण ने बताया कि जब सरकार हमें रोजगार देने में विफल रही है तो पेट पालने के लिए कुछ तो करना ही होगा हम उम्मीद करते हैं कि हम अपने ग्राहकों को शुद्ध व गुणवत्ता पूर्ण स्वादिष्ट सस्ता भोज्य पदार्थ उपलब्ध करवाएंगे। इस अवसर पर राममिलन यादव, सरोज यादव, अनिल वर्मा, अनुज सिंह, रामबहादुर सिंह, वेदनाथ सिंह, रेशू भार्गव, लवकुश राज, विद्यासागर, नितेश वर्मा,वाजिद, साकिर, रोहित यादव,अमित गुप्ता सहित सैकड़ो क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।




# उच्च प्राथमिक विद्यालय लखाही में शिक्षा से बड़ा संकट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर-धौरहरा , उत्तर प्रदेश ब्लॉक रमियाबेहड़ के अंतर्गत आने वाले गांव लखाही के उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक गंभीर लापरवाही का मामला सामनेवाले आया है, जिससे बच्चों के भविष्य और देशभक्ति की भावना दोनों पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विद्यालय का निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे है, लेकिन शिक्षक अक्सर 8:00 से 9:00 बजे के बीच विद्यालय पहुंचते हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि बीते एक वर्ष से विद्यालय में प्रार्थना सभा और राष्ट्रीय गान नहीं कराया जा रहा है। गांव के कुछ सम्मानित व्यक्तियों ने जब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्कूल का दौरा किया, तो सारी जानकारी सही पाई गई। बच्चों से बातचीत करने पर यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि उन्हें राष्ट्रीय गान और सुबह की प्रार्थना तक याद नहीं है। यह स्थिति न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था की गिरावट को दर्शाती




है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करती है कि जब स्कूलों में ही बच्चों को अनुशासन और देशप्रेम की शिक्षा नहीं दी जा रही, तो आने वाली पीढ़ी किस दिशा में जाएगी? ग्रामवासियों का कहना है कि यह कोई साधारण लापरवाही नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में एक संगठित स्कैम जैसा प्रतीत होता है। अराजक तत्वों और कुछ लापरवाह शिक्षकों की मिलीभगत से बच्चों को उनकी सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की गहराई से जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में हमारे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी मिल सकें। यह केवल एक गांव का मामला नहीं, बल्कि पूरे राज्य और देश की शिक्षा के प्रति गलत संदेश जाएगा

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सीतापुर ने की सदस्यता अभियान की शुरुआत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मछरेहटा /सीतापुर । राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के द्वारा 18 अगस्त से सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। सीतापुर में सदस्यता की शुरुआत महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता के निर्देशन में की गई है। जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि सदस्यता अभियान में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सीतापुर सभी ब्लॉकों के शिक्षकों को संगठन से जोड़ने के लिए प्रयास करेगा और अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाए जाएंगे। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री राजेश सिंह, संयुक्त महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव, मनोज गौड़, प्रेम चंद, सियाराम वर्मा, जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला, संतोष सिंह, ज्योति गुप्ता, पुनीत वर्मा जिला संयुक्त मंत्री राजेश कुमार राजू, सनोज कुमार, अमित गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी गौरव सिंह, अरुण मौर्या, कार्यालय प्रमुख नीरज गौतम, लेखा परीक्षक आशीष सिंह चंदेल तथा आमंत्रित सदस्य रविंद्र कुमार, रणधीर बर्मन, विजय गुप्ता, अरविंद माली, प्रवीण तिवारी, अजय प्रताप सिंह, सुनील कटारिया, शैलेन्द्र सिंह, कीर्त कुमार, हीरेंद्र प्रजापति, मनोज कनौजिया, अंकुर, नीरज गुप्ता, उमेश चंद्र, दिलीप यादव, जयप्रकाश, बीना पटेल, मनीष यादव, ज्योति, शादाब अंसारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया ।




## आजाद अधिकार सेना सीतापुर संगठन द्वारा 20% पेट्रोल में एथेनाल मिलायें जाने के विरोध में ज्ञापन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एकत्र होकर देश में पेट्रोल के साथ एथेनॉल को मिलाकर बेचे जाने से संबंधित तमाम बिंदुओं पर राष्ट्रपति के नाम प्रत्यावेदन सौंपा. प्रत्यावेदन में कहा गया कि भारत सरकार द्वारा 20% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के निर्णय से तमाम गंभीर सवाल सामने आए हैं. देश की अधिकतर गाड़ियां अभी 10% से अधिक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को खपाने की क्षमता नहीं रखती हैं. अतः 20% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से पर्यावरण, माइलेज और वाहन, तीनों को नुकसान होने की पूरी संभावना है । जहां अन्य देशों में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल शुद्ध पेट्रोल से सस्ता है लेकिन भारत में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का दाम शुद्ध पेट्रोल के बराबर रखा गया है, जो अनुचित है । भारत में उपभोक्ता को यह विकल्प भी नहीं दिया गया है कि वे कितना प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल खरीदेंगे और सबों को अनिवार्य रूप से 20% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल लेना है, जो गलत है । आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति से इस संबंध में उच्चस्तरीय तकनीकी विशेषज्ञों की समिति बनाकर निष्पक्ष जांच कराते हुए उसकी संस्तुति के आधार पर ही एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के बेचे जाने पर निर्णय लिए जाने की मांग की है । विरोध प्रदर्शन के दौरान शिव प्रकाश सिंह, लक्ष्मी कांत बाजपेई रजत भोलानाथ तिवारी आदित्य सिंह राज कुमार श्रीवास्तव सुशील कुमार मिश्रा रजत शुक्ला आदि लोग प्रदर्शन के समय उपस्थित रहे ।

## ड्रोन उड़ते देखे जाने की अफवाह से दहशत का माहौल

सिंगाही खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुई ड्रोन उड़ने की अफवाह धीरे धीरे तराई अंचल तक पहुंच गई है। बीते दो दिन से ड्रोन उड़ने की अफवाहों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। पुलिस ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। करीब एक महीने पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश के करीब एक दर्जन जिलों में ड्रोन उड़ाकर चोरी किए जाने की अफवाहों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी थी। पुलिस ने वहां पर धीरे धीरे स्थित को संभाल लिया। अब यह अफवाह खीरी जनपद के तराई अंचल तक पहुंच चुकी है। बीती 16 और 17 अगस्त की रात को कस्बे के वार्ड नंबर चार और आठ में ड्रोन उड़ते देखे जाने की अफवाह से कस्बे के लोग रात भर जागते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई भी ड्रोन नजर नहीं आया। इसके बावजूद पूरे थाना क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इसके संबंध में सिंगाही एसओ अजीत कुमार ने बताया सभी लोग सतर्क रहें ड्रोन या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना पुलिस को दें। साथ में यह भी कहा कि अगर कोई बगैर अनुमति ड्रोन उड़ाता पाया गया तो उसके खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया जाएगा।

## ठेकेदार से पैसा लेकर चोरी से भाग निकले मजदूर

संसारपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ईट भट्टे पर काम करवाने को लेकर ठेकेदार ने मजदूरों को पैसा दिया तदोपरांत उनको भट्टे पर काम करवाने के लिए ले गया जहाँ से कुछ मजदूर पैसो की बिना भरपाई किये ही चोरी से भाग निकले और ठेकेदार को पैसा मांगने पर धमकियां देने पर उतारू हो गये। जनपद के ब्लॉक बांकेगंज के दूलीपुर निवासी ठेकेदार अमित पुत्र लक्ष्मण लगभग एक वर्ष पूर्व अपने ही गांव के मजदूरों को ईट भट्टे पर काम करवाने के लिए गोंडा लेकर गया था। ईट भट्टे पर काम करने के लिए ठेकेदार अमित ने सभी मजदूरों को एडवांस मे काम पर ले जाने से पूर्व धनराशि भी दे दी थी। भट्टे पर कुछ मजदूर तो काम करते रहे किन्तु गांव के ही कुछ मजदूर चोरी से रात मे बिना पैसों की भरपाई किये भट्टे से भाग निकले,जिनके पैसों की भरपाई ठेकेदार को अपने पास से फर्म को करनी पड़ी और ठेकेदार को काफी आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ा। ठेकेदार अमित ने बताया कि उसके ही गांव के बलराम पुत्र श्यामकर ने 18715 रुपये लिए,मनोज पुत्र सुमेर ने 12668 रुपये, राकेश पुत्र राजकुमार ने 32770 रुपये, प्रमोद पुत्र ओमप्रकाश ने 29640 रुपये लिए विनोद पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने 22784 रुपये, पुनीत पुत्र बैजू ने 19647 रुपये लिए और अमन पुत्र सुरेश ने 33075 रुपये लिए थे, जोकि यह मजदूर पैसों की बिना भरपाई किये रात के समय चोरी से भट्टे से भाग निकले,जिसकी भरपाई ठेकेदार को अपने पास से करनी पड़ी। जब प्रार्थी ने उक्त मजदूरों से पैसों की मांग की तो वह ठेकेदार को डराने और धमकाने लगे जिससे पीड़ित ठेकेदार काफी डरा और सहमा हुआ है।उक्त मजदूरों के खिलाफ जब प्रार्थी ने लगभग एक वर्ष पूर्व संसारपुर चौकी मे प्रार्थना पत्र दिया तो उस पर कोई कार्यवाही नही की गयी,जिसके उपरांत प्रार्थी ने थाना मैलानी मे प्रार्थना पत्र दिया तो ठेकेदार से काम का एस्टीमेट मंगाया गया किन्तु उसके उपरांत भी कोई कार्यवाही नही की गयी। पीड़ित ठेकेदार ने परेशान होकर एक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी गोला को दिया और न्याय मांगा तो उन्होंने थाना मैलानी को प्रार्थना पत्र अग्रेषित कर कार्यवाही के लिए बोला गया किन्तु उसके उपरांत भी पीड़ित को न्याय नही मिल पाया और सिर्फ खानापुर्ति कर दी गयी,जबकि पीड़ित ठेकेदार अमित के पास उक्त मजदूरों को पैसे देते हुए फोटो साक्ष्य भी मौजूद है ।

# उपनिरीक्षक श्रीकांत पांडेय को राष्ट्रपति सराहनीय सेवा के पदक से किया गया सम्मानित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। सीतापुर के ब्लॉक खैराबाद के नेवादा गांव निवासी उपनिरीक्षक श्रीकांत पांडेय (तैनाती राज्यपाल सुरक्षा शाखा को ) राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा के पदक से सम्मानित किया जायेगा । आप बता दें कि श्रीकांत पांडे के पिता स्वर्गीय उपेंद्रनाथ पांडे जनपद सीतापुर लखीमपुर लखनऊ आदि जनपदों में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के पद पर सेवा दे चुके है। श्रीकांत पांडे की पहली पोस्टिंग 1986 में जनपद बिजनौर उन्नाव लखनऊ रायबरेली लखनऊ में रही है इस समय श्रीकांत पांडे के द्वारा लखनऊ सुरक्षा शाखा में उप निरीक्षक के पद पर सेवाएं दी जा रही हैं श्रीकांत पांडे 2017 से राजपाल सुरक्षा शाखा पर सेवाएं दे रहे हैं और राष्ट्रपति की सुरक्षा में सेवाएं प्रदान कर रहे है। श्रीकांत पांडे को राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा के पदक से सम्मानित करने की जेसै ही सूचना आई परिवार सहित क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई इस जाहिर करने वालों ने लक्ष्मीकांत पांडे, कृष्णकांत पांडे, रविकांत पांडे, नागेश्वर कुमार शुक्ला,थानेश्वर कुमार, ललित कुमार,आंन्नद पांडे, प्रियांशुपांडे, धीरज कुमार शुक्ला, अजितेश कुमार शुक्ला आदि लोगो ने खुशी की जाहिर की । और कहा है कि यह तो सीतापुर के लिए गौरव की बात है।

# रकेहटी बाजार में हुई चुनावी समीक्षा बैठक, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी।द्व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में रकेहटी बाजार में सोमवार को चुनावी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इसी दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी जगत नारायण गुप्ता को सौंपी गई, जबकि संदीप गुप्ता महामंत्री और प्रदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गए। प्रदेश नेतृत्व ने भी कई महत्वपूर्ण पदों पर मनोनयन किए। निघासन विधानसभा अध्यक्ष पद पर संतोष गुप्ता, जिला संगठन मंत्री पद पर हरीश पांडे और मंत्री पद पर कमाल अहमद मुन्ना का चयन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, ल्लव्यापारी पसीना बहाएगा तो हम उसके लिए खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री एवं जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा, मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गोयल, जिला महामंत्री अशोक गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री अजय अग्रवाल सहित छैलबिहारी पांडे, रमेशचंद्र तिवारी, अजय गुप्ता, देवेंद्र कुमार पांडे, रामबिलास गुप्ता, राममनोहर गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, राजाराम गुप्ता और लक्ष्मीचंद गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में व्यापारी शामिल हुए।

# फिर एक बार बना राहत का केंद्र ओम फर्टिलाइजर्स

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निघासन खीरी। फिर एक बार बना राहत का केंद्र ओम फर्टिलाइजर्स जहां एक तरफ खाद की किल्लत को लेकर पूरे इलाके में किसान जूझ रहा है कई जगहों पर उन्हें घंटों लाइन में लगने व इधर-उधर भटकने को मजबूर है। इसी समस्या को लेकर ओम फर्टिलाइजर किसानों को खाद देकर किसानों को डूबते हुए तिनके के समान मिशाल पेश की है। वहीं भीड को देखते हुए निघसान कोतवाली की पुलिस, प्रशासन की देख रेख, में बटी यूरिया किसानों को यूरिया 266.50 रुपए में बांटा गया, जिससे, किसानों को खुशी है, बिना टैगिंग के यूरिया उपलब्ध हे सिंगाही रोड़ ओम फर्टिलाइजर सेंटर सिंगाही रोड़ निघासन किसानों के लिए एक बार फिर राहत का केंद्र बन गया दुकान संचालक धीरज मिश्रा ने बताया हमारे यहां नियमा नुसार यूरिया खाद का वितरण निर्धारित किया गया है।मूल्य 266.50 पर किया जा रहा है। हमारी निरंतर बराबर गाड़ी आती रहेगी। और आगे भी आती रहेगी यहाँ जानकारी केंद्र




ओम फर्टिलाइजर्स के मालिक धीरज मिश्रा ने दी। इसी प्रकार पुलिस प्रशासन का सहयोग मिलेगा और आगे भी मिलता रहेगा पुलिस का सहयोग तो किसानों को कोई दिक्कत नहीं होगी। निघासन निवासी पिंकी देवी ने बताया कि यहां खाद बीच-बीच में मिलती रही है और किसानों को सहूलियत हो रही है किसी तरह का दबाव नहीं है प्रीतम पुरवा निवासी मुंनी देवी ने बताया ओम फर्टिलाइजर स्टोर पर भीड़ के कारण समय जरूर लगा लेकिन उचित रेट में युरिया मिल गई। और नहीं कोई अन्य सामग्री का दबाव बनाया गया। प्रीतम पुतवा निवासी सीम देवी ने बताया कि एक आधार पर एक बोरी ओम फर्टिलाइजर में उचित रेट में बराबर मिल रही है। झंडी निवासी सतीश लोधी ने बताया एक आधार पर एक बोरी खाद मिलती है किसानों ने बताया कि उन्होंने एक आधार कार्ड के हिसाब से उचित रेट में खाद मिल गई। सिस्टम से जो भी समय से आया सभी को खाद मिल गई। निघासन निवासी पिंकी देवी ने कहा कि भीड़ जरूर थी, लेकिन उचित मूल्य पर खाद मिल गई। पंकज अवस्थी ने बताया कि ''कम से कम एक बोरी तो मिल रही है, पहले तो लोग दूर-दूर तक भटक रहे थे और फिर भी खाद नहीं मिलती थी। अशरफ अली ने बताया कि ओम फर्टिलाइजर सेंटर से पूरे क्षेत्र के किसानों को राहत मिल रही है। यहां के प्रबंधन की वजह से लोगों को भटकना नहीं पड़ रहा है।

# आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के नेतृत्व में निकाली गई भव्य दिव्यांग तिरंगा यात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। खैराबाद सीतापुर थाना क्षेत्र ग्राम सभा विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय पर बड़े हर्षोल्लास के साथ 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । कार्यालय के प्रांगण में मां शारदे व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। दिव्यांग तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया यात्रा को पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बब्लू व थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा सीतापुर बहराइच मार्ग से थाना खैराबाद होते हुए पुरानी बाजार, नगर पालिका परिषद खैराबाद से लाला हरिप्रसाद स्मारक पर माल्यार्पण कर पुनः डीजे कॉलेज चौराहे पर स्मारक अल्लामा फैजल हक पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पुनः दिव्यांग तिरंगा यात्रा पुरानी बाजार , नगर पालिका परिषद खैराबाद, होते हुए आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय पर समापन हुई । अनाथ बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित की गई । इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह, प्रबंधक सचिव बिन्दू मौर्या, कोषाध्यक्ष विजय पाल, गुड्डू, हरिलाल, कासिम , राजेंद्र, इसहाक अंसारी, प्रीति, कालिंद्री, मानसी, सैकड़ो दिव्यांग के साथ वरिष्ठजन सहित सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल तैनात रहा। दिव्यांग तिरंगा यात्रा सकुशल संपन्न हुई।



# अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। किसी भी देश के विकास एवं समृद्धि के लिए उद्योगो का होना जरूरी होता है। देश के विकास में औद्योगीकरण का विशेष योगदान होता है। केन्द्र सरकार के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने औद्योगीकरण के विकास पर बल देते हुए देश में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और उद्योगो की स्थापना के लिए उद्यमियों को कई रियायते दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल निर्देशन में प्रदेश में उद्योगो की स्थापना के लिए उद्यमियों को समस्त आवश्यक सुविधाये दी जा रही है। उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षण, औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है तथा उत्तर प्रदेश भारत में सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। देश में सबसे तेजी से बढ़ती हुई राज्य अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा अवस्थापना सुविधाओं का त्वरित विकास किया गया है, निवेशोन्मुख नीतियां घोषित की गई है तथा कारोबारी माहौल में अभूतपूर्व सुधार किया गया है. जिससे प्रदेश की छवि आर्थिक रूप से पिछडे राज्य से परिवर्तित होकर एक प्रगतिशील राज्य के रूप में स्थापित हुई है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था तथा विद्युत आपूर्ति में अभूतपूर्व सुधार, सक्रिय नीतिगत निरूपण एवं इन्वेस्ट यूपी में निवेश सारथी, निवेश मित्र तथा ऑनलाइन प्रोत्साहन-लाभ प्रबंधन प्रणाली (ओआईएमएस) जैसी डिजिटल सुविधाओं से निवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है. जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है तथा राज्य में व्यापार करने के लिए अनुकूल वातावरण सृजित हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को एक मुख्य निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने के अपने मिशन को कार्यान्वित करने हेतु प्रतिबद्ध है। यह भी उल्लेखनीय है कि सुचारू नीति कार्यान्वयन, व्यापार को आसान बनाने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा निवेश आकर्षित करने के लिए सतत विकास के कार्य के प्रति कटिबद्धता से प्रदेश के समस्त अंचलों में संतुलित निवेश का समग्र प्रवाह एवं नागरिकों के

**प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल निर्देशन में प्रदेश में उद्योगो की स्थापना के लिए उद्यमियों को समस्त आवश्यक सुविधाये दी जा रही है**

जीवन उन्नयन के लिए दीर्घकालिक मूल्यों एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया है। विश्व-स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। राज्य में विकसित हो रही वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी से राज्य के उ द्योगों एवं मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को अपना माल भारत एवं विदेशों के बाजारों में भेजने के लिए परिवहन के विभिन्न साधनों के बीच निर्बाध रूप से स्विच करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। भारत के जलमार्ग परिवहन के बुनियादी ढांचे के एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में उत्तर प्रदेश देश की प्रथम अंतर्देशीय जलमार्ग परियोजना का उद्घाटन करने वाला अग्रणी राज्य बन गया है, जो ऐतिहासिक गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली से संबंधित है। राष्ट्रीय जलमार्ग-1 के रूप में नामित यह परियोजना प्रयागराज से हल्दिया तक विस्तारित है तथा इसमें उत्तर भारत के लिए एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स सुविधा के रूप में उभरने की क्षमता है, जो कोलकाता बंदरगाह तक माल के परिवहन हेतु एक सुलभ मार्ग प्रदान करता है। यह अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन की अपार क्षमता का दोहन करने, कनेक्टिविटी को सुदृढ करने तथा संपूर्ण क्षेत्र में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी परियोजना है। राज्य में 26 प्रतिशत महत्वपूर्ण जलग्रहण क्षेत्र को आच्छादित करते हुए, राष्ट्रीय जलमार्ग-1 प्रमुख निर्यात केंद्रों को वाराणसी और प्रयागराज होते हुए हल्दिया बंदरगाह से जोडता है।वाराणसी में भारत के प्रथम मल्टी-मोडल टर्मिनल के उद्घाटन से कनेक्टिविटी एवं व्यापार दक्षता में और वृद्धि होगी। राज्य में राष्ट्रीय जलमार्ग-1 के अन्य टर्मिनलों में वाराणसी में अस्सी घाट तथा राजघाट सम्मिलित है, जो अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन को सुविधाजनक बनाने में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हैं। उत्तर प्रदेश में कुल 425 किलोमीटर के साथ अंतर्देशीय जलमार्ग अवस्थापना सुविधा से लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन तथा इस क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति मिलेगी।क्षेत्रीय परिवहन तथा राज्य के प्रत्येक क्षेत्र तक सुगम आवागमन के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में हो रहे अनेक अत्यधिक आधुनिक एक्सप्रेसवेज़ के निर्माण व विकास से राज्य की सड़क परिवहन व्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहे हैं। यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे एवं ईस्टर्न पेरिफ़ेरल एक्सप्रेसवे के संचालन से यातायात के समय में भारी कमी आई है, साथ ही जिन क्षेत्रों से यह एक्सप्रेसवेज गुजरते हैं वहां पर व्यापार के अवसरों में वृद्धि हुई है।

## डीएम ने गौ आश्रय स्थल में की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल ( बहजोई ) । विकासखण्ड बहजोई के ग्राम घासीपुर के गौ आश्रय स्थल में जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में गौशालाओं से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने पूर्व गौशालाओं से संबंधित दिए गये निर्देशों के विषय में जानकारी प्राप्त की। गौ आश्रय स्थल के मुख्य द्वार तथा चाहरदिवारी के पास वृक्षारोपण तथा गौ परिक्रमा पथ तथा गोदान एवं शेड को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौ आश्रय स्थल में अव्यवस्था को लेकर ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में प्रस्ताव पारित करवाएं कि अगर कोई किसान गौ वंश छोड़ता है उस पर अर्थ दण्ड लगे। जिलाधिकारी ने ग्राम सचिवों से गौशालाओं की स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा बैठक में अनुपस्थित रहने वाले ग्राम पंचायत सचिवों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश



दिए तथा जो ग्राम प्रधान बैठक में अनुपस्थित रहे उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने घासीपुर गौ आश्रय स्थल के केयर टेकर सहित पूरी टीम को हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गौशालाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चारे की स्थिति के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा नगरीय क्षेत्र की गौशालाओं के विषय में बताया तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नर एवं मादा गौ वंशो की जानकारी से अवगत कराएं। गौशालाओं में लेखपालों को जुड़ने को लेकर भी निर्देशित किया। चारा बुबाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष श्री रामकृष्ण गोस्वामी जी द्वारा गौशालाओं के प्रबंधन में भगवतगीता की क्या भूमिका हो सकती है उस के विषय में बताया तथा आत्मा एवं परमात्मा के विषय में जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि सभी लोग निष्ठा के साथ कार्य कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गाय अमृत प्रदान करने वाला जीव है। स्वामी कृष्णानंद झा ने भी बताया कि धर्म का अर्थ न्याय होता है। उन्होंने बताया कि गीता के संदेश से कुछ संस्थाओं में ग्रोथ देखने को मिला। जिलाधिकारी ने एक रोटी गाय को अभियान चलाने को लेकर भी संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के संस्थापक श्री रामकृष्ण गोस्वामी, स्वामी कृष्णानंद झा तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष,उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द समेत अन्य अधिकारी मौजदू रहे।

## न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंदौसी। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.09.2025 के सफलता पूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार आज 18 जुलाई 2025 को समय 4.30 बजे जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग नरायन सिंह के विश्राम कक्ष में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी एवं शासन के अन्य अधिकारीगण के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में विवादों को जल्दी, किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के



संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/ अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी श्री अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चन्दौसी श्री आदित्य सिंह, ए.डी.एम. संभल श्री प्रदीप वर्मा, ए.एस.पी. संभल श्री राजेश श्रीवास्तव, इंस्पेक्टर सम्मन सेल श्री नरेशपाल सिंह आदि उपस्थित रहें। यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी श्री अवधेश कुमार सिंह द्वारा दी गई।

## खरीफ के मौसम में यूरिया की किल्लत, सहकारी समितियों पर खाद को लेकर मारामारी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गुन्नौर। खरीफ की फसल के बीच यूरिया खाद की भारी किल्लत किसानों की चिंता बढ़ा रही है। गुन्नौर कस्बे में स्थित सहकारी समिति पर खाद वितरण के समय सोमवार को हालात बिगड़ गए। सुबह से ही किसान कतारों में खड़े थे, लेकिन यूरिया खाद की बोरियां आते ही भीड़ ने अफरातफरी मचा दी।कुछ ही मिनटों में खाद की सैकड़ों बोरियां खत्म हो गईं, जिससे कई किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर हो गए। खाद के कट्टों से वंचित रह गए किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान मौके पर पहुंचे और किसानों को समझा बुझाकर शांत किया। किसानों का कहना है कि इस समय फसल के लिए खाद की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन समितियों पर पर्याप्त आपूर्ति न होने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद की उपलब्धता जल्द से जल्द सुनिश्चित कराई जाए, ताकि खरीफ की फसल प्रभावित न हो।

## महर्षि विद्या मंदिर में अलंकरण समारोह का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बदायूं में आज छात्रों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करते हुए 'अलंकरण समारोह' का आयोजन किया गया। जिसके तहत विद्यार्थियों को विभिन्न पदों के लिए चुना गया। सभी को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई। छात्र वर्ग में कक्षा 10 के रामप्रवेश को कप्तान तथा छात्रा वर्ग में कक्षा 11 की अनन्या सक्सेना को कप्तान चुना गया तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के कप्तान के रूप में छात्र वर्ग में कक्षा 10 के प्रभात कुमार को कप्तान एवं छात्रा वर्ग में कक्षा 11 की आस्था को चुना गया। अनुशासन गतिविधियों में छात्र वर्ग में कक्षा 11 के अभिराज सिंह को कप्तान तथा छात्रा वर्ग में कक्षा 11 की मुस्कान को चुना गया। खेल गतिविधियों में छात्र वर्ग में कक्षा 12 के राजन यादव को कप्तान तथा छात्रा वर्ग में कक्षा 9 की निधि यादव को चुना गया। इसके अतिरिक्त सभी विभागों में छात्र एवं छात्रा वर्ग में उपकप्तान का भी चुनाव



किया गया। साथ ही विद्यालय के चारों सदन नारायण सदन, व्यास सदन, पाराशर सदन एवं वशिष्ठ सदन के छात्र-छात्राओं के मध्य कप्तान एवं उपकप्तान का चुनाव भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य के. के वर्मा जी ने सभी नव निर्वाचित छात्र-छात्राओं को पद पर गरिमा की शपथ दिलाई और अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अलंकरण समारोह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां बच्चों को कुछ भूमिकाएं तथा दायित्व सौंपे जाते हैं तथा बच्चे अनुशासन में रहकर अपनी जिम्मेदारियां और दायित्वों का निर्वाह करना सिखाते हैं। विद्यालय में इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी मंजू सक्सेना एवं अंग्रेजी शिक्षक कमल किशोर के द्वारा किया गया। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल, बहजोई। तहसील परिसर सम्भल में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं डूडा विभाग तथा एलडीएम एवं एनआईसी उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा शिविर का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रजिस्टर चेक किये तथा दिव्यांगों से वार्ता की। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकार को निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के लिए लगने वाले शिविरों में दिव्यांगों को किन किन योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ है उसकी सूचना दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की रोस्टर बैठक में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि




तहसील परिसर सम्भल में लगाए गये विशेष शिविर में 18 दिव्यांगजन आये तथा 8 दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किये गये। कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के लिए 18 लोग चिन्हित किये गये। शिविर में आये दिव्यांगों ने आवास,राशन तथा पेंशन के लिए मांग की जिसपर संबंधित अधिकारी ने बताया कि इनको चिन्हित कर नियमानुसार जांच कराके योजनाओं से संतृप्त किया जाएगा। जिलाधिकारी ने इसके उपरांत तहसील परिसर में चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्य के अन्तर्गत नायब तहसीलदार न्यायालय तथा अन्य कक्षों को चेक किया तथा संबंधित को तहसील सम्भल को आईएसओ सर्टिफाइड कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक भाटी, उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, एवं तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम मंदिर निर्माण कार्य हेतु संकल्प सभा का आयोजन

उन्नाव। भगवान परशुराम मंदिर निर्माण कार्य को लेकर रविवार को संकल्प सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के फैंटेसी हाल में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता शामिल हुए। संकल्प सभा का नेतृत्व सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के दौरान भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई।संकल्प सभा में भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि भगवान परशुराम न सिर्फ शौर्य और पराक्रम के प्रतीक थे, बल्कि उन्होंने समाज को न्याय, समता और धर्म के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। परशुराम मंदिर का निर्माण समाज के लिए आस्था का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि उन्नाव में इस भव्य मंदिर के निर्माण से युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को धर्म और संस्कृति की सीख मिलेगी।सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय और अधर्म के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उनका जीवनचरित्र समाज को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

## जिला क्रषि अधिकारी की लगातार छापेमारी गलत मिलने पर की गई कार्यवाही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उन्नाव। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक तहसील के अधिक बिक्री करने विक्रेताओं की जांच हेतु संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी, जिला कृषि अधिकारी शशांक व सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच टीम द्वारा प्रत्येक तहसील के अधिक बिक्री करने वाले विक्रेताओं की जांच की गई। जांच में विक्रेता का स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, कैश मेमो के साथ किसानों का बयान भी लिया गया। जांच में अनियमितता पाए जाने के कारण प्रभारी पीसीएफ़ सुमेरपुर के विरुद्ध निलंबन की संस्तुति, सचिव साधन सहकारी समिति सुमेरपुर को कारण बताओ नोटिस, साधन सहकारी समिति अकबरपुर के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति, सचिव साधन सहकारी समिति राजेपुर बांगरमऊ व मढ़ापर के विरुद्ध अनुशासनिक कारवाही की संस्तुति, गोल्डी खाद भंडार बिछिया लाइसेंस निलंबन की संस्तुति , पूजा ट्रेडर्स बांगरमऊ, राम खाद भंडार हिलौली, न्यू सोनू कृषि सेवा केंद्र बांगरमऊ व किसान सेवा केंद्र गंजमुरादाबाद का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई।साथ ही श्री शशांक, जिला कृषि अधिकारी उन्नाव द्वारा बताया गया कि जनपद में यूरिया उपलब्ध है जिसमें असोहा ब्लाक में दीक्षित खाद भंडार कांथा ,सुभाष खाद भंडार, राम खाद भंडार, जय बालाजी खाद भंडार चन्दनखेड़ा , साधन सहकारी समिति पाठकपुर ,साधन सहकारी समिति पहाड़पुर। औरास ब्लॉक में जायसवाल ट्रेडर्स, सन एग्री जंक्शन, साधन सहकारी समिति रसूलिया,साधन सहकारी समिति जबरा,आशु एग्री जंक्शन। बांगरमऊ ब्लॉक में खुशाली कृषि सेवा केंद्र, त्रिवेदी किसान सेवा केंद्र, बालाजी खाद भंडार गोरिया कला, लक्ष्मी एजेंसी, साधन सहकारी समिति, खुश्दिल एग्री जंक्शन, असलम ट्रेडर्स, साधन सहकारी समिति नवल। बिछिया ब्लॉक में किसान सेवा केंद्र, सृजन फर्टिलाइजर, रामस्वरूप खाद भंडार, आईएफएफडीसी नेवरना, यश मौर्य खाद एवं बीज भंडार, साधन सहकारी समिति मुर्तजा नगर। बीघापुर ब्लॉक में सूरज कुमार पंकज कुमार ,आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र धानी खेड़ा, एग्री जंक्शन इंदेमऊ, सहकारी समिति टेढ़ा ,साधन सहकारी समिति जयराजमऊ, साधन सहकारी समिति भरतीपुर,संकल्प किसान बाजार। फतेहपुर 84 ब्लॉक में मां शीतला देवी खाद भंडार साधन सहकारी समिति फर्दापुर, न्यू यादव खाद भंडार साधन सहकारी समिति उदसा। गंज मुरादाबाद ब्लॉक में राठौर खाद केंद्र, साधन सहकारी समिति ब्योली इस्लामाबाद, साधन सहकारी समिति खंभौली,श्री हरि किसान सेवा केंद्र, साधन सहकारी समिति करौली, साधन सहकारी समिती गंज मुरादाबाद। हसनगंज ब्लाक में कई समितियों पर यूरिया खाद उपलब्ध है।

## नाले से मिला बुजुर्ग का शव, शरीर पर चोट के निशान

चंदौसी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर नाले में एक बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रविवार रात स्थानीय लोगों ने नाले में शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव करीब 60 वर्षीय व्यक्ति का प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार, मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं और शव लगभग दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। शव को मोर्चरी में रखवाकर उसकी पहचान कराए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए पुलिस ने मृतक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भेजी हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि बीते 10 दिनों में नाले से बरामद यह दूसरी लाश है, जिससे इलाके में दहशत और तरह-तरह की चर्चाएं फैल गई हैं।

## शिकायतों का गंभीरता पूर्वक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी: डीएम

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील बिसौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 38 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 03 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश करवाने, भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने सहित कुल 38 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 03 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 35 शिकायती एवं प्रार्थना पत्रों का सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व तहसील परिसर में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व नवजात बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। इस अवसर पर एसएसपी बृजेश कुमार सिंह, सीडीओ केशव कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आवेदन की तिथि बढ़ी, अब 27 अगस्त तक भरें ऑनलाइन फार्म

बदायूं। जवाहर नवोदय विद्यालय बदायूँ के प्रभारी प्राचार्य भगत सिंह ने बताया कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को 27 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट सीबीएसईआईटीएमएस डॉट आरसीआईएल डॉट जीओवी डॉट आईएन/एनवीएस पर निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार को जनपद बदायूं का निवासी होना चाहिए तथा वह कक्षा 5 में बदायूं में ही अध्यनरत हो। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 12 तक मान्यता प्राप्त है। वर्तमान में कक्षा 6 से कक्षा 9 तक की कक्षाएं संचालित हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं को बोर्डिंग, फूडिंग व हॉस्टल आदि की सभी सुविधाएं निःशुल्क दी जाती है।जवाहर नवोदय विद्यालय ब्लॉक बिसौली के सीकरी में स्थित है जो कि करीब 20 से 25 एकड़ में फैला हुआ है, इसमें विभिन्न सुविधाएं दी गई हैं।

## रामलीला आयोजन को लेकर समिति का गठन

बहजोई। श्री सनातन धर्म सभा पुराना बाजार बहजोई द्वारा श्री रामलीला कमेटी पुराना बाजार बहजोई के द्वारा आगामी रामलीला मंचन 2025 की तैयारियां शुरू कर दीआगामी रामलीला मंचन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समिति ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कमेटि का गठन किया हैकार्यकारी के अध्यक्ष गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक व रामलीला महोत्सव 2025 के अध्यक्ष रूप मैं कपिल मोबाइल जी संरक्षक रूप मैं कपिल गुप्ता तीरथ वार्ष्णेय अजय तम्बाकू रजनीश कुमार टप्पू राजेश कुमार सगंम निर्दोष कुमार (नीटू कठेरिया) हर्देश कुमार नन्दू हलवाई विनोद कुमार नेता सतीश कुमार कोषाध्यक्ष कुशांक सर्राफ व सह कोषाध्यक्ष राम भगत जी महामंत्री तनुज गुरू वैभव शंकर बरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवम् टंडन आशीष बजाज उपाध्यक्ष अमर वार्ष्णेय अमन बजाज चिराग सर्राफ प्रदीप मेडिकल मनोज वर्तन अनुज डोरी लाल संस्कार वार्ष्णेय विभू बजाज बादल वार्ष्णेयरामबरात प्रभारी - रूपक वार्ष्णेय, देब बब्बा हिमांशु छोटू ,सचिन आयरन, प्रयाग दादा हर्ष वार्ष्णेय ,चिराग वार्ष्णेय (साड़ी) नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## डीजे बजाने के विवाद में युवक की मौत, आरोपी फरार



बदायूं। डीजे बजाने को लेकर विवाद में गोली लगने से घायल युवक की बरेली के एक अस्पताल में मौत हो गई।मीरा सराय गांव निवासी अजय (25)के साथ घटना गुरुवार रात में हुई थी। अजय ने हाल में ही नया साउंड सिस्टम खरीदा था और उसे चेक कर रहा था इसी दौरान आजाद समाज पार्टी के नेता समीर सागर और उनके पिता रामेश्वर क्षेत्र में हुई एक मौत का हालात देते हुए डीजे ना बजाने का इस बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। अगले दिन फिर टकरा हुआ और समीर पक्ष की ओर से चली गोली से अजय घायल हो गया उसे बरेली के निजी स्थान में भर्ती कराएगा जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर समीर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर आरोपी के नाम लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि रामेश्वर की तलाश जारी है पुलिस ने बंदूक के लाइसेंस को निरस्त करने की रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे को हत्या की धारा में तब्दील किया जाएगा।

## समाधान दिवस में 27 शिकायतों में से सिर्फ 3 का निस्तारण

गुन्नौर। तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी वंदना मिश्रा की अध्यक्षता में आम जन की शिकायतें चुनी गई जिसमें सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की 27 शिकायते आई ग्राम विकास विभाग की 6 पुलिस विभाग से 4 पूर्ति विभाग से 3 चकबंदी विभाग से 2 विद्युत विभाग से 1 समाज कल्याण विभाग से 1 कुल मिलाकर समाधान दिवस में 44 शिकायतें आई जिनमें से राजस्व विभाग 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष 41 शिकायतो को लेकर उप जिला अधिकारी वंदना मिश्रा ने समय अनुसार निपटारा करने के निर्देश दिए इस मौके परतहसीलदार रविंद्र विक्रम , नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह , अनुज कुमार समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

# चुंगी वाले श्री बालाजी मंदिर में 41 दिन तक चला दरबार का समापन, अखंड पाठ, हवन और भंडारे में उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता





पूरनपुर। नगर बण्डा रोड स्थित चुंगी वाले श्री बालाजी मंदिर में 41 दिन तक चला दरबार का समापन अखंड पाठ, हवन और भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ श्री बालाजी मंदिर में चले दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन सोमवार को भव्य भंडारे के साथ हुआ मंदिर के महंत शिवम कुमार कठेरिया पवनसुत मंडल पूरनपुर ने बताया कि प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित सात करोड़ मंत्रों में श्री हनुमान जी की पूजा का विशेष उल्लेख मिलता है श्री रामभक्त, रूद्र अवतार सूर्य-शिष्य, वायु-पुत्र, केसरी नन्दन, श्री बालाजी के नाम से प्रसिद्ध श्री हनुमान जी समूचे भारत वर्ष में पूजे जाते है। माता अंजनि के गर्भ से प्रकट हनुमान जी में पाँच देवताओं का तेज समाहित है। ḷअजर-अमर गुणनिधि सुत होहुḷ यह वरदान माता जानकी जी ने हनुमान जी को अशोक वाटिका में दिया था। स्वंय भगवान श्रीराम ने कहा था कि- 'सुन कपि तोहि समान उपकारी, नहि कोउ सुर, नर, मुनि, तनुधारी'। बल और बुद्धि के प्रतीक हनुमान जी राम और जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। अतुलनीय बलशाली होने के फलस्वरूप इन्हें बालाजी की संज्ञा दी गई है सभी भक्त अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुसार अलग-अलग देवी-देवताओं की उपासना करते है। परन्तु इस युग में भगवान शिव के ग्यारहवें रूद्र अवतार हनुमान जी को सबसे ज्यादा पूजा जाता है। यही कारण है कि हनुमान जी को कलयुग का जीवंत देवता कहा गया है आयोजक श्री बालाजी महाराज एवं श्री खाटू श्याम संकीर्तन मंडल एवं सेवा समिति पूरनपुर ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत बालाजी के भव्य दरबार के साथ हुआ बालाजी महाराज को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए सुबह से शुरू हुए भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी,और प्रसाद वितरित किया गया कार्यक्रम मे महंत शिवम कठोरिया, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, पंडित राजेन्द्र प्रसाद के अमित मिश्रा,अभिषेक गुप्ता ,हिमांशु गुप्ता, नितिन गुप्ता आकाश गुप्ता निहाल गुप्ता ठाकुर शिवम भदोरिया ,रानू, योगेश ,सुमित विकास, राहुल ,सचिन ,गौरव,सनी सुरेश,संजीवन,रिकी, सर्वेश,जय शुक्ला ,अरविंद ,आजाद ,रितिक सक्सेना,कुनाल गुप्ता ,विशाल गुप्ता विकास गुप्ता,विशाल वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे हैं।

# ट्रेन चलाने की मांग को लेकर व्यापार मण्डल ने रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।मैलानी-पीलीभीत रेलखंड पर अब तक बरेली और दिल्ली के लिए सीधी ट्रेनों का संचालन नहीं हो रहा है। ऐसे में लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है व्यापार मण्डल के प्रदीप शुक्ला की अगुवाई मे लखनऊवाया पूरनपुर दिल्ली के मध्य सीधी रेला सेवा शुरू कराने की मांग को लेकर रेलमंत्री को संबोधित पत्र स्टेशन मास्टर को सौंपा इसमें कहा गया है कि पूरनपुर रेलवे स्टेशन से बड़ी संख्या में लोगों का बरेली, दिल्ली और लखनऊ आना जाना होता है। मीटरगेज की लाइन के दौरान लगभग 17 ट्रेन, 24 घंटे में पूरनपुर रेलवे स्टेशन से गुजरती थी लेकिन अब ब्राडगेज होने के बावजूद बरेली, दिल्ली के लिए सीधे ट्रेन नहीं है। इससे नगर के विद्यार्थियों, अध्यापकों, दुग्ध व्यापारियों, नगर के व्यापारियों सहित क्षेत्र की आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। पूरनपुर से बरेली, दिल्ली तक सीधी रेल सुविधा की मांग यहां की जनता पिछले लगातार उठा रही है लेकिन रेलवे प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है कई बार कई संगठनों ने सासंद को लिखित मे ट्रेनों के चलाने के मांग पत्र सौंपे नतीजा शून्य व्यापारियों ने जनप्रतिनिधि इस मुद्दे को लोकसभा, विधानसभा, और संसद मे रेलमंत्री के सामने उठाने की मांग की अगर जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान नही हुआ तो व्यापारी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा।

## राजीव गांधी के जन्मदिन पर साइकिल दौड़ प्रतियोगिता होगी : अनिल सिंह

अमेठी,भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 81वें जन्मदिन पर संसदीय क्षेत्र अमेठी में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।कांग्रेसजनों द्वारा यह दिन सदभावना दिवस के रूप में मनाया जायेगा।कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि सैंठा बाजार से लेकर गौरीगंज सब्जी मंडी तक साइकिल दौड़ प्रतियोगिता होगी।इस सत्ताइसवीं साईकिल दौड़ प्रतियोगिता मे बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता राजीव गांधी के विचारों युवाशक्ति, शिक्षा, विज्ञान और ग्रामीण विकास को जन जन तक पहुंचाने का एक प्रयास होगी।जिला उपाध्यक्ष एवं छात्र संगठन प्रभारी अनुराग सिंह जिला पुस्तकालय एवं वाचनालय में सदभावना दिवस पर एक विशेष सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित करेंगे।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रतिभावानों को जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल द्वारा सम्मानित किया जायेगा।राजीव गांधी द्वारा स्थापित आधुनिक भारत की परिकल्पना तथा उनके योगदानों सूचना प्रौद्योगिकी, पंचायती राज, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण पर परिचर्चा भी रखी जायेगी।शाहगढ के रामगंज कौहार में सुभाष मिश्र द्वारा निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा।

# भाजपा ब्लॉक प्रमुख की बहु से विधायक ने मांगी रंगदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सड़क निर्माण मे कमीशन लेने की परंपरा बहुत पुरानी है लेकिन हद तब हो जाती है जब ठेकेदार पर अनावश्यक दबाब बनाकर ज्यादा पैसे की मांग की जाती है और न होने पर इसी तरह से साइट पर जाकर बवाल कर काम रोकने और जान से मारने कि धमकी दी जाती है। ऐसा ही एक मामला सदर विधानसभा मे चर्चा का विषय बना है जहा विधायक राजबाबू उपाध्याय अपने गुर्गो के साथ निर्माणस्थल पर खुद 3 लक्सरी गाड़ियों से पहुंच कर मजदूरों और ठेकेदार को गाली देते वायरल वीडियो मे सुना जा सकता है। सूत्रों के अनुसार ठेकेदार ने 5लाख देने कि हामी भरी लेकिन विधायक को तो 20 लाख चाहिए था. वही प्रतिनिधि का कहना था क्या भीख मांग रहे है जो 5 लाख लें। बात नही बानी और ठेकेदार ने काम शुरू किया तो यह घटना सामने आई। जिसकी शिकायत भाजपा ब्लॉक प्रमुख की बड़ी बहु शशि सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल पर मुख्यमंत्री से किया और डीएम सुल्तानपुर और एसपी सुल्तानपुर को जरिये मेल और व्हाट्सअप अवगत कराया। इस बाबत विधायक राजबाबू से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने एक मीटिंग मे होने की बात कह कर फ़ोन काट दिया।

# 81 करोड़ 70 लाख से ऊपर का बजट बहुमत से हुआ पारित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद के मूल बजट 2025-26 की स्वीकृति हेतु आहूत की गई विशेष बोर्ड बैठक में बजट को बहुमत के साथ पास कर दिया गया। बजट में 81 करोड़ 70 लाख 90 हजार रुपए आय के सापेक्ष 68 करोड़ 89 लाख 7 हजार व्यय का प्रावधान किया गया है। बैठक में आय और व्यय संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा होने के बाद ध्वनि मत से बहुमत के साथ बजट का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। गुरुवार दोपहर बाद नगर पालिका टाउन हॉल के बोर्ड रूम में बैठक आयोजित की गई। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार की मौजूदगी में बोर्ड लिपिक संतोष सक्सेना ने बैठक की कार्रवाई आरंभ की। लेखाकार रोशन लाल ने बजट पढ़कर सुनाया। जिसके बाद सभासदों ने बजट में मौजूद विभिन्न विषयों पर चर्चा की और बहुमत के साथ बजट का प्रस्ताव पारित कर दिया गया।



बैठक में सभासद राशिद हुसैन, वतनदीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, गोकुल प्रसाद मौर्य, अनस अंसारी, विपिन कुमार राजू फौजी, शबनम, निर्मल सिंह टीटू, रत्ना शुक्ला, सुनीता सिंह, मोहम्मद शरीफ, चैतन्य गंगवार, मेहनाज बेगम, माया देवी, वतनदीप मिश्रा, शैलेंद्र कौर, जाहिदा बी, निजाकत अली कादरी, शिखा वर्मा, पुष्पा उपाध्याय, राज्य मंत्री के प्रतिनिधि राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# पारिवारिक विवाद में जमकर चले लाठी-डंडे :बाहर से आये गैर समुदाय के युवकों को देख उग्र हुए ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पूरनपुर के भैरो खुर्द थाना माधोटांडा क्षेत्र मे गयादीन और सोहन के बीच लगभग दस दिन पहले मारपीट हो गई थी ग्रामीणों का कहना है मामला दो परिवारों के बीच काफी पुरानी रंजिश से जुड़ा है वही रविवार देर शाम हंगामा खड़ा हो गया जब आपने आप को भाजपा नेता कहने वाले धर्मेंद्र लोधी अपने पिता से जुड़ी पुरानी मारपीट की घटना का बदला लेने पीलीभीत से गांव पहुंच गये उन्होंने करीब अपने 2 दर्जन से अधिक चार पांच गैर समुदाय के साथियों के साथ मिलकर दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला बोल दिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र लोधी के पिता मेडिकल स्टोर के बाहर शराब पी रहे थे। इसी दौरान उनका सोहन से किसी बात को लेकर विवाद हो गया सोहन ने अपने साथियों के साथ मिलकर गयादीन की पिटाई लगा दी धर्मेन्द्र रविवार देर शाम अपने साथियों के साथ गांव पहुंचे और आरोपी पक्ष के घरों पर धावा बोल दिया और जमकर मारपीट की मारपीट देख बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए ग्रामीणों ने धर्मेन्द्र और उनके साथियों की जमकर पिटाई लगा दी जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया और भागते नजर आये आपने आप को घिरता देख मौका पाकर तुरन्त पुलिस को सूचना दी पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों का बीच बीचाव किया बुरी तरह से पीटे धर्मेन्द्र और उनके साथियों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा इस पूरे घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है गांव मे पुलिस बल की तैनाती कर दी है मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है

## बरसात में रास्ता कटने से आवागमन हुआ प्रभावित ग्रामीणों ने बनवाने की करी मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना माधोटाडा क्षेत्र के गांव कुतियां कवर जाने वाले मार्ग पर पानी के तेज बहाव से रास्ता कट गया है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पहाड़ों पर होने वाली बरसात का पानी बनबसा बैराज से शारदा नदी में छोड़ा गया जिससे नदी और नालों का जल स्तर बढ़ गया है।जिस कारण रास्ता कट गया हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से सड़क निर्माण करने की मांग की है। जिससे आने और जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। असम रोड पर रविवार सुबह हुऐ सड़क हादसे में 63 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के चतीपुर गांव निवासी रामकिशन बाइक से पूरनपुर जा रहे थे। कढेर चौरा हाइवे पर सुबह 10 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया लोगो ने तुरन्त घायल अवस्था मे अस्पताल मे भर्ती कराया जहां उसकी मौके पर मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## अविवाहित युवती ने फंासी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना धनपतगंज क्षेत्र के अंतर्गत पीरोसरैया गांव में अंजनी पुत्री प्रेमनाथ कोरी उम्र लगभग 19 वर्ष ने सोमवार को अज्ञात कारणों से घर के अंदर छत में लगे हुक से फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। अंजनी नें जब फंासी लगाया तो उस वक्त घर के सभी परिजन खेत में कार्य के वास्ते घर के बाहर थे। परिजनों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची धनपतगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है। युवती की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी

## मृतक खाता धारक के परिजन को सौंपा दो लाख का चेक

बल्दीराय/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील बल्दीराय अंतर्गत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा वलीपुर के शाखा प्रबंधक सोमवार को मृतक खाता धारक के परिजन को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 2 लाख का चेक सौंपा है। बता दें कि क्षेत्र के रसूलपुर निवासी रिखी राम पुत्र राम खेलावन ने ग्रामीण बैंक की शाखा वलीपुर में अपने बचत खाता में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत पालिसी करवाई थी खाता धारक की विगत जनवरी में एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। सहायक शाखा प्रबंधक नीलमणि मिश्रा के अथक प्रयास से मृतक खाता धारक के पुत्र संदीप को दो लाख का चेक मिला। इस अवसर पर बैंक का समस्त स्टाप मौजूद रहा।

## मुम्बई से सिद्धार्थ नगर जा रहे बाइक सवार युवक की नौडांड में हुई मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव नौडांड के पास सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया है। उक्त बाइक सवार युवक मुम्बई से सिद्धार्थ नगर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव नौडांड के पास सोमवार की सुबह एक बाइक पर सवार दो युवक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गये जिसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गम्भीर रुप से घायल हो गया है। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर भेजवाया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।बताया जा रहा है कि दोनों युवक मुम्बई से बाइक चलाकर सिद्धार्थ नगर जनपद जा रहे थे और लगातार बाइक चलाने के कारण झपकी आ गई और बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल पुलिस पहुंच गई। घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मृतक युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान अब्दुल्ला उम्र सत्ताइस वर्ष पुत्र इनायमुल्ला निवासी कमला रमण नगर, नेरा हशमती मस्जिद, बैगनवाड़ी, गोवंडी, शिवजीनगर मुम्बई महाराष्ट्र के रूप में हुई है जबकि घायल आलम पुत्र अब्दुल मन्नान निवासी नौगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर का रहने वाला है। दोनों युवक मूल रूप से सिद्धार्थनगर जनपद के नौगढ़ निवासी थे।यह लोग परिवार सहित महाराष्ट्र में रहते थे।जहां से निकलकर बाइक से ही अपने गृह जनपद सिद्धार्थनगर जा रहे थे।

# अमहट में करबला के 72 शहीदों के ताबूत में उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। अंजुमन जीनतुल अजा रजिस्टरड अलीगढ़ अमहट की तरफ से रविवार को रात 8बजे हुसैनिया बखशी खॉ गोराबारिक अमहट सुलतानपुर में एक मजलिस हुई जिसमें पेश ख्वानी महफूज सुलतानपुरी 'फखरी मेरठी 'सज्जाद हल्लौरी' चन्दन फैजाबादी ने की और मौलाना काजी मोहम्मद असकरी देहली ने मजलिस को खेताब किया और संचालन अनीस जायसी ने किया। इसके बाद रात भर तरही शब्बेदारी हुई जिसमें मुकामी अंजुमनो के अलावा अंजुमन इमामिया महाराष्ट्र 'अंजुमन अब्बासिया फैजाबाद 'अंजुमन हैदरिया सेखुआपुर ने नौहा ख्वानी और मातम किया जुलूस में 110 पंजे का अलम भी लगाया गया। सोमवार को सुबह 6 बजे करबला के 72शहीदों के 72ताबूत व अलम का जुलूस निकाल कर अमहट चौराहे से रायबरैली रोड होकर करबला अमहट पर समाप्त किया गया। दौराने जुलूस मौलाना रविश सीराजी जौनपुर मौलाना गुलजार हुसैन जाफरी तारागढ अजमेर'मौलाना मोहम्मद मेंहदी अकबरपुरी मौलाना इमरान खान सुलतानपुरी'मौलाना मूनिस हैदर सुलतानपुरी 'मौलाना आगा नजफी सुलतानपुरी ने तकरीर की अंत में करबला के शहीदों के ताबूत को दफन करने का मंजर पेश किया गया पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा प्रशासन का हैदर अब्बास खान ने आभार व्यक्त किया रजा हास्पिटल की तरफ से मेडिकल कैम्प लगाया गया।

# गौरीगंज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ जिसमें जिलाधिकारी संजय चौहान ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये और शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील गौरीगंज में कुल अठारह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार का मौके पर निस्तारण कराया गया।मुसाफिरखाना में सत्रह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में पच्चीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायत का निस्तारण किया गया शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।तहसील तिलोई के सभागार में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के साथ ही ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग की दस,राजस्व विभाग की आठ, विकास विभाग की चार, खाद्य एवं रसद विभाग के साथ ही कृषि विभाग की दो और सिंचाई विभाग की एक शिकायत आई है। कुल इकतीस शिकायतों में मात्र तीन शिकायतें निस्तारित की गई है जबकि दो टीमें गठित की गई है।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः दस बजे से बारह बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, एसडीएम प्रीति तिवारी, तिलोई के तहसीलदार अभिषेक यादव,खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी सहित अन्य तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर सनातन धर्म ठाकुर द्वारा मन्दिर ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर मे भव्य शोभायात्रा निकाली शोभा यात्रा मन्दिर की कमेटी के नेतृत्व में निकाली गई आपको बता दे कि जब जब धरती पर पाप और अधर्म हद से ज्यादा बढ़ा है भगवान ने धरती पर अवतार लिया है। भगवान विष्णु किसी न किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए धरती पर अवतरित हुए विष्णु जी का एक अवतार श्रीकृष्ण थे श्रीकृष्ण ने अपने जन्म से लेकर जीवन के हर पड़ाव पर चमत्कार दिखाए जो मानव समाज को सीख देते हैं अधर्म और पाप के खिलाफ सही मार्गदर्शन करते हैं जन्माष्टमी पर भक्त श्रद्धानुसार उपवास रखते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा अर्चना की जाती हैं। बाल गोपाल की जन्म मध्य रात्रि में हुआ था। इसलिए जन्माष्टमी की तिथि की मध्यरात्रि को घर में मौजूद लड्डू गोपाल की प्रतिमा का जन्म कराया जाता है। फिर उन्हें स्नान कराकर सुंदर वस्त्र धारण कराए जाते हैं फूल अर्पित कर धूप-दीप से वंदन किया जाता है कान्हा को भोग अर्पित किया जाता है उन्हें दूध-दही, मक्खन विशेष पसंद हैं इसलिए भगवान को भोग लगाकर सबको प्रसाद वितरित किया जाता है शहर में ऐतिहासिक शोभा यात्रा का भव्य आयोजन हुआ जिसमें भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप की झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं भगवान के बाल स्वरूपों की झांकियां भी यात्रा में सम्मिलित हुई यात्रा मे काफी संख्या में श्रद्धालु जन प्रतिनिधि भाजपाई और नगर वासी यात्रा में सम्मिलित हुऐ यात्रा में भगवान गणेश, राम दरबार, शिव परिवार, काली माता, बालाजी दरबार, खाटू श्याम जी, काल भैरव आदि देवी देवताओं की झांकियां स्कूली बच्चों ने सुन्दर रूप से प्रस्तुति की शोभा यात्रा स्टेशन रोड, चौक, मैंन मार्किट, पकड़िया चौराहा, कोतवाली रोड, होते हुए ठाकुर द्वारा मन्दिर पर जाकर संपन्न हुई। इस ऐतिहासिक यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया सड़कों पर इस यात्रा को देखने के लिए श्रद्धालु मौजूद रहे यात्रा में अध्यक्ष नवनीत गुप्ता, महामंत्री हरगोविंद बाजपेई, कोषाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल राजू, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता,भाजपा के ऋतुराज पासवान, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, पंडित राजेन्द्र प्रसाद कॉलेज के अमित मिश्रा, सर्राफा संघ अध्यक्ष संजय गुप्ता, विद्यार्थी परिषद के अरुण पाण्डेय, सुशील सक्सेना,सभासद अनुज गुप्ता, नवनीत मिश्रा,संजय सक्सेना एड. संदीप खंडेलवाल,अरविन्द गुप्ता, मानस शुक्ला,अंकित वाल्मीकि, अम्बर मिश्रा,सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी द्वारा पॉलीथिन हटाओ कपड़े के बैग अपनाओ की छेड़ी मुहिम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरीने बरेली जोन के ज्वाइंट प्रोजेक्ट मेरी उड़ान के अन्तर्गत छात्रा दिवांगी सिंह को साइकिल दी गई यह कार्य नगर के नव निर्मित गांधी पार्क में किया गया सभी सदस्यों ने दिव्यांगी को उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी वही क्लब अध्यक्ष चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की पत्नी कल्पना गुप्ता ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए बालिकाओं की शिक्षा और उनके भविष्य के लिए अध्यक्ष क्लब कल्पना गुप्ता द्वारा नगर में आगे भी इस तरह के कार्य करती रहेगी उसके बाद ''पॉलीथिन हटाओ, कपड़े के बैग अपनाओ'' मुहिम छेड़ी गई है, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करना और पर्यावरण को सुरक्षित रखना है। इस मुहिम में लोगों को कपड़े के बैग इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि प्लास्टिक प्रदूषण को कम किया जा सके यह मुहिम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्लास्टिक बैग पर्यावरण के लिए हानिकारक होते हैं और उन्हें नष्ट करना मुश्किल होता है। इसके विपरीत, कपड़े के बैग पुनः प्रयोज्य होते हैं और पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। इस मुहिम के तहत, लोगों को कपड़े के बैग का उपयोग करने के फायदे बताए जा रहे हैं। साथ ही, उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि कैसे वे अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम कर सकते हैं।

यह मुहिम पूरनपुर के लोगों के लिए एक सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेगी और पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में योगदान देगी। इस कार्यक्रम में क्लब की चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता का विशेष सहयोग रहा क्लब की सचिव रुचि खन्ना ,पूर्व अध्यक्ष मोनिका होंडा ,पूर्व अध्यक्ष सीमा गुप्ता आई पी पी पूनम गुप्ता ,मिताली गुप्ता ,सुधा गुप्ता , रिद्धि होंडा आदि उपस्थित रही है।

## समाज की सामूहिक चेतना का स्वर

लोकगीत किसी समाज की आत्मा होते हैं, जो उसकी परंपरा, भावनाओं और जीवन शैली को सरल भाषा और लय में अभिव्यक्त करते हैं। ये गीत पीढ़ी दर पीढ़ी स्मृति में बसकर संस्कृति को जीवित रखते हैं। लोकगीतों में मिट्टी की महक और सामूहिकता की गूंज छिपी होती है। साहित्य में लोकगीत का बहुत अहम मुकाम होता है। यह साहित्य की उस धारा का हिस्सा होता है, जिसे हम लोक संस्कृति की आत्मा कहते हैं। यह किसी समाज को सबसे सहज, मौलिक और सामूहिक रूप से व्यक्त करता है। वास्तव में लोकगीत की परंपरा लिखित साहित्य से पहले की परंपरा है, इसलिए लोकगीत में सब कुछ तय नहीं होता। एक ही लोकगीत, एक ही इलाके में गाते हुए लोग अलग अलग शब्दों, अलग अलग संवेदनाओं के आयाम छूते हैं। लोकगीत आमतौर पर किसी समाज की सामूहिक भावनाओं को व्यक्त करते हैं। इनमें इतिहास, ऋतुएं, पर्व, सामाजिक घटनाएं होती हैं, जो लगातार जुड़ते शब्दों के गीतों में पिरोकर पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांरित होते हैं। लोकगीत किसी समाज की सामूहिक भावनाएं होते हैं, इस वजह से दुनियाभर के लोकगीतों की अगर भाषा एक कर दी जाए तो हम पाएंगे कि दुनिया के हर कोने के लोकगीत लगभग एक जैसे होते हैं। मनुष्य की आंतरिक संवेदनाएं एक जैसी ही होती हैं, चाहे वह धरती के किसी भी छोर में रहते हों। थोड़े शब्द अलग होते हैं, शब्दों के व्यक्त करने का तरीका अलग हो सकता है, लेकिन दुनियाभर की लोकचेतना एक जैसी होती है। लोकगीतों की यही लोकचेतना चुबंक की तरह लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करती है। क्योंकि लोकगीतों के गाने गुनगुनाने में किसी तरह का शास्त्रीय बंधन नहीं होता, इसलिए उन्हें हर कोई अपने अपने ढंग से गा, गुनगुना सकता है। लोकगीत किसी विशेष लेखक की रचना भी नहीं होते। ये आज के विकीपीडिया कंटेंट की तरह होते हैं, जिसमें हर कोई अपना योगदान दे सकता है। इसलिए लोकगीत किसी लेखक विशेष की रचना या उनकी पूंजी नहीं होते। ये समाज के सभी लोगों की सामूहिक पूंजी होते हैं और इनकी रचना में भी पूरे समाज का योगदान होता है। हिंदी साहित्य में तो विशेषकर लोकसाहित्य की श्रेणी में लोकगीत इसके मूल आधार की तरह हैं। सच बात तो यह है कि बाद में व्यापक लिखित साहित्य इसी की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। लोकगीत साहित्य की सबसे लोकप्रिय विधा इसलिए होते हैं, क्योंकि इनमें जो सरलता, जो सहजता, लय, भाव-भंगिमा और भाषा होती है, वह ऐसी होती है कि आम से आम व्यक्ति भी उसे समझ सकता है, उन्हें गा सकता है और उसमें अपनी मौजूदगी महसूस कर सकता है। लोकगीत किसी एक व्यक्ति द्वारा अकेले में आमतौर पर नहीं गाये जाते। इसलिए लोकगीतों की कोई विशेष शैली या किसी गायक विशेष की इनमें छाप भी नहीं होती। उन्हें कोई भी गा सकता है। ये अपनी भाषाशैली और रचना प्रक्रिया में अपने साथ सबको जोड़ते हैं। इनमें स्थानीयता की सबसे मुखर गंध होती है। इनका स्वर, इनके शब्द, ये जिस वाद्य में गाये और बजाये जाते हैं, यह सब स्थानीय होते हैं। यहां तक कि लोकगीतों में जो भाव-भंगिमाएं प्रदर्शित की जाती हैं, वह एक स्थान विशेष के लोगों की सामूहिक भाव-भंगिमाओं का हिस्सा होती है। इनका जुड़ाव अपने इलाके की मिट्टी, मौसम और बोली से बहुत गहरे तक होता है। इसलिए ये किसी व्यक्ति विशेष की बजाय किसी समूह विशेष या किसी भूगोल विशेष का जीवंत दास्तावेज होते हैं। शादी-ब्याह, खेती-किसानी, ऋतु परिवर्तन, युद्ध, प्रेम, वियोग यानी जीवन का कोई छोटा या बड़ा पहलू नहीं छुटता, लोकगीत जिन्हें अपने अंदर न समेटे हों। लोकगीतों में सामाजिक जीवन की व्यापक उपस्थिति होती है। हर लोकगीत की अपनी एक संस्कृति होती है या दूसरे शब्दों में लोकगीत हमें यह बताते हैं कि वह किस सांस्कृतिक धारा से जुड़े हुए हैं और वहां के पूर्वज अपना जीवन कैसे जीते थे। लोकगीतों से हमारा इसलिए भी व्यापक लगाव होता है, क्योंकि ये हमारी स्मृति और नॉस्टैलेजिया का हिस्सा होते हैं। दरअसल हम सब लोकगीत सुनकर ही बड़े हुए होते हैं। जब बच्चे पैदा होते हैं तो उनके स्वागत में जो मंगलगीत गाये जाते हैं, वे लोकगीत ही होते हैं। भले शिशुओं को यह सुनना, समझना, संभव न हो, लेकिन लोकगीतों के बोल जो उनके शिशु जीवन में कानों में पड़ते हैं, वे हमेशा हमेशा के लिए उनकी स्थायी स्मृति का हिस्सा हो जाती हैं।

## एनसीईआरटी ने विभाजन पर किया सत्य का संधान

**मुस्लिम लीग और जिन्ना की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में केंद्रीय रही। जिन्ना ने प्रारंभिक दौर में कांग्रेस के साथ मिलकर काम किया था और खुद को 'हिंदू-मुस्लिम एकता के राजदूत' के रूप में प्रस्तुत किया था। लेकिन धीरे-धीरे उसने महसूस किया कि कांग्रेस में उनका प्रभाव सीमित होता जा रहा है और यही असंतोष आगे चलकर कटुता में बदल गया, जिसके बाद जिन्ना ने मुस्लिम लीग को एक अलग ताकत के रूप में खड़ा किया। 1940 का लाहौर प्रस्ताव इस दिशा में निर्णायक मोड़ था, जब मुस्लिम लीग ने पहली बार औपचारिक रूप से पाकिस्तान की मांग रखी। इसके बाद जिन्ना ने 'डायरेक्ट एक्शन डे' जैसे हिंसक आंदोलनों का सहारा लिया, जिनके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गए। जिन्ना का तर्क था कि मुसलमानों की राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान हिंदुओं से बिल्कुल भिन्न है और वे एक ही राष्ट्र में रहकर सुरक्षित नहीं रह सकते। यह विचारधारा मूलतः विभाजनकारी थी, जिसने भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने को सबसे गहरा आघात पहुँचाया। लेकिन केवल जिन्ना और मुस्लिम लीग को ही दोष देना ऐतिहासिक दृष्टि से अधूरा है। कांग्रेस के नेताओं की नीतिगत भूलें भी उतनी ही बड़ी वजह थीं।**

भारत का विभाजन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं था, बल्कि वह एक ऐसी त्रासदी थी जिसने इस उपमहाद्वीप के करोड़ों लोगों के जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। यह घटना केवल भौगोलिक सीमाओं का बंटवारा नहीं थी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक स्तर पर भी भारतीय समाज को गहरी चोट देने वाली थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ जुड़ी यह विभीषिका हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर किन कारणों से वह स्थिति उत्पन्न हुई, जिसने एक अखंड सभ्यता, साझा परंपराओं और हजारों साल पुरानी एकता को अचानक तोड़ दिया। आज जब यह सवाल उठता है कि विभाजन का जिम्मेदार कौन था, तो तथ्यों और इतिहास की ठोस पड़ताल से यह बात स्पष्ट होती है कि इसके लिए जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन तीनों बराबर रूप से जिम्मेदार थे। एनसीईआरटी का हाल ही का पाठ्य मॉड्यूल इसी सच्चाई को रेखांकित करता है और यही कारण है कि इस पर कुछ वर्गों द्वारा विवाद खड़ा किया जा रहा है। परंतु यदि हम निष्पक्ष और ठोस ऐतिहासिक साक्ष्यों को देखें तो इस तथ्य को कोई नकार नहीं सकता कि विभाजन इन्हीं तीन कारकों के सम्मिलित निर्णय और क्रियान्वयन का परिणाम था। विभाजन से जुड़ी विभीषिका की भयावहता को समझने के लिए उसके मानवीय और सांस्कृतिक आयामों पर भी ध्यान देना चाहिए। लगभग बीस लाख लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हिंसा का शिकार हुए और लाखों महिलाओं के साथ अमानवीय अत्याचार हुए। बारह से पंद्रह मिलियन लोग अपने पुश्तैनी घरों से उखाड़े गए और शरणार्थियों के रूप में भारत या पाकिस्तान की ओर पलायन करने को मजबूर हुए। पंजाब, बंगाल और सिंध जैसी समृद्ध सांस्कृतिक इकाइयाँ खंडित हो गईं। धार्मिक उन्माद और अविश्वास की आग ने पड़ोसियों को दुश्मन बना दिया। यह सब कुछ अचानक नहीं हुआ, बल्कि यह राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, नीतिगत भूलों और औपनिवेशिक षड्यंत्रों का परिणाम था। मुस्लिम लीग और जिन्ना की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में केंद्रीय रही। जिन्ना ने प्रारंभिक दौर में कांग्रेस के साथ मिलकर काम किया था और खुद को 'हिंदू-मुस्लिम एकता के राजदूत' के रूप में प्रस्तुत किया था। लेकिन धीरे-धीरे उसने महसूस किया कि कांग्रेस में उनका प्रभाव सीमित होता जा रहा है और यही असंतोष आगे चलकर कटुता में बदल गया, जिसके बाद जिन्ना ने मुस्लिम लीग को एक अलग ताकत के रूप में खड़ा किया। 1940 का लाहौर प्रस्ताव इस दिशा में निर्णायक मोड़ था, जब मुस्लिम लीग ने पहली बार औपचारिक रूप से पाकिस्तान की मांग रखी। इसके बाद जिन्ना ने 'डायरेक्ट एक्शन डे' जैसे हिंसक आंदोलनों का सहारा लिया, जिनके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गए। जिन्ना का तर्क था कि मुसलमानों की राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान हिंदुओं से बिल्कुल भिन्न है और वे एक ही राष्ट्र में रहकर सुरक्षित नहीं रह सकते। यह विचारधारा मूलतः विभाजनकारी थी, जिसने भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने को सबसे गहरा आघात पहुँचाया। लेकिन केवल जिन्ना और मुस्लिम लीग को ही दोष देना ऐतिहासिक दृष्टि से अधूरा है। कांग्रेस के नेताओं की नीतिगत भूलें भी उतनी ही बड़ी वजह थीं। गांधीजी का यह मानना कि मुसलमानों के साथ लगातार रियायतें देकर उन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में बनाए रखा जा सकता है, एक रणनीतिक गलती थी। खिलाफत आंदोलन का समर्थन इसी का उदाहरण है, जिसने भारत की राष्ट्रीय चेतना को धार्मिक आधार पर बाँटने की नींव रखी। नेहरू और पटेल, जो उस समय कांग्रेस की मुख्यधारा का नेतृत्व कर रहे थे, अंततः इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि विभाजन के बिना आगे बढ़ना संभव नहीं है। पटेल ने कई बार यह कहा कि यदि विभाजन से देश की आज़ादी शीघ्र आ सकती है तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। नेहरू भी सत्ता हस्तांतरण में जल्दबाज़ी के पक्षधर थे। लोहिया जैसे समाजवादी चिंतकों ने उस समय ही यह कह दिया था कि कांग्रेस ने पाकिस्तान को 'एक मजबूरी नहीं बल्कि अपनी सुविधा के लिए स्वीकार किया'। इस तरह कांग्रेस की राजनीतिक सोच और सत्ता प्राप्ति के उतावले पन ने विभाजन को और तेज़ कर दिया। इसके अलावा एक तीसरा पक्ष भी है, ब्रिटिश सत्ता की भूमिका, यहां इसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन आर्थिक और राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर हो चुका था और वह भारत को जल्द से जल्द छोड़ना चाहता था। वावेल जैसे गवर्नर जनरल अखंड भारत के पक्ष में थे, लेकिन 1947 में जब एटली की लेबर सरकार ने सत्ता माउंटबेटन को सौंपी, तो परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। माउंटबेटन ने जानबूझकर सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया को जल्दबाज़ी में पूरा किया। उन्होंने सीमाओं के निर्धारण का जिम्मा सर रेडक्लिफ जैसे व्यक्ति को सौंपा, जिन्हें भारत के भूगोल और समाज की कोई गहरी समझ नहीं थी। नतीजा यह हुआ कि सीमाएँ खींचने का काम बिना स्थानीय वास्तविकताओं की परवाह किए जल्दबाज़ी में हुआ और पंजाब तथा बंगाल जैसे प्रदेश दो हिस्सों में बँटकर हिंसा की ज्वाला में झोंक दिए गए। माउंटबेटन के इस रवैये की आलोचना आज भी इतिहासकार करते हैं कि यदि थोड़ा धैर्य रखा जाता तो इतनी भयावह हिंसा को टाला जा सकता था। कांग्रेस नेताओं की वैचारिक कमजोरी भी इस पूरी प्रक्रिया में सामने आई। जिन्ना ने इस्लामी अलगाववाद की खुलकर पैरवी की और अपनी मांग को कठोरता से रखा। इसके विपरीत कांग्रेस नेताओं ने इस चुनौती का वैचारिक स्तर पर सामना करने के बजाय समझौतों और रियायतों का रास्ता अपनाया। इस्लामी राजनीति के मूल चरित्र मजहबी राष्ट्रवाद और अलगाववाद को कभी गहराई से चुनौती नहीं दी गई। इसके बजाय अंग्रेजों को दोषी ठहराकर समस्या से बचने की कोशिश की गई। इससे मुस्लिम लीग का मनोबल बढ़ता गया और कांग्रेस बार-बार पीछे हटती रही। दिलचस्प बात यह है कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जैसे नेता, जिन्होंने खुद को राष्ट्रवादी घोषित करने का प्रयास किया, वह भी मूलतः एक इस्लामी चिंतन से प्रेरित थे। वे कांग्रेस के भीतर मुस्लिम लीग के विकल्प के रूप में देखे जाते थे, परंतु अंततः उनका झुकाव भी इस्लामी पहचान की रक्षा पर अधिक था, न कि एक पूर्ण धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत राष्ट्र खड़ा करने पर। यही कारण था कि देवबंद के उलेमा और अन्य मुस्लिम बुद्धिजीवी भले ही विभाजन के विरोधी थे, परंतु उनकी सोच में भी इस्लाम की सर्वोच्चता और अलग पहचान को लेकर गहरी चिंता थी। इस प्रकार भारत में मुस्लिम राजनीति का मूल चरित्र कभी पूरी तरह बदला ही नहीं। इसलिए जिस गजबा-ए-हिंद का सपना विभाजन के पूर्व देखा जा रहा था, वह आज भी देखा जा रहा है। शिक्षा व्यवस्था और इतिहास लेखन ने भी स्वतंत्र भारत में इस सच्चाई को दबाने का काम किया। लंबे समय तक हमारे इतिहास की किताबों में इस्लामी आक्रमणों की विभीषिका, धार्मिक कट्टरता और विभाजन के असली कारणों को दबाया गया। इसके बजाय मुगलकाल का महिमामंडन किया गया और विभाजन के लिए केवल अंग्रेजों को दोषी ठहराने की कहानी गढ़ी गई। यह वैचारिक प्रवृत्ति इतनी गहरी रही कि पीढ़ियाँ दर पीढ़ियाँ यह मानती रहीं कि विभाजन अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' नीति का परिणाम था। जबकि सच यह है कि मुस्लिम लीग की स्पष्ट माँग, कांग्रेस की स्वीकृति और अंग्रेजों के क्रियान्वयन, इन तीनों के मेल से भारत का विभाजन हुआ था। आज एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में जब यह सच्चाई सामने रखी जा रही है कि जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन तीनों ही जिम्मेदार भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार हैं, तब कुछ राजनीतिक दल और विचारधाराएँ इसे विवादित बताने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन वस्तुतः यह विवाद केवल वैचारिक है, तथ्यात्मक नहीं। ऐतिहासिक दस्तावेज़, कांग्रेस नेताओं के भाषण, जिन्ना के वक्तव्य और ब्रिटिश शासन के आधिकारिक रिकार्ड इस सच्चाई की गवाही देते हैं। कोई भी निष्पक्ष इतिहासकार इस तथ्य को नकार नहीं सकता कि विभाजन इन्हीं तीन शक्तियों के आपसी तालमेल और निर्णय का परिणाम था। विभाजन का संक्षेप में सत्य यही है कि मुस्लिम लीग ने मांग रखी, कांग्रेस ने उसे स्वीकार किया और अंग्रेजों ने उसका क्रियान्वयन किया। यह तीन वाक्य ही उस पूरी त्रासदी का सार हैं, जिसने करोड़ों लोगों को उजाड़ दिया और भारत की आत्मा को गहरी चोट पहुँचाई। वस्तुतः इस सच्चाई को नई पीढ़ी को जानना अति आवश्यक है कि यदि हम अपने इतिहास को सही रूप में नहीं जानेंगे तो भविष्य की गलतियों से कैसे बचेंगे विभाजन केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए चेतावनी है। यह हमें बार-बार याद दिलाता है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा, वैचारिक कमजोरी और बाहरी शक्तियों का हस्तक्षेप मिलकर किस तरह किसी राष्ट्र की एकता को तोड़ सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था, हमारी पाठ्यपुस्तकें और हमारी सामूहिक स्मृति इस सच्चाई को स्वीकार करें और आने वाली पीढ़ियों को बताएं कि विभाजन किसकी जिम्मेदारी थी। अतः राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के विशेष शैक्षिक मॉड्यूल में भारत के विभाजन के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जो जिम्मेदार ठहराया गया है और 'विभाजन के अपराधी' शीर्षक से कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए अलग-अलग रूप में जो अपना प्रकाशन किया है वह सही है। वास्तव में यह बताया है कि किसकी गलतियों के कारण से विभाजन के समय करीब 6 लाख लोग मारे गए और 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यहां कहना यही है कि आज सभी को बिना विवाद के इतिहास के इस सच को स्वीकार करना चाहिए, निसंदेह अपने वर्तमान को सही तथ्यों से अवगत करना हम सभी का कार्य है, यदि सरकार ये कार्य कर रही है, तो हमें उसका समर्थन करना चाहिए न कि विरोध। सही अर्थों में यह भी देश भक्ति है और देश हित । **-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

## महिला सशक्तिकरण और अपराध की दुनिया में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

**मनोज कुमार अग्रवाल**

हमारे देश में महिलाओं को वात्सल्य और ममता की प्रतिमूर्ति माना जाता है। बढ़ते आधुनिकीकरण के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति कर रही हैं। निसंदेह यह प्रशंसा और गौरव की बात है कि महिलाएं अब चौके -चूल्हे से लेकर कंप्यूटर और लड़ाकू विमान तक सफलतापूर्वक संचालित कर रही हैं। आज के दौर में महिलाओं की अधिकांश उपलब्धियों पर गर्व ही होता है। ऐसे में देश भर में महिलाओं की अपराध में भागीदारी निरंतर बढ़ना चिंताजनक है। सोनम और मुस्कान ही नहीं हजारों अन्य महिलाओं ने भी शातिर अपराधियों की तर्ज पर अपराध को अंजाम दिया है। पहले अपराध की दुनिया में पुरुषों का ही बोलबाला रहता था, लेकिन अब महिलाएं यहां पर भी पुरुषों से पीछे नहीं रहीं। बीते पांच साल में अपराध की काली दुनिया में महिलाओं की गिनती तीन गुणा बढ़ी है। नशा तस्करी, ह्यूमन ट्रेफिकिंग, बच्चा चोरी, साइबर क्राइम लूटपाट, हत्या से लेकर लगभग सभी अपराधों को इन दिनों महिलाएं पुरुषों की तरह अंजाम दे रहीं हैं। कई मैट्रो शहरों में चैन स्नैचिंग डकैती लूट जैसे दुस्साहसी अपराधों में सीधे तौर पर अथवा पुरुष साथी के सहयोगी के तौर पर भागीदारी निश्चित तौर पर भारतीय समाज को चौंकाने वाली है। देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली के शेष देश की अपेक्षा अधिक सुरक्षित होने की उम्मीद की जाती है परन्तु वास्तविकता इसके विपरीत ही है। एक ताजा रिपोर्ट बताती है कि इस समय राजधानी दिल्ली के अपराध जगत में पुरुषों के साथ-साथ महिला अपराधी भी समान रूप से सक्रिय हैं। कमोबेश यही हालात देश के दूसरे शहरों में भी तेजी से पैदा हो रहे हैं। इसका उदाहरण कुछ समय पहले तब मिला जब नई दिल्ली के एक इलाके में नाबालिगों ने कुणाल नामक किशोर को सरेआम चाकुओं से बींध डाला और निकट ही खड़ी 'सीलमपुर की लेडी डॉन' के नाम से कुख्यात 'जिक्रा खान' इस घटना को चुपचाप देखती रही। वह पहले गैंगस्टर 'हाशिम बाबा', जो इस समय जेल में है, की पत्नी की बाउंसर थी पर बाद में उसने अपना गिरोह बना लिया। नाबालिग लड़कों को भर्ती करके उन्हें हत्या करने की ट्रेनिंग देने में माहिर 'जिक्रा खान' की 'कुणाल' की हत्या में संलिप्तता ने उसे दिल्ली की सबसे खतरनाक औरतों में शामिल कर दिया है। 'जिक्रा खान' जैसी महिलाएं हाशिए से उठ कर आज दिल्ली के अंडर वर्ल्ड की अगली पंक्ति में आ खड़ी हुई हैं जो करोड़ों रुपयों का नशे का व्यापार करने के साथ-साथ लोगों की हत्या और महिलाओं तथा बच्चों की तस्करी में शामिल पाई जा रही हैं। एक अध्ययन में बताया गया है कि ये अपराधी महिलाएं क्रूरता बरतने के मामले में पुरुष अपराधियों से कम नहीं हैं। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, सत्ता में आने के इनके तरीके भी अलग-अलग हैं। कुछ महिलाएं गरीबी से निकल कर अपराध की दुनिया में आईं जबकि कुछ अन्य महिलाओं ने पुरुष गैंगस्टरों के साथ जाने को प्राथमिकता दी और उनके जेल चले जाने पर उनका धंधा संभाल लिया। ये गैंगस्टर महिलाएं लोगों के सामने आम औरतों की तरह अपनी 'बेचारी' या 'कमजोर' वाली छवि का इस्तेमाल कर भीड़ में लुप्त हो जाती हैं। दिल्ली में बॉस महिला अपराधियों की सूची लगातार बढ़ रही है। इनमें सबसे बड़ा नाम 'सोनू पंजाबन' उर्फ गीता अरोड़ा का है जो अपने पति की मौत के बाद जी.बी. रोड में देह व्यापार के धंधे की निर्विवाद सरगना बन गई। पुलिस के अनुसार वह माडर्न ग्राहकों को प्रभावित करने के लिए इस धंधे से जुड़ी लड़कियों को थोड़ी-बहुत अंग्रेजी सिखाने के साथ-साथ माडर्न लुक देती थी। वर्ष 2011 में उसे 'मकोका' के तहत गिरफ्तार किया गया था। 'सोनू पंजाबन' का पहला गैंगस्टर पति 2004 में तथा दूसरा पति 2006 में मारा गया। 'पोक्सो' तथा मानव तस्करी के कानून के अंतर्गत पकड़ी जाने से पहले 'सोनू पंजाबन' का वेश्यावृत्ति गिरोह हाई प्रोफाइल ग्राहकों को नाबालिग लड़कियों की सप्लाई किया करता था। महिला अपराधियों में एक नाम 'जोया खान' का है, जिसने 2019 में अपने पति 'हाशिम बाबा' के जेल चले जाने के बाद उसके गिरोह को चलाने की जिम्मेदारी संभाली और हाल ही में 1 करोड़ रुपए मूल्य की 225 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किए जाने तक उसने यह धंधा चालू रखा। कुछ महिला गैंगस्टर तो अपने-अपने इलाकों में इतनी प्रसिद्ध हो गई हैं कि शरारती बच्चों के माता-पिता उन्हें डराने के लिए इन 'लेडी डॉन' के नाम का इस्तेमाल तक करने लगे हैं।

### सेहत मंत्र

## भोजन में करीपत्ते के इस्तेमाल से मिलेंगे जबरदस्त स्वास्थ्य लाभ

अक्सर घरों में भोजन का स्वाद बढ़ाने के लिए करीपत्ते का इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण भारत में तो इसके बिना भोजन बनाया ही नहीं जाता। करीपत्ते का तड़का किसी भी व्यंजन के स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है। लेकिन वास्तव में यह सिर्फ स्वाद के लिए ही नहीं होता, बल्कि इसकी मदद से आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। तो चलिए आज हम आपको करीपत्ते से मिलने वाले कुछ बेहतरीन स्वास्थ्य लाभों के बारे में बता रहे हैं- पोषक तत्वों की भरमार- करीपत्ता देखने में भले ही छोटा सा हो लेकिन इसमें पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट, ऊर्जा, फाइबर, प्रोटीन, मैग्नेशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन व कॉपर आदि मिलते हैं। इसके अतिरिक्त इसके सेवन से आपको विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन ई प्राप्त होते हैं। इतना ही नहीं, इसमें कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट्स, एमिनो एसिड्स, नायसिन व फ्लावोनोइड्स पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जाते हैं। आंखें बनाए स्वस्थ- करीपत्ता आपकी आंखों के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। दरअसल, इसमें विटामिन ए पाया जाता है, जो आपकी आंखों की रोशनी के लिए काफी जरूरी होता है। अगर आपको पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए मिलता है, तो आपकी आंखें लंबे समय तक हेल्दी रहती हैं और आपको जल्दी चश्मा नहीं लगता। दस्तों में लाभदायक-करीपत्ता आपके पाचन तंत्र के लिए काफी अच्छा होता है। खासतौर से, दस्त होने पर इसका सेवन अवश्य करना चाहिए। करी पत्तियों में मौजूद कार्बाज़ोल एल्कोलोइड एक एंटी-डायरियल की तरह काम करता है। दस्त होने पर आप करीपत्ते को पीस कर उसे पेस्ट के रूप में सेवन करें या फिर आप इसका रस निकाल कर भी पी सकते हैं। तनाव से मुक्ति- करीपत्ता एंटीऑक्सीडेंट का एक अच्छा स्त्रोत है। इसमें मौजूद विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी और विटामिन ई आपके शरीर में स्ट्रेस के लेवल को कम करके आपको तनावमुक्त रखते हैं। वहीं करी पत्ता में पाया जाने वाला तत्व ल्यूकेमिया, प्रोस्टेट कैंसर तथा कोलोरेक्टल कैंसर से आपका बचाव करता है।

### धर्म मंत्र

## राशि अनुसार घर में रख लें कछुआ गरीबी हमेशा के लिए हो सकती है दूर

जिस प्रकार भारत में वास्तु का चलन है, ठीक उसी प्रकार चीन में फेंगशुई प्रचलित है। फेंगशुई के उपायों से घर में सकारात्मकता बनी रहती है और पैसों की कमी दूर हो सकती है। उज्जैन की एस्ट्रोलॉजर डॉ. विनिता नागर के अनुसार फेंगशुई का कछुआ घर में रख लिया जाए तो बड़ी-बड़ी परेशानियां भी दूर हो सकती हैं। मेष राशि- इस राशि के लोग अपने घर के मंदिर में कछुआ रखना चाहिए। ये कछुआ मिट्टी या स्फटिक का होना चाहिए। रोज सुबह इसकी पूजा करें। वृष राशि- वृष राशि के लोग बेडरूम में या मंदिर में हरे रंग का कछुआ रखें। मिथुन राशि- मिथुन राशि वाले अपने पूजा घर में कछुआ रखें। इसका रंग मटमैला होना चाहिए और ये कछुआ मिट्टी का हो तो शुभ रहेगा। कर्क राशि- ये लोग अपने मंदिर में मिट्टी का कछुआ रखेंगे तो बहुत अच्छा रहेगा। यह कछुआ आसमानी रंग का होगा तो अच्छा रहेगा। सिंह राशि- इस राशि के लोग लाल रंग का कछुआ अपने पूजा घर में रखें। कन्या राशि- कन्या राशि के लोग अपने पूजा घर में भूरे रंग का मिट्टी का कछुआ रखें। तुला राशि- इस राशि के लोग अपने घर में पीला कछुआ रखेंगे तो बहुत ही शुभ होगा। वृश्चिक राशि- जिन लोगों की राशि वृश्चिक है, वे लोग अपने मंदिर में नीला कछुआ रखें। धनु राशि- धनु राशि वाले लोग पीले रंग का कछुआ घर में रखेंगे तो सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं। मकर राशि- मकर राशि के लोग अपने पूजा घर जामुनी कछुआ रखेंगे, जल्दी ही शुभ फल मिल सकते हैं। कुंभ राशि- कुंभ राशि के लोगों को अपनी परेशानियां दूर करने के लिए मिट्टी का काला कछुआ रखना चाहिए। मीन राशि- मीन राशि के लोगों को सफ़ेद या नीला कछुआ अपने घर के मंदिर में रखना चाहिए।

### पर्यटन



## चाय की खुशबू में बसा खूबसूरत संसार है केरल का मुन्नार

देश में कश्मीर के अलावा और भी स्वर्ग मौजूद हैं, 'ईश्वर का अपना देश' माने जाने वाले केरल के इदुक्की जिले में स्थित मुन्नार को देखकर आप भी यही कहेंगे। प्रकृति प्रेमियों के साथ-साथ यह बाइकर्स और ट्रैकर्स के लिए भी स्वर्ग है। यदि आप रोमांचक खेलों के शौकीन हैं तो मुन्नार आपकी यात्रा को बना सकता है यादगार। किसी कैनवास पर उतरी चित्रकारी की तरह है मुन्नार। मन को हर्षित कर देने वाली हरियाली, इधर-उधर बलखाती नदियां, नीलगिरि की घुमावदार पहाड़ियां और घाटियां। ऊंचाई से गिरते झरने और ठंडा मौसम। तकरीबन 1700 मीटर की ऊंचाई पर बसे इस हिल स्टेशन की घुमावदार गोल-गोल पहाड़ियों पर एक ही ऊंचाई के चाय के पौधे ऐसे प्रतीत होते हैं जैसे किसी सम्राट के स्वागत में पूरे इलाके में हरे मखमली कालीन बिछा दिये गये हों। ऊंचे पहाड़ों और बादलों से अटखेलियां करते हुए आती सूरज की किरणें हरी-भरी घाटियों के कुदरती रंगों को और भी मनमोहक बना देती हैं। यहां के जंगलों के पेड़ कई रंग लिए होते हैं। हरे, लाल, भूरे, कत्थई रंग के इन पेड़ों से बने दृश्यों के साथ आप खुद कल्पना कर सकते हैं प्रकृति के विशाल कैनवास पर ये दृश्य चित्रकारी के कैसे दिलकश नजारे पेश करते होंगे ! यदि आप सोच रहे हैं कि केरल केवल मसालों के लिए मशहूर है तो मुन्नार आएं, आपका यह भ्रम दूर हो जाएगा। आप जान सकेंगे कि असम, दार्जिलिंग के साथ-साथ मुन्नार में भी चाय के बगान हैं। इस जगह पर दसवीं शताब्दी से बसावट शुरू हुई। 19वीं शताब्दी आते-आते यहां छोटे-छोटे गांव बनने शुरू हो गए। चोलों के आक्रमण से बचते-बचाते मदुरै का पून्जार राज परिवार केरल के इस क्षेत्र में आ बसा था। त्रावणकोर के कमिश्नर के रूप में जॉन डेनिएल मुनरो ने सन 1877 में राज परिवार से एक लाख तीस हजार एकड़ से अधिक भूभाग पट्टे पर खेती के लिये ले लिया और उस पर कॉफी के साथ मसालों की खेती प्रारंभ करा दी। ए.एच. शार्प ने सबसे पहले यहां चाय की खेती की नींव डाली।

# बाराबंकी में किसानों को राहत, 8081 कृषकों को 797 मीट्रिक टन यूरिया वितरित

## यूरिया वितरण में बाराबंकी अव्वल : हजारों किसानों को मिली बड़ी राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। किसानों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आज जनपद की बी-पैक्स समितियों, सहकारी संस्थाओं एवं निजी बिक्री केन्द्रों के माध्यम से 797.184 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण कर 8081 कृषकों को लाभान्वित किया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि कल 19 अगस्त को जनपद की कुल 53 बी-पैक्स/समितियों – बंधौली, निंगरी, मोहम्मदपुर बंकी, असेनी, नानमऊ, सतरिख, इब्राहिमाबाद, शरीफाबाद, बरायन, बड़ागांव, भयारा, सहकारी संघ बड़ागांव, प्यारेपुर सैरया, मामापुर कुसुम्भा, कैथी सरैया, फतेहपुर खत्तीभार, सहकारी संघ पवैयाबाद, रसूलपनाह, सरैया मोतिबर नगर, मदनपुर कैथा, ब्रहमणीटोला, सैंदर, निन्दूरा, बसारी, केसरई, दोहई, बिझला, त्रिलोकपुर, विछलखा, शेषपुर अलीपुर, अशोकपुर, सिरौलीगौसपुर, सरायदुनौली, बडनपुर, बांसगांव, कोटवाधाम, अकरबपुर, बनीकोडर, दिलौना, रामपुर, मोहम्मदपुर उपाध्याय, नसीपुर, उसमानपुर, छूलापाही, शेषपुर दमोदर, न्योछना, सेमरावां, हैदरढ़, पेचरूवा, लक्ष्मनपुर, भिलवल एवं मवइया मझगवां – पर कृषकों को खतौनी के आधार पर लेखपाल की उपस्थिति में यूरिया वितरण किया जाएगा।

**आधार कार्ड व खतौनी अनिवार्य**

किसान भाइयों को उर्वरक प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड व खतौनी साथ लाना अनिवार्य होगा। सभी बिक्री केन्द्र सुबह 9 बजे से खोल दिए जाएंगे तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक यूरिया वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

**भंडारण न करें, आवश्यकता अनुसार ही लें**

प्रशासन ने अपील की है कि किसान यूरिया को लेकर कतई परेशान न हों। समितियों एवं निजी बिक्री केन्द्रों पर निरंतर आपूर्ति कराई जा रही है। कृषक भाई अपनी जोत व आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक लें तथा अग्रिम फसल हेतु भंडारण न करें।

**शिकायत हेतु हेल्पलाइन नम्बर**

यूरिया वितरण से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए किसान उर्वरक कंट्रोल रूम नम्बर 9116295764 तथा समितियों से संबंधित शिकायत हेतु 9653006799 पर तत्काल संपर्क कर सकते हैं।

# ग्रामीण अंचलों में भी लहराया शान से तिरंगा भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी । जिले के ग्रामीण अंचलों में स्वतंत्रता दिवस परंपरागत हर्षोल्लाह से मनाया गया। शैक्षणिक संस्थानों में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए। बंदेपुरवा स्थित जेबीए इंस्टीट्यूट, में 79वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रबन्धक महोदया श्रीमती पूनम मैम जी द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया, इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि ञ्हमारा राष्ट्र अनगिनत वीरों के त्याग और संघर्ष का परिणाम है। स्वतंत्रता केवल एक उपहार नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाती है। हम सबको सामाजिक एकता, समरसता और शिक्षा के माध्यम से देश की उन्नति में योगदान देना चाहिए। इसी क्रम में विकास भवन के समीप स्थित ब्राइट फ्यूचर एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के अध्यक्ष महन्त बी बी. दास जी ने ध्वजारोहण कर किया।इसके उपरान्त महापुरुषों महात्मा गांधी , चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह आदि को नमन करते हुए उनके चित्रों पर पुष्प सुमन अर्पित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया।विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष महन्त बी.बी. दास ने भारत वह राष्ट्र है जिसने दुनिया को ज्ञान, विज्ञान, साहित्य, कला, दर्शन, गणित, भाषा और विद्या का धन दिया। वेद दुनिया की सबसे पवित्र, ज्ञान-विज्ञान, कृषि, व्यापार, शिक्षा और शांति का संदेश देनेवाली पुस्तक का उद्भव स्थल है। हमारी इस मातृभूमि को स्वतंत्र और सम्पन्न बनाये रखने के लिए समय-समय पर अनगिनत बलिदानियों ने बलिदान किया। विदेशी आक्रांताओं से मातृभूमि की रक्षा का सवाल हो या विदेशी लुटेरों, डाकुओं और अपहरणकर्ताओं से धन एवं महिलाओं को छुड़ाने का सवाल हो, देश के महान सपूतों ने अपना बलिदान देकर भी यह स्वधर्म के पालन का कार्य किया। प्रबन्धक मनोज तिवारी ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिकाए नीती शुक्ला, रूचि वर्मा, निधि वर्मा, रिचा शुक्ला, राजक्रन्ती, सीमा वर्मा, पूनम वर्मा, रश्मि सिंह, मानसी सोनी, शिवानी दूबे, रिचा रावत, अनुशिका ,प्रतीसा रावत शालू यादव व गणमान्य नागरिक अनूप सिंह महेन्द्र विक्रम, अजय त्रिपाठी, अरुनेद्र,संतोष, जितेन्द्र, आदि उपस्थित रहे।इसी क्रम में महंत श्री दास ने नगर पालिका मार्केट कंपाउंड स्थित लोधेश्वर महादेवा शुश्रूषा ट्रस्ट शिविर कार्यालय मैं सदस्यों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

# भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट की मासिक बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट की मासिक बैठक गन्ना संस्थान में जिला अध्यक्ष विक्रांत सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन विस्तार को लेकर भी गंभीर मंथन हुआ। इस अवसर पर नगर महासचिव नियाज अहमद व ब्लॉक महासचिव मोहम्मद आमीन को संगठन की सदस्यता दिलाई गई और मनोनीत किया गया। बैठक में यूरिया खाद की समस्या प्रमुख मुद्दे के रूप में छाई रही। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि किसानों को खाद के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकारी समितियों पर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, किसान दिनभर लाइन में खड़े रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब किसान मजदूरों के राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं और कई परिवारों की यूनिटें भी नहीं बढ़ रही हैं, जिससे आमजन परेशान हैं।

सैनी ने आगे बताया कि देवा रोड स्थित रिलायंस कंपनी द्वारा सड़क पर फैलाई गई कीचड़ से आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं और कई की जान भी जा चुकी है। वहीं, नगर अध्यक्ष जैद अंसारी ने आलापुर के पास डिवाइडर निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यहां लगातार हादसे हो रहे हैं, जिससे लोगों की जान जा रही है और कई गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं।

बैठक में यह भी कहा गया कि बरसात के मौसम में बीमारियां तेजी से फैल रही हैं, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और साफ-सफाई अभियान चलाया जाए। ग्राम पंचायत बंकी, तिलोला रोड, जहांगीराबाद रोड सहित कई मार्गो पर सड़क किनारे झाड़ियां व गड्ढे बने हुए हैं, जिन्हें तत्काल दुरुस्त कराना आवश्यक है।

संगठन ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आगामी 18 सितंबर को गन्ना संस्थान बाराबंकी में किसान पंचायत आयोजित की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी, अरविंद यादव, फूलचंद यादव, जैद अंसारी, देशराज गौतम, मोनू रस्तोगी, संजय यादव, अनु सिंह, विनय यादव, मेवा लाल रावत, वीरेंद्र यादव, संजय गुप्ता सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। क्या आप चाहेंगे कि मैं इसके लिए एक आकर्षक हेडलाइन भी सुझा दूँ, ताकि अखबार में और प्रभावी लगे?

## प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश की तिथि 24 अगस्त तक बढी

मसौली बाराबंकी। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद ने सत्र 2025-26 के लिए राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के चौथे चरण की अंतिम तिथि 24 अगस्त कर दी है इस दौरान उन अभ्यर्थियों को प्रवेश का मौका मिलेगा , जो पहले, दूसरे या तीसरे चरण में चयनित नहीं हो सके या चयनित होने के बावजूद किसी कारण से प्रवेश नहीं ले पाए हैं। इसके साथ ही, नए अभ्यार्थियों को भी प्रवेश का मौका मिलेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नवाबगंज, बड़ागांव बाराबंकी के प्रधानाचार्य महेश चंद्र ने बताया कि राजकीय संस्थानों मे जनपद स्तरीय चयन के लिए अभ्यार्थी स्थाई (ग्रह जनपद) व अस्थाई पते से संबंधित जनपद की सीटों में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। राजकीय/निजी संस्थानों मे अभ्यार्थियों को वेबसाइट पर जाकर चौथे चरण के लिए रैंक पर किल्क करने पर दो विकल्प पूर्व पंजीकृत अभ्यार्थी की रैंक एवं नवीन आवेदन कर्ताओं की रैंक प्राप्त होगी अभ्यार्थी को उक्त विकल्पों मे से अपने आनलाइन आवेदन की स्थिति के अनुसार पंजीकरण संख्यां एवं जन्मतिथि की प्रविष्टि करने पर उसकी रैंक प्रदर्शित होगी ।

# कर्बला के शहीदों की याद में ग्राम बांसा में चेहल्लुम अकीदत के साथ सम्पन्न

## ताजियों की जियारत व जुलूस से गमगीन हुआ माहौल, जगह-जगह शबील और खाद्य वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मसौली बाराबंकी। हजरत इमाम हुसैन (रजि0) और कर्बला के शहीदों की याद में ग्राम बांसा में चेहल्लुम का आयोजन रविवार और सोमवार को पूरी अकीदत व सादगी के साथ संपन्न हुआ। देर रात्रि तक चौकों और भव्य पंडालों में रखी गई ताजियों की जियारत के लिए जायरीन का तांता लगा रहा। भोर पहर निकाले गए ताजियों के जुलूस ने पूरे क्षेत्र को गमगीन माहौल में डुबो दिया। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरता हुआ देर शाम कर्बला पहुंचा, जहां नम आँखों और रोते दिलों के साथ ताजियों को सुपुर्दे-ख़ाक किया गया। इस दौरान अकीदतमंदों ने मातमी अंदाज़ में इमाम हुसैन (रजि0) और उनके 72 जांनिसार साथियों की शहादत को याद कर आँसू बहाए। ग्राम बड़ेगाँव की अंजुमन गुलाम जाने हुसैन के अलावा बांसा और जैदपुर के जकरिया मोहल्ले की अंजुमनों ने पूरी रात और दिनभर गूंजती रही नोहेख्वानी कर माहौल को रूहानी बना दिया। जगह-जगह स्थापित शबीलों पर अकीदतमंदों और राहगीरों को शीतल जल पिलाया गया। वहीं पुलाव सहित विभिन्न खाद्य सामग्री का वितरण कर सेवा और भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों और बाहर से आए जायरीन की भारी भीड़ उमड़ी। हर तरफ गम और इमाम हुसैन (रजि0) की कुर्बानी की याद ताजा होती रही। चेहल्लुम का यह आयोजन एक ओर श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक रहा तो दूसरी ओर इंसानियत, बलिदान और भाईचारे की मिसाल पेश करता नजर आया।

## ग्राम प्रधान ने नवीन परती की भूमि पर अवैध निर्माण पर दर्ज कराया मुकदमा

तिलोई अमेठी,थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के राजस्व ग्राम अहोरवा भवानी में नवीन परती की बेशकीमती भूमि पर अवैध निर्माण किये जाने का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान ने मामले की शिकायत कर आला अधिकारियों से गुहार लगाई। स्थानीय पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर अवैध निर्माण करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की इतिश्री कर दी है। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत अहोरवा भवानी के सरकारी अभिलेखों में नवीन परती के नाम अंकित भूमि गाटा संख्या 268/0.089 हेक्टेयर पर गांव के ही रामहरख पुत्र रामऔतार द्वारा पूर्व मे पक्की दीवाल बनाई थी जिसको क्षेत्रीय लेखपाल मे पैमाइश कर हटाने हेतु नोटिस दी गयी थी परन्तु रामहरख द्वारा उक्त पक्की दीवाल पर शटरिंग लगाकर छत डालने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बार बार रोकने के बावजूद उक्त व्यक्ति द्वारा कार्य नही बंद किया जा रहा है। ग्राम प्रधान द्वारा सरकार की बेशकीमती जमीन बचाने के लिये कई दिनों से आला अधिकारियों का चौखट की परिक्रमा की जा रही थी। पुलिस ने ग्राम प्रधान दिनेश जायसवाल की तहरीर पर अवैध निर्माण ल करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान में संगठन को युद्ध स्तर पर कार्य करने की ज़रूरत: अनिल दीक्षित

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में नवीन मार्किट स्थित भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर जिले के कार्यालय में सभी मंडल अध्यक्षों व मंडल प्रभारियों से बारी-बारी से पार्टी के चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। यह जानकारी सोमवार को भाजपा उत्तर के जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने दीं। जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित ने बताया कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता 24 घंटे व सातों दिन राष्ट्र सेवा व समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं । हमारे शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिया गया कोई कार्यक्रम और अभियान मंडल से लेकर बूथ तक क्रियानवित होना चाहिए।

# रो-रोकर नौटंकी, परनाला बन गया 'पर्दाफाश'

## हैदरगढ़ तहसील में महिला का हाई प्रोफाइल ड्रामा, प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश नाकाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। तहसील हैदरगढ़ में संपूर्ण समाधान दिवस के समापन पर एक महिला द्वारा किया गया हाई प्रोफाइल ड्रामा चर्चा का विषय बना रहा। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी जब कार्यक्रम समाप्त कर बाहर निकल रहे थे तभी अलमापुर गांव निवासी सत्यभामा सिंह अचानक उनके सामने गिरकर रोने-चिल्लाने लगी साथ ही प्रशासन को पूरा दबाव में लाने का हर स्तर पर प्रयास किया गया । दरअसल महिला का आरोप था कि विपक्षियों ने नाली पर दीवार खड़ी कर दी है जिससे जल निकासी बंद हो गई है। लेकिन जिलाधिकारी के निर्देश पर जब राजस्व टीम मौके पर पहुँची तो सच्चाई कुछ और ही निकली। जांच में पाया गया कि जलनिकासी की कोई समस्या नहीं थी, बल्कि खुद महिला ने ही दूसरे के घर पर जबरन परनाला गिरा दिया था और बेवजह विवाद खड़ा किया।इतना ही नहीं, सूत्रों का कहना है कि महिला अपने साथ चूहा मार दवा लेकर पहुँची थी ताकि अधिकारियों को धमकाकर अपनी मनमानी करा सके। जब उसने दवा निकालने की कोशिश की तो प्रशासन ने तत्काल उसे अपने कब्जे में लेकर स्थिति को संभाला। गौरतलब है कि सत्यभामा सिंह पहले भी विपक्षियों पर कई मुकदमे दर्ज करा चुकी हैं और अब नौटंकी कर प्रशासन को गुमराह करने की कोशिश कर रही थीं। जांच में स्पष्ट हुआ है कि विवादित जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है और प्रशासन किसी भी तरह का गैरकानूनी हस्तक्षेप नहीं कर सकता।फिलहाल राजस्व और पुलिस की टीम ने निर्देशित किया कि माननीय न्यायालय के निर्णय के उपरांत ही आदेश के क्रम में कोई कार्रवाई करेंगे और पूर्व से हो रही जलनिकास को अवरुद्ध नहीं करेंगे एसडीएम श्री राजेश विश्वकर्मा द्वारा प्रभारी निरीक्षक को आदेश दिया गया कि कानून व्यवस्था को देखते हुए नियम संगत कार्रवाई करे वहीं दोनों पक्षों को निर्देश दिया गया की किसी भी प्रकार का बाद विवाद नहीं करेंगे कोई समस्या होगी तो उच्चाधिकारियों से वार्ता करेंगे।

## जरगो जलाशय में मूर्ति विसर्जन के बाद स्नान करते समय युवक डूबा, मौत

मीरजापुर। अहरौरा थाना क्षेत्र स्थित जरगो जलाशय में सोमवार शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत मूर्ति विसर्जन करने आए एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अदलहाट थाना क्षेत्र के पचेगड़ा गांव निवासी 18 वर्षीय मनीष सिंह पुत्र संतोष सिंह मूर्ति विसर्जन के बाद साथियों संग स्नान करने लगा। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सूचना पर इमिलिया चट्टी चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा भेजा। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने बताया कि युवक की मौत स्नान करते समय पानी में डूबने से हुई है।

## एसडीएम ने सुना जन शिकायतें निस्तारण गति धीमी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व विभाग 23, पुलिस 7, विकास 4, विधुत 3, शिक्षा 1, अन्य 2 सहित 40 शिक़ायती पत्र आए जिसमें 4 का निस्तारण हुआ शेष संबंधित को निस्तारित के लिए आदेश किया गया। तहसील सभागार रामनगर'' उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस मौके पर तहसील स्तरीय सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।समाधान दिवस में विभिन्न कुल 39 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## छेड़छाड़ का विरोध ग्रामीण को भारी पड़ा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामनगर क्षेत्र में ग्राम गोंदौरा के पास दो छात्राओं से चार बाइक सवार युवकों ने छेड़छाड़ की।जिसका विरोध करने पर एक ग्रामीण मारुति नंदन को शोहदों ने पीटकर घायल कर दिया।शोर सुनकर अन्य ग्रामीण वहां पर पहुंचे किंतु तब तक आरोपी फरार हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्राओं के बयान दर्ज किए जिसमें दो आरोपियों की पहचान कुणाल व आदित्य के रूप में हुई है।घायल ग्रामीण को सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया है।आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है जिस पर थाना प्रभारी ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## विद्यालय फंड के दुरुपयोग मामले में खंड शिक्षा अधिकारी ने की जांच

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिक्षा क्षेत्र फतेहपुर की ग्राम पंचायत गौरा सैलक में प्राथमिक विद्यालय निर्माण को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। सरकार की ओर से विद्यालय निर्माण के लिए स्वीकृत 25 लाख रुपये को लेकर ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन समिति ने प्रधानाचार्य पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाचार्य ने विद्यालय प्रबंधन समिति को बिना सूचना दिए ही बैंक से पूरी राशि निकाल ली। लंबे अवकाश के बाद जब वे विद्यालय लौटे तो ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने इसका कड़ा विरोध किया। समिति को आशंका है कि प्रधानाचार्य विद्यालय के रजिस्टर में हेरफ़ेर कर सकते हैं। सोमवार सुबह से ही ग्रामीण और विद्यालय समिति के सदस्य विद्यालय के बाहर जमा हो गए। इसकी जानकारी मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर आराधना अवस्थी मौके पर पहुंचीं और सभी पक्षों के बयान दर्ज किए। शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाचार्य को फटकार लगाते हुए विद्यालय के सभी रजिस्टर अपने कब्जे में ले लिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों और समिति को आश्वासन दिया कि इस मामले में जांच कमेटी बनाई जाएगी। जांच पूरी होने के बाद ही विद्यालय निर्माण कार्य शुरू होगा और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने डांट से क्षुब्ध होकर घर से निकले बालक को परिजनों के सुपुर्द किया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कमरौली पुलिस ने कालर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये यूपी 112 पीआरवी द्वारा गुमशुदा बालक को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।सोमवार को दिन में एक बजे यूपी 112 पर कालर से सूचना प्राप्त हुई कि एक बालक अहम कनौजिया पुत्र राकेश कुमार कनौजिया निवासी ग्राम यूपीएसआईडीसी कालोनी थाना कमरौली डांट से क्षुब्ध होकर घर से कहीं चला गया है।पीआरवी 5353 द्वारा तत्काल बालक के पिता को साथ लेकर आस-पास के लोगों से बालक के बारे में पूंछताछ की जा रही थी तभी एक व्यक्ति ने बताया कि एक तेरह चौदह वर्ष का लड़का एक नम्बर गेट के पास पेड़ पर चढ़ा है।पीआरवी कर्मी व बालक के पिता गेट नम्बर एक के पास पहुंचे तो देखा कि बालक पेड़ पर चढ़कर बैठा है। पीआरवी कर्मियों द्वारा बालक को समझाया बुझाया गया एवं सुरक्षित पेड़ से नीचे उतारा गया। पीआरवी कमांडर नीलेश कुमार व पायलट राजेश शुक्ला द्वारा नियमानुसार तस्दीक करते हुए बालक को सकुशल उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। बालक के माता पिता व स्थानीय लोगों द्वारा यूपी 112 पीआरवी स्टाफ को धन्यवाद दिया गया।

# चोरों ने सेंध लगाकर हजारों का सामान उड़ाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। धनपतगंज थाना क्षेत्र के पीरो कला ग्रामसभा में रविवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार उषादेवी पत्नी रूपनरायन धरिकार के मकान में चोर दीवार में नकबजनी कर घुस गए और घर में रखा सामान समेट ले गए। चोरों ने घर से 10 हज़ार रुपये नकद, सोने की अंगूठी, सोने का टफ, चाँदी का टफ तथा चाँदी की जंजीर उड़ा दी। अलसुबह घटना की भनक लगते ही घरवालों में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने मामले की सूचना स्थानीय थाने को दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश जारी है।

## 11 माह के बच्चे की हत्या में 14 साल की किशोरी पर मुकदमा

बागपत। बागपत जनपद के छपरौली थाना क्षेत्र स्थित टांडा गांव में रविवार को मिले 11 माह के बच्चे की हत्या में किशोरी पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने बच्ची को कस्टडी में लेकर कानूनी कार्रवाई करते हुए बाल न्यायालय भेज दिया है। घटना रविवार की रात्रि की है, जहां छपरौली थाना क्षेत्र स्थित टांडा गांव के एक मदरसे में 11 माह के बच्चे की हत्या हो गई। बच्चे का शव मौलवी के कमरे में रखे बेड से बरामद किया गया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर पुलिस ने पास ही के गांव काकोर की रहने वाली एक 14 वर्षीय किशोरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसने बच्चे के मौत की स्थिति पुलिस को बताई है। उसने बताया कि मौलवी की पिटाई से वह नाराज थी और उसने 11 माह के बच्चे को मौलवी के कमरे में रखे बेड में सुला दिया था और ऊपर से कपड़ा ढक दिया था। जिससे बच्चे की मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है 14 वर्षीय किशोरी के मोबाइल की जांच कराई गई है।

# एशिया कप के लिए टीम का चयन: गिल की पहेली को सुलझाना सबसे बड़ी चुनौती

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत की राष्ट्रीय चयन समिति संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को जब 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी तो उसके सामने एक मजबूत टी20 ढांचे में शुभमन गिल जैसे शानदार बल्लेबाज को फिट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। इंग्लैंड दौरे ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल के लिए नौ से 28 सितंबर तक होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल नजर आ रहा है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए यह सबसे बड़ी पहेली होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट इस समय टी-20 प्रतिभाओं का कारखाना है, जिसमें कम से कम 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आने के लिए तैयार हैं और एक स्थान के लिए तीन से चार विकल्प उपलब्ध हैं। बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष तीन स्थानों के लिए समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर उपलब्ध हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने पिछले सत्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन (आईपीएल सर्वाधिक रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप विजेता) को भी उनसे कम करके नहीं आंका जा सकता। गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के बीच एक स्थान के लिए संघर्ष है। इन सबमें सबसे चतुर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को लंबे समय से नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। लेकिन चयनकर्ता केवल 15 खिलाड़ियों का ही चयन कर सकते हैं और टी-20 टीम के निर्णय लेने वाले पदों पर बैठे लोगों का दृष्टिकोण दिलचस्प है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से अंतिम एकादश में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना सही नहीं होगा। दूसरी विचारधारा यह है कि भारतीय क्रिकेट सभी प्रारूपों में खेलने वाले एक कप्तान के साथ सही दिशा में आगे बढ़ता है जो उसका सबसे बड़ा मार्केटिंग ब्रांड भी बन जाता है। इस मामले में गिल सभी हितधारकों के लिए एक स्पष्ट विकल्प हैं। सूर्यकुमार यादव के कुशल नेतृत्व में भारतीय टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत का है और उसने अपने पिछले 20 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है। इनमें से किसी भी मैच में गिल और जायसवाल शामिल नहीं थे। पिछले एक साल में टेस्ट प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने से पहले गिल और जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे और उन्होंने आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया। गिल दरअसल सूर्य कुमार के साथ उप कप्तान थे लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से हटना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया था। चयनकर्ता अगर गिल को 15 खिलाड़ियों में चुनते हैं तो उन्हें फिर अंतिम एकादश में भी रखना होगा, जिसका मतलब है कि संजू, अभिषेक या तिलक में से किसी एक को अपने बल्लेबाजी स्थान से समझौता करना होगा। शुभमन को टीम में शामिल करने का मतलब रिंकू सिंह को बाहर करना भी हो सकता है। इस बड़े हिटर ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के दौर में कोलकाता नाइट राइडर्स या भारत के लिए कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। अगर तेज गेंदबाजी विभाग की बात करें तो हार्दिक पंड्या एक बेहतरीन फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज हैं और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह का टीम में होना स्वाभाविक है, ऐसे में रिजर्व तेज गेंदबाज के स्थान के लिए तीन विकल्प हैं।

# टूर्नामेंट से बाहर हो गए कप्तान इशान किशन, चोटिल होने के चलते लिया फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली। ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर हो गए हैं। उनक जगह टीम में ओडिशा के विकेटकीपर आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन ई-बाइक चलाते हुए चोटिल हो गए थे। इस कारण उनके हाथ में टांके लगाने पड़े। हालांकि किशन की चोट अधिक गंभीर नहीं है। उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो चार-दिवसीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ए को भारत दौरे पर आना है जहां उनका सामना भारत ए से होगा। फिलहाल किशन बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में मौजूद हैं जहां वह चोट से उबर रहे हैं और उनकी फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है। किशन के अलावा ईस्ट जोन के लिए पहले मुकाबले में आकाश दीप भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, उन्हें भी आराम



की सलाह दी गई है। आकाश को कैसी चोट है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इशान की जगह ईस्ट जोन का कप्तान अभिमन्यु ईश्वरण को बनाया गया है। अब आकाश की जगह असम के मुख्तार हुसैन लेंगे। आकाश हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए थे, जहां वह मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट से निगल की वजह से बाहर हो गए थे। हालांकि पांचवें टेस्ट के लिए द ओवल में उन्होंने वापसी की थी जहां उन्होंने बतौर नाइट वॉचमैन दूसरी पारी में करियर का पहला अर्धशतक भी लगाया था। ईस्ट जोन अपने अभियान का आगाज शुभमन गिल की कप्तानी वाली नॉर्थ जोन के खिलाफ 28 अगस्त से करेगा। सभी मुकाबले बेंगलुरु के पास स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में खेले जाएंगे। ईस्ट जोन का उप-कप्तान भारत और असम के ऑलराउंडर रियान पराग को बनाया गया है। इस दल में दो और भारतीय अंतरराष्ट्रीय सितारे मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार है। शमी की वापसी पर सभी की निगाहें रहेंगे क्योंकि पिछले दो साल में शमी ने केवल एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है।

ईस्ट जोन टीम इस प्रकार है:- अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), आशीर्वाद स्वैन (विकेटकीपर), संदीप पटनायक, विराट सिंह, देनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), रियान पराग (उप-कप्तान), उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जयसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन और मोहम्मद शमी।

# महिला पैरा तीरंदाज शीतल देवी के साथ डेलॉइट इंडिया ने की साझेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। बहुराष्ट्रीय पेशेवर सेवा प्रदाता फर्म डेलॉइट इंडिया ने सोमवार विविध प्रतिभाओं के साथ जुड़ने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत दुनिया की पहली बिना हाथों वाली महिला पैरा तीरंदाज एवं पैरालंपिक पदक विजेता शीतल देवी के साथ साझेदारी की है। इस अवसर पर शीतल देवी ने कहा, ल्लपोडियम तक पहुंचने का सफर केवल एक व्यक्ति का नहीं होता, बल्कि उन लोगों का भी होता है जो आप पर विश्वास करते हैं और आपको ऊंचा लक्ष्य पाने का आत्मविश्वास देते हैं। मेरा हर तीर स्मरण कराता है कि कोई भी चुनौती असंभव नहीं है। मेरी यह यात्रा न सिर्फ़ मेरे दृढ़ संकल्प से, बल्कि उन लोगों और संगठनों के समर्थन से भी आकार लेती है जो मेरी क्षमता में विश्वास करते हैं। डेलॉइट इंडिया का प्रोत्साहन केवल एक संकेत से बढ़कर है, यह एक संदेश है कि सभी रूपों में प्रतिभा को देखा जाना चाहिए, उसको सम्मानित करना चाहिए और उसे भरपूर समर्थन देना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि मेरी कहानी दूसरों को चुनौतियां स्वीकारने, अपने सपनों को साकार करने और दृढ़ता की शक्ति को कभी कम न आंकने के लिए प्रेरित करेगी। डेलॉइट दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोमल शेट्टी ने कहा, ल्लभारत की सबसे बड़ी ताकत इसके लोगों में, उनकी बड़े सपने देखने, चुनौतियों से पार पाने और संभावनाओं को उपलब्धियों में बदलने की क्षमता में है। शीतल की यात्रा इस बात का एक स्वर्णिम उदाहरण है कि जब दृढ़ता और अवसर का मिलान होता है, तो क्या-कुछ अर्जित किया जा सकता है। डेलॉइट इंडिया में हमारा उद्देश्य केवल भारत की प्रगति का साक्षी बनना नहीं है, बल्कि महानगरों से आगे बढ़कर ऐसे अवसर, मंच और उपयुक्त इकोसिस्टम तैयार करना है।

# खेल प्रशासन में शीर्ष पदों के लिए अब कार्यकारी परिषद में सिर्फ एक कार्यकाल काफी

एजेंसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय खेल महासंघों के शीर्ष पदों के लिए 'युवा प्रशासकों और खिलाड़ियों' को प्रोत्साहित करने के लिए पहले से निर्धारित दो कार्यकाल के पात्रता नियम को खत्म कर इसे सिर्फ एक कार्यकाल तक सीमित करना चाहता है। पिछले सप्ताह संसद में पारित हो चुके राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक को औपचारिक रूप से एक अधिनियम बनने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार है। इसमें राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) में अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव लड़ने हेतु मानदंड निर्धारित किये गये है। शीर्ष तीन पदों के लिए इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए मूल रूप से कार्यकारी समिति में दो कार्यकाल अनिवार्य थे। सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद इसमें संशोधन कर इसे न्यूनतम एक कार्यकाल तक सीमित कर दिया गया है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले हफ्ते संशोधित विधेयक पारित होने के बाद दिए साक्षात्कार में कहा कि यह बदलाव प्रशासकों का एक बड़ा प्रतिस्पर्धी क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संतुलन बनाता है। उन्होंने तर्क दिया, '' महासंघों के चुनावों में दावेदारी पेश करने के लिए न्यूनतम पूर्व कार्यकाल की शर्त को कम करने का निर्णय योग्य और सक्षम उम्मीदवारों के विकल्प को व्यापक बनाने के लिये लिया गया। इसमें यह भी सुनिश्चित किया गया कि उनके पास प्रभावी ढंग से सेवा करने के लिए पर्याप्त अनुभव हो।'' मांडविया ने कहा, ' खेल विधेयक से जुड़े विचार-विमर्श में खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और छोटे महासंघों सहित कई हितधारकों ने इस बात पर जोर दिया कि अत्यधिक प्रतिबंधात्मक पात्रता नियम पद पर बैठे लोगों को मजबूत करते हैं और नए नेतृत्व के लिए अवसरों को सीमित करते हैं।'' यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारतीय ओलंपिक संघ की वर्तमान अध्यक्ष पीटी उषा और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के प्रमुख कल्याण चौबे अगर चाहें तो फिर से चुनाव लड़ सकें, नियमों में ढील दी गई है। दोनों ने अपने-अपने निकायों की कार्यकारी समितियों में एक-एक कार्यकाल पूरा किया है। संशोधित प्रावधान राज्य निकायों के अध्यक्षों, सचिवों और कोषाध्यक्षों के लिए भी राष्ट्रीय खेल संघों में नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए दावा करने का रास्ता बनाता है, जिससे चुनाव के समय प्रतिस्पर्धा का दायरा बढ़ेगा। मंत्री ने कहा कि कार्यकारी समिति में न्यूनतम कार्यकाल की आवश्यकता को कम करने से यह सुनिश्चित होगा कि निरंतरता और अनुभव के सिद्धांतों से समझौता किए बिना व्यापक प्रतिभा उपलब्ध हो सके। इस छूट से यह सुनिश्चित हो गया है कि वर्तमान भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पी टी उषा और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के प्रमुख कल्याण चौबे अगर चाहे तो फिर चुनाव लड़ सकेंगे। दोनों ही अपनी-अपनी संस्थाओं की कार्यकारी समितियों में एक-एक कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। संशोधित प्रावधान राज्य निकायों के अध्यक्षों, सचिवों और कोषाध्यक्षों के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघों में नेतृत्व से जुड़ी भूमिका के लिए दावा करने का अवसर भी प्रदान करता है। इससे चुनाव के समय प्रतिस्पर्धा का दायरा बढ़ जाता है। मंत्री ने कहा कि कार्यकारी परिषद में न्यूनतम कार्यकाल की आवश्यकता को कम करने से यह सुनिश्चित होगा कि निरंतरता और अनुभव के सिद्धांतों से समझौता किए बिना एक व्यापक प्रतिभा आधार उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, ''कुछ मामलों में प्रतिभाशाली प्रशासक और मजबूत प्रशासनिक क्षमता वाले पूर्व खिलाड़ी सिर्फ इसलिए चुनाव नहीं लड़ पाए क्योंकि उन्होंने कार्यकारी समिति में कार्यकाल पूरा नहीं किया था।'' उन्होंने कहा, '' यह संशोधन निरंतरता और अनुभव की आवश्यकता को बनाए रखते हुए एक संतुलन बनाता है ताकि महासंघ के शीर्ष पदों के लिए युवा प्रशासकों और खिलाड़ियों को चुनने का व्यापक विकल्प हो।'' उन्होंने कहा, ''इस बदलाव का उद्देश्य नए दृष्टिकोणों के समावेश को प्रोत्साहित करना, नेतृत्व प्रतियोगिताओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और सत्ता के केंद्रीकरण को कम करना है।

# सिराज को आउट करने का पल हमेशा याद रहेगा: बशीर

लंदन। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का मानना है कि भारत के मोहम्मद सिराज को आउट करके लॉर्ड्स टेस्ट मैच में इंग्लैंड को जीत दिलाने का पल उन्हें हमेशा याद रहेगा। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने ऐसे समय में सिराज को आउट करके इंग्लैंड को जीत दिलाई जब भारत रविंद्र जडेजा की शानदार पारी से जीत की तरफ बढ़ रहा था। बशीर ने इसका श्रेय अपने पूर्व साथी मोईन अली को दिया। बशीर ने द संडे टाइम्स से कहा, ''मैं पहली बार मोईन अली से एजबेस्टन में मिला था और हमने खूब बातें कीं। मोईन ने मुझे कैरम बॉल फेंकने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं और उनका यह कहना कि 'खुद पर भरोसा रखो,' मेरे लिए बहुत मायने रखता था। बशीर ने कहा, ''मैं पिछले कुछ समय से कैरम बॉल पर काम किया। मैं इस गेंद का लगातार अभ्यास कर रहा था। मैंने सिराज को इसी गेंद पर आउट किया (पहली पारी में स्टंप आउट), एक बहुत ही धीमी गेंद पर जिसकी गति लगभग 43 से 44 मील प्रति घंटा थी।

# आर्चरी प्रीमियर लीग : पहले सीजन के लिए भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट जारी

एजेंसी

**दीपिका कुमारी, ज्योति सुरेखा वेन्नम, धीरज बोम्मादेवर और अभिषेक वर्मा सहित कई शीर्ष भारतीय तीरंदाज शामिल**

नई दिल्ली। आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) ने सोमवार को आर्चरी प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए भारतीय खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। यह पहला ऐसा टूर्नामेंट होगा, जिसमें दुनिया भर के रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइज़ी शैली में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। इसमें शामिल खिलाड़ियों को विश्व रैंकिंग (टॉप-10, टॉप-20) और हाल ही में हुई एएआई चयन ट्रायल्स के आधार पर चुना गया है। ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकीं दीपिका कुमारी (विश्व नंबर 3) और धीरज बोम्मादेवर (विश्व नंबर 14) रिकर्व कैटेगरी में खेलेंगे। वहीं कंपाउंड कैटेगरी में विश्व रिकॉर्डधारी जोड़ी – ऋषभ यादव (विश्व नंबर 9) और ज्योति सुरेखा वेन्नम (विश्व नंबर 3) भी हिस्सा लेगी। इनके अलावा विश्व नंबर 10 अभिषेक वर्मा, विश्व नंबर 11 पृथमेश फुगे, विश्व नंबर 16 प्रियांश और विश्व नंबर 17 पर्नीत कौर भी मैदान में उतरेंगे। हालिया चयन ट्रायल्स के आधार पर ओलंपियन तरुणदीप राय (रैंक 4) और अतानु दास (रैंक 5) भी रिकर्व प्रतियोगिता में खेलेंगे। वहीं महिला रिकर्व वर्ग में अंकिता भक्त (रैंक 2) और भजन कौर (रैंक 6) के साथ कई युवा खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। पुरुष कंपाउंड खिलाड़ियों में अमन सैनी (रैंक 1), ओजस प्रवीन देवताले (रैंक 5), साहिल राजेश जाधव (रैंक 6), चिट्टिबोम्मा जिग्नास (रैंक 8) और पुलकित कजला (रैंक 9) खेलेंगे। महिला कंपाउंड खिलाड़ियों में प्रिथिका प्रदीप (रैंक 3), तनीपार्थी चिकीथा (रैंक 4), अवनीत कौर (रैंक 5), सुर्या हमसिनी (रैंक 6), स्वाति दूधवाल (रैंक 7), मधुरा धामनगांवकर (रैंक 8) और प्रांजल राजेंद्र साल्वे (रैंक 9) शामिल हैं। एएआई अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, हमें खुशी है कि भारत के सर्वश्रेष्ठ तीरंदाज पहले सीज़न में हिस्सा ले रहे हैं। उनकी मौजूदगी इस लीग को रोमांचक बनाएगी और खेल को नई पहचान दिलाएगी। एएआई महासचिव वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, ल्लभारतीय तीरंदाजों की सफलता ही इस लीग की नींव है। हमें विश्वास है कि यह टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के लिए यादगार साबित होगा। यह लीग इस साल अक्टूबर में 11 दिनों तक नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। इसमें छह फ्रेंचाइज़ियों के बीच शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भी भागीदारी होगी।

# जेएसडब्ल्यू स्टील, पॉस्को समूह ने भारत में इस्पात संयंत्र स्थापित करने के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। जेएसडब्ल्यू स्टील और दक्षिण कोरिया के पॉस्को समूह ने भारत में 60 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता का इस्पात संयंत्र स्थापित करने की संभावना तलाशने के लिए हाथ मिलाया है। अगले कदम के तहत जेएसडब्ल्यू और पॉस्को संयंत्र के स्थान, निवेश शर्तों, संसाधन उपलब्धता और अन्य महत्वपूर्ण कारकों को अंतिम रूप देने के लिए विचार-विमर्श करेंगे। जेएसडब्ल्यू स्टील ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि उसने भारत में 60 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) क्षमता वाले एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना की संभावना तलाशने के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एचओए) पर हस्ताक्षर किए हैं। प्राकृतिक संसाधन आधार और संभार-तंत्रीय लाभों को देखते हुए ओडिशा उन प्रमुख स्थानों में से एक है, जहां संयंत्र लगाने पर पर विचार किया जा रहा है। इस्पात विनिर्माता ने कहा, यह गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन अक्टूबर 2024 में दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर आधारित है। साथ ही प्रस्तावित 50:50 संयुक्त उद्यम के लिए व्यापक रूपरेखा पेश करता है। गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर मुंबई में पॉस्को होल्डिंग्स के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष ली जू-ताई और जेएसडब्ल्यू स्टील के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जयंत आचार्य की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। जेएसडब्ल्यू स्टील के आचार्य ने कहा, '' यह साझेदारी जेएसडब्ल्यू की सिद्ध निष्पादन क्षमताओं एवं मजबूत घरेलू उपस्थिति को इस्पात विनिर्माण में पॉस्को के प्रौद्योगिकी नेतृत्व के साथ जोड़ती है। प्रस्तावित उद्यम भारत के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है और घरेलू एवं निर्यात दोनों बाजारों की सेवा के लिए एक वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र बनाने में मदद करेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## पीएसजी ने संघर्षपूर्ण जीत के साथ अभियान शुरू किया

**पेरिस।** चैंपियंस लीग की चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग 1 के अपने शुरुआती मैच में नैनटेस पर 1-0 की जीत दर्ज करके फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में खिताब बचाने का अपना अभियान शुरू किया। पीएसजी की टीम इस मैच में लय में नहीं दिखी। मैच का एकमात्र गोल पुर्तगाल के मिडफील्डर विटिना ने 67वें मिनट में किया। उन्होंने लगभग 20 मीटर दूर से गेंद ली और डिफेंडर चिदोजी अवाजिएम को छकाकर गोल किया। कोच लुइस एनरिक की टीम के लिए यह गोल काफी साबित हुआ, जो एक बार फिर गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के बिना खेल रही थी। एक अन्य मैच अनुभवी स्ट्राइकर ओलिवियर गिरौड को लीग 1 में वापसी करने पर गोल करने में केवल 11 मिनट लगे, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि उनकी नई टीम लिली ने ब्रेस्ट के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला।

## आंध्र प्रदेश का राजस्व घाटा पहले चार महीने में बजट अनुमान के 110 प्रतिशत से अधिक

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश का राजस्व घाटा चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले चार महीने में बजट अनुमान के 110 प्रतिशत को पार कर 36,741 करोड़ रुपये रहा। समूचे वर्ष के लिए घाटे के 33,186 करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया था। इससे संकेत मिलता है कि राज्य को उधारी या केंद्र सरकार की सहायता पर बहुत अधिक निर्भर रहना पड़ेगा। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई अवधि में राजकोषीय घाटा 48,354.02 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 79,926.90 करोड़ रुपये का करीब 61 प्रतिशत है। वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में हालांकि उल्लेखनीय वृद्धि हुई। चार महीनों में 27,477.15 करोड़ रुपये के बजट अनुमान का 61 प्रतिशत हासिल कर लिया गया।

## इंडिगो ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ पेश किया को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ मिलकर को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश किया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि ग्राहकों को एक ही एप्लिकेशन में मास्टरकार्ड और रुपे दोनों नेटवर्कों का कार्ड जारी किया जायेगा। इसमें यात्रा संबंधी अन्य सुविधाओं के साथ इंडिगो का टिकट बुक कराने पर ज्यादा रिवॉर्ड प्वाइंट मिलेंगे। कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए ज्वाइनिंग फीस 4,999 रुपये होगी। इसमें ग्राहकों को 5,000 रुपये का इंडिगो ब्लूचिप्स (रिवॉर्ड प्वाइंट) और पूरक 6ई ईट्स (खाने का) वाउचर मिलेगा। ग्राहक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में एक लाख रुपये की सावधि जमा कराकर भी बिना किसी ज्वाइनिंग फीस के कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। कार्ड एक्टिवेट करने के 90 दिन के भीतर एक लाख रुपये खर्च करने पर 3,000 अतिरिक्त ब्लूचिप्स मिलेंगे। इंडिगो की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिये इंडिगो के टिकट बुक कराने के लिए खर्च किये गये हर 100 रुपये पर 22 ब्लूचिप्स तक मिलेंगे। कंपनी ने बताया कि विदेशी मुद्रा में खर्च करने पर विनिमय दर कम होगा। साथ ही इंडिगो के टिकट रद्द कराने पर कवर, यात्रा बीमा और लाइफस्टाइल से जुड़े दूसरे लाभ भी होंगे।

## विकसित राष्ट्र की बुनियाद कारोबार की स्वतंत्रता पर : अनिल अग्रवाल

**नयी दिल्ली।** खनिज और धातु कारोबार जगत के दिग्गज उद्यमी और वेदांता लिमिटेड के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बुनियाद देश में कारोबार की आजादी से हो कर ही निकलेगी। इसके लिए उन्होंने अनुकूल नीति पर बल दिया है। उन्होंने एक बयान में रविवार को कहा , 'आर्थिक स्वतंत्रता सबसे महत्वपूर्ण कारक है जो यह तय करेगा कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनेगा या नहीं।' भारत को 'उद्यमियों का देश' बताते हुए, उन्होंने ऐसी नीतियों और अवसरों का आग्रह किया जो नवप्रवर्तकों को अपनी ऊर्ज़ा और दूरदर्शिता को देश के विकास में लगाने की स्वतंत्रता प्रदान करें। श्री अग्रवाल ने भारत के प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदारी युक्त दोहन और रक्षा एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में अपनी क्षमता का दोहन करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र देश को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर सकते हैं। वेदांता प्रमुख ने भारत की संभावनाओं के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुये कहा '' सामूहिक दृढ़ संकल्प के साथ, भारत 2047 तक सबसे मजबूत और सबसे समृद्ध राष्ट्रों में से एक बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।

# चालू वित्त वर्ष में 12-14 प्रतिशत बढ़ेगा दूरसंचार कंपनियों का परिचालन लाभ: क्रिसिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारण कंपनी क्रिसिल ने सोमवार को कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष में देश की दूरसंचार कंपनियों का औसत परिचालन लाभ 12 से 14 प्रतिशत तक बढ़कर 1.55 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

क्रिसिल ने एक रिपोर्ट में कहा कि डाटा उपभोग बढ़ने से दूरसंचार कंपनियों का प्रति व्यक्ति औसत राजस्व बढ़ रहा है। साथ ही 5जी नेटवर्क के लिए ढांचागत विस्तार का काम पूरा होने के बाद अब पूँजीगत व्यय में भी कमी आने से कंपनियों का परिचालन लाभ उच्च स्तर पर बना रहेगा। एजेंसी ने जिन तीन कंपनियों के आंकड़ों का अध्ययन किया है, पिछले वित्त वर्ष में उनका परिचालन लाभ करीब 17 प्रतिशत रहा था। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक आनंद कुलकर्णी ने कहा कि दूरसंचार कंपनियों का प्रति उपभोक्ता औसत राजस्व पिछले वित्त वर्ष के 205 रुपये से बढ़कर 220 रुपये से 225 रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। इसमें बड़ा योगदान 5जी नेटवर्क के विस्तार का है जिससे डाटा का उपभोग बढ़ रहा है। मार्च 2025 में 5जी नेटवर्क कवरेज 35 प्रतिशत था जिसके अगले साल मार्च तक बढ़कर 45 से 47 प्रतिशत तक होने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि 5जी के बढ़ते कवरेज के साथ लोग सोशल मीडिया, वीडियो, गेमिंग और जेनरेटिव एआई का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा कंपनियां कम डाटा लिमिट वाले प्लान की संख्या घटा रही हैं जिससे उपभोक्ता ज्यादा डाटा वाले महँगे प्लान लेने पर बाध्य हो रहे हैं। क्रिसिल ने कहा है कि प्रति उपभोक्ता औसत राजस्व एक रुपया बढ़ने से उद्योग का परिचालन लाभ 850 से 950 करोड़ रुपये बढ़ता है।

# जीएसटी में कटौती से बढ़ेगी एसी की मांग, कीमतें 2,500 रुपये तक घटेंगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। एयर कंडीशनर (एसी) पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने के सरकार के प्रस्ताव से उपकरण विनिर्माताओं को आगामी त्योहारों के दौरान अच्छी बिक्री की उम्मीद है। इससे विभिन्न मॉडल के आधार पर एयर कंडीशनर (एसी) की कीमतें 1,500 रुपये से 2,500 रुपये तक कम हो जाएंगी। सरकार द्वारा हाल ही में आयकर में कटौती और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में संशोधन के बाद कीमतों में यह कटौती होने जा रही है। अब इस कदम से न केवल एसी तक लोगों की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि 'प्रीमियम एसी' की मांग भी बढ़ेगी जहां लोग लागत लाभ के कारण ऊर्जा-कुशल मॉडल खरीदेंगे। इसके अलावा, इससे 32 इंच से अधिक के टीवी स्क्रीन पर जीएसटी स्लैब को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने में भी मदद मिलेगी। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी. त्यागराजन ने इसे एक ''शानदार कदम'' बताते हुए सरकार से इन बदलावों को शीघ्र लागू करने का आग्रह किया क्योंकि लोग रूम एयर कंडीशनर (आरएएसी) की खरीद से पहले अब इस फैसले के लागू होने का इंतजार कर रहे हैं। त्यागराजन ने से कहा, '' अब अगस्त में कोई भी आरएसी (रूम एसी) नहीं खरीदेगा, सितंबर या एक अक्टूबर तक इंतजार करेगा। इस बीच क्या कर सकते हैं। डीलर नहीं खरीदेंगे और ग्राहक नहीं खरीदेंगे। ग्राहकों को मिलने वाले मूल्य लाभ के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' यह लगभग 10 प्रतिशत होगा'' क्योंकि जीएसटी अंतिम मूल्य पर लगाया जाता है। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के चेयरमैन मनीष शर्मा ने कहा कि उद्योग को ऊर्जा कुशल उत्पादों पर करीब 12 प्रतिशत जीएसटी की उम्मीद है और बाकी उत्पादों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

उन्होंने कहा, '' हालांकि, ऐसी स्थिति में जब एसी और अन्य उपकरणों पर जीएसटी 28 से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाता है, तो बाजार में कीमतों में सीधे तौर पर छह से सात प्रतिशत की कमी आएगी क्योंकि आमतौर पर जीएसटी आधार मूल्य पर लगाया जाता है। इसलिए यह अभूतपूर्व है। शर्मा ने कहा कि इससे मॉडल के आधार पर अंतिम उपभोक्ता के लिए एसी की कीमत में 1,500 से 2,500 रुपये तक की कमी आएगी। गोदरेज अप्लायंसेज ने भी प्रस्तावित कटौती से उपभोग को बढ़ावा देने और उपकरणों की मांग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिलने की उम्मीद जाहिर की। गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के व्यापार प्रमुख कमल नंदी ने कहा, '' भारत में एसी की पहुंच अब भी नौ से 10 प्रतिशत के निचले स्तर पर है। इसलिए, एसी पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने से इसे आम लोगों के लिए इसे अधिक किफायती बनाने और कई भारतीयों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिल सकती है। कई वैश्विक ब्रांड का लाइसेंस रखने वाली टीवी विनिर्माण कंपनी सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (एसपीपीएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अवनीत सिंह मारवाह ने कहा कि इससे घरेलू बाजार में उपभोक्तावाद बढ़ेगा और त्योहारों में बिक्री बढ़ेगी।

# सीपी राधाकृष्णन को निर्विरोध उपराष्ट्रपति बनाने में जुटे राजनाथ सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशी के रूप में घोषणा होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वसम्मति बनाने के लिए तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में श्री सिंह रविवार रात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फोन कर राजग प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन के लिए समर्थन भी मांगा।

उल्लेखनीय है राजग की तरफ से उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जिम्मेदारी दी गई है वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को इसका एजेंट नियुक्त किया गया है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व में हुई भारतीय जनता पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक में राजग उम्मीदवार के रूप में श्री राधाकृष्णन के नाम की घोषणा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। श्री राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं और राज्यपाल के रूप में उनके पास लंबा प्रशासनिक अनुभव है। जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद से यह पद खाली है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होगा और उसी दिन मतगणना होगी। उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं। इस तरह कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए श्री राधाकृष्णन के नाम की घोषणा करते हुए कहा, 'भाजपा सभी विपक्षी पार्टियों से बात करके निर्विरोध चुनाव करवाने की कोशिश करेगी। उनका समर्थन लेकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव निर्विरोध करवाने की कोशिश करेंगे। हम उनके संपर्क में है। हमारे वरिष्ठ नेताओं ने उनके नेताओं के साथ संपर्क किया है वहीं राजग के सभी घटक दल हमारे साथ हैं।

## राधाकृष्णन ने की मोदी से मुलाकात

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।



श्री राधाकृष्णन आज ही, मुंबई से यहां पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास जाकर श्री मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने उन्हें राजग का उप राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके लंबे अनुभव से देश लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बाद एक्स पर लिखा, ''सी पी राधाकृष्णन जी से मुलाकात की। उनके राजग का उप राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उनकी सार्वजनिक सेवाओं और विभिन्न क्षेत्रों का लंबा अनुभव देश को लाभ पहुंचायेगा। आशा करता हूं कि वह हमेशा इसी समर्पण और संकल्प के साथ देश की सेवा करते रहेंगे। इससे पहले मुंबई से दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर केंद्रीय मंत्रियों किरेन रिजिजू, प्रह्लाद जोशी, तथा भूपेंद्र यादव और केंद्रीय मंत्री एवं तेलुगूदेशम पार्टी के नेता के. राम मोहन नायडू ने उनका स्वागत किया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा तथा कई अन्य नेता भी उनकी अगवानी के लिए मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में रविवार को भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक हुयी थी और इसके बाद श्री राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की घोषणा की गई थी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि श्री राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाने के बारे में राजग के अन्य घटक दलों के साथ भी विचार विमर्श किया गया है और वह राजग के सर्वसम्मत उम्मीदवार होंगे। श्री राधाकृष्णन के पास 50 वर्ष से अधिक राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन का अनुभव है। वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवक और तमिलनाडु में भाजपा अध्यक्ष रह चुके हैं। राज्यपाल के रूप में उनके पास प्रशासनिक अनुभव भी है। वह दो बार लोकसभा सदस्य भी रह चुके हैं। उप राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नौ सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना होगी। उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है और 25 अगस्त तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा।

# घुसपैठियों को बचाने में जुटी है कांग्रेस : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध कर घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही है।

श्री पात्रा ने यहां सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस संसद में विरोध प्रदर्शन करने और बिहार चुनाव तथा एसआईआर मुद्दे पर हंगामा कर रही है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, सिर्फ चुनाव आयोग ही नहीं, देश की ऐसी कोई संवैधानिक संस्था नहीं बची है, जिस पर कांग्रेस परिवार और उसके सहयोगी दलों ने हमला न किया हो। उन्होंने कहा, याद कीजिए, जिन्होंने उच्चतम न्यायालय पर अंगुली उठा दी थी। ये वही लोग हैं, जिन्होंने भारत के थल सेना प्रमुख को 'सड़क का गुंडा' कहने की हिमाकत की थी। यह लोग सर्जिकल स्ट्राइक, एयरस्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना पर हमला करने से नहीं कतराए और इसके सबूत मांगे थे। श्री पात्रा ने कहा, आज अनेक राजनीतिक पार्टियों के लोग संवाददाता सम्मेलन कर रहे थे। मैं पूछना चाहता हूं कि आपकी खंडपीठ बड़ी है, या सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ बड़ी है। जब सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर पर रोक नहीं लगाई है, तो आप कौन सी खंडपीठ हैं, जो घोषणा कर रहे है कि चोरी हो रही है। ये दिखाता है कि संवैधानिक संस्थाओं के साथ आप खिलवाड़ करते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा इनका (कांग्रेस और उसके सहयोगियों का) मकसद घुसपैठियों को बचाना है। भारत की जनता जानती है कि आप किस प्रकार से वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति कर उसमें घुसपैठियों को जोड़कर अपना वोट बैंक बनाकर जीतना चाहते हैं। लेकिन इस देश के संसाधनों पर इस देश की जनता का अधिकार है किसी घुसपैठिये का अधिकार नहीं है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं एमएसएमई: विजेंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को कहा कि एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और वर्तमान में यह क्षेत्र भारत के कुल निर्यात में लगभग 45 प्रतिशत योगदान देता है। श्री गुप्ता ने आज यहां एमएसएमई ग्लोबल समिट 2025 में अपने संबोधन में कहा एमएसएमई हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। वर्तमान में यह क्षेत्र भारत के कुल निर्यात में लगभग 45 प्रतिशत योगदान देता है। यदि उपयुक्त नीतियाँ, वैश्विक साझेदारियाँ और नवाचार को बढ़ावा मिले, तो यह योगदान 60570 प्रतिशत तक पहुँच सकता है। यही भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में आगे ले जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लोकल टू ग्लोबल' के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक क्रांति का घोषणापत्र है। उन्होंने कहा भारत की ताकत केवल बड़े उद्योगों में नहीं, बल्कि उन असंख्य छोटे सपनों में है, जिन्हें लाखों एमएसएमई उद्यमी प्रतिदिन साकार कर रहे हैं। यही छोटे सपने मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग दिखा रहे हैं। श्री गुप्ता ने उद्यमियों से मेक इन इंडिया से आगे बढ़कर मेड फॉर द वर्ल्ड की ओर बढ़ने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि नवाचार, गुणवत्ता संवर्द्धन और वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ाव ही इस लक्ष्य को प्राप्त करने की कुंजी हैं। उन्होंने कहाआइए, हम सब मिलकर भारत के एमएसएमई को मजबूत बनाएं ताकि वे व्यापार और नवाचार में दुनिया के अग्रणी बन सकें। उद्यमशीलता, तकनीकी प्रगति और सांस्कृतिक मूल्यों के बल पर हम अपनी अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर और विकास को आगे बढ़ाने वाली शक्ति बना सकते हैं। यही रास्ता भारत को विश्वगुरु बनाएगा, जहाँ हम लचीलापन, स्थिरता और साझा समृद्धि के मूल्यों से दुनिया का मार्गदर्शन करेंगे।

# इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए उस पर संवैधानिक जिम्मेदारी से भागने का आरोप लगाया है।

गठबंधन के नेताओं ने सोमवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आयोग मतदाता सूचियों के बारे में विपक्षी दलों द्वारा उठाये गये मुद्दों की जांच कराने की बजाय भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल आयोग के कामकाज पर नजर रख रहे हैं और उचित समय पर उचित कदम उठाया जायेगा।

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस से महुआ मोइत्रा, राजद से मनोज झा, आम आदमी पार्टी (आप) से संजय सिंह, डीएमके से तिरुचि शिवा, शिवसेना (उद्धव गुट) अरविंद सावंत, सीपीआईएम से जान ब्रिटा ने आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाया और उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाया।

श्री गोगोई ने कहा कि चुनाव आयुक्त को समझना चाहिए कि आयोग में अधिकारी आएंगे और जाएंगे लेकिन उनके काम पर नजर रखी जा रही है और इस संबंध में उचित समय पर उचित कदम उठाया जायेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग सवालों का जवाब देने की बजाय जिम्मेदारियों से भाग रहा है लेकिन सांसद उसकी गतिविधियों पर नजर रखेंगे और समय आने पर जरूरी करवाई को लेकर कदम भी उठाए जाएंगे। आयोग राहुल गांधी तथा अन्य राजनीतिक दलो के नेताओं के सवालों के जवाब नहीं दे पा रहा है और उल्टे राजनीतिक दलों पर सवाल उठा रहा है। आयोग अपनी जिम्मेदारियां से भाग रहा है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

श्री गोगोई ने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वह 45 दिन में मतदान के फुटेज डिलीट क्यों कर देता है। उन्होंने रविवार को चुनाव आयोग के संवाददाता सम्मेलन पर कहा कि आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी को नकारा है। संवाददाता सम्मेलन में आयोग को अपनी कमियों को बताना चाहिए था और विपक्षी सवालों का जवाब देना चाहिए लेकिन उसने इसके विपरीत सवाल उठाने वाले राजनीतिक दलों पर ही सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आयोग ने बिहार में हड़बड़ी में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने और महाराष्ट्र में मतदाता कैसे बढ़े जैसे सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। आधार की प्रमाणिकता से संबंधित सवालों का भी कोई जवाब आयोग ने नहीं दिया। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि संवाददाता सम्मेलन से स्पष्ट है कि आयोग में ऐसे अधिकारी काम कर रहे हैं जो निष्पक्ष नहीं है। समाजवादी पार्टी (सपा) के रामगोपाल वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने 2022 में चुनाव आयोग पर मतदाताओं के नाम काटे जाने का आरोप लगाया था। श्री यादव ने इस संबंध में बाकायदा एफिडेविट दिया था लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मैनपुरी में जाति और धर्म देखकर 18000 मतदाताओं के नाम काटने का आरोप लगाते हुए हुए चुनाव के दौरान एक जाति के अधिकारियों की तैनाती को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। उन्होंने एसआईआर पर सवाल उठाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में तो अभी से वोट काटने का काम शुरू हो गया है। सपा नेता ने आरोप लगाया कि 2024 में जब उत्तर प्रदेश में चुनाव हुआ तो उसमें कई बीएलओ बदल दिये गये। इसकी भी शिकायत हमने की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। द्रमुक सांसद तिरूचि शिवा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है जिसमें सभी 65 लाख हटाए गए मतदाताओं का विवरण प्रकाशित करने को कहा था। उन्होंने कहा, ''हमारी चिंता यह है कि मुख्य चुनाव आयुक्त बिहार में एसआईआर इतनी जल्दबाजी में क्यों लागू कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में योग्य मतदाता कैसे हटाए जा सकते हैं, नए मतदाताओं के जुड़ने की संख्या असामान्य रूप से कम क्यों है? यह मुद्दा राजनीतिक दलों का नहीं, बल्कि देश के आम आदमी का है।'' टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा, ''फर्जी मतदाता सूचियों के लिए पूर्व चुनाव आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। हमारी नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डुप्लिकेट वोटर आईडी कार्ड का मुद्दा उठाया था, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। राजग नेता मनोज झा ने कहा, ''इस तरह के संवाददाता सम्मेलन में जिसमें समस्त विपक्ष मौजूद है और जो चुनाव आयोग के खिलाफ यहां एकजुट हुआ है, इससे पहले शायद ही किसी ने ऐसा उदाहरण देखा होगा। राजग नेता ने 'न पक्ष, न विपक्ष चुनाव आयोग समकक्ष' वाले बयान पर कहा कि यह कहना आसान होता है लेकिन ऐसा करना मुश्किल होता है।

# शुभांशु शुक्ला की स्वदेश वापसी पर पूरे देश में है जश्न का माहौल: जितेन्द्र सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने लोक सभा में सोमवार को कहा कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की सफल यात्रा और उससे जुड़ी अंतरिक्ष की उपलब्धियों पर जब देश जश्न मना रहा है, तब विपक्षी सदस्य इन उपलब्धियों के लिए बधाई देने में भी पीछे है। डॉ सिंह ने अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले 'अंतरिक्ष यात्री- 2047' तक विकसित भारत के संकल्प लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष चर्चा की शुरुआत की।

डॉ सिंह कहा कि विपक्ष की लड़ाई सरकार या भारतीय जनता पार्टी के साथ हो सकती है, लेकिन अंतरिक्ष यात्री के साथ कैसी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष हताश है, इसलिए उसकी नाराजगी दिखाई दे रही है। विपक्ष जिस प्रकार का व्यवहार कर रहा है, यह उसकी स्वयं के प्रति नाराजगी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा ऐसी ही चलती रहेगी, उसे कोई रोक नहीं सकता है। आज एक ऐसा वक्त है, जब सारे देश में जश्न का माहौल है, और हर बच्चा सपना देख रहा है कि वह बड़ा होकर अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला जैसा बनेगा। अंतरिक्ष में भारत की सफलता का पूरा दुनिया ने लोहा माना है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी अंतरिक्ष विभाग और स्पेस तकनीक की जो उल्लेखनीय भूमिका रही है। वह पिछले 10 साल में विकसित की गयी है। उन्होंने कहा कि 60-70 साल तक हमारा अंतरिक्ष विभाग अलग-थलग पड़ा हुआ था, लेकिन 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अंतरिक्ष क्षेत्र ने रफ्तार पकड़ी। राजनीतिक नेतृत्व के अभाव की पूर्ति की गयी। इस क्षेत्र में कई कदम उठाये गये और अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया गया। इस प्रकार का काम एक साहसिक प्रधानमंत्री ही कर सकता था। उन्होंने कहा कि जहां हमारी कभी स्पेस इकोनॉमी नाममात्र की होती थी, अब देखते ही देखते 80 लाख अमेरिकी डालर हो गयी है। इतनी तेज रफ्तार से प्रगति हो रही है कि आने वाले आठ-दस वर्षों में इसमें लगभग पांच गुना वृद्धि होगी। जहां कुछ वर्ष पहले तक किसी को अंदाजा भी नहीं था कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भी स्टार्ट अप हो सकता है लेकिन आज इस क्षेत्र में तीन सौ से अधिक स्टार्टअप हैं और उनमें से बहुत सारे विश्व स्तरीय है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से जुड़े कारोबार आठ अरब डालर तक पहुंच गये हैं, जिन्हें 45 अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि आज अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का स्वास्थ्य, संचार, रक्षा, कृषि और क्षेत्र में उपयोग हो रहा है और ये क्षेत्र इस प्रौद्योगिकी से बहुत लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री शुक्ला 25 जून को अमेरिका के फ्लोरिडा से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए थे और 15 जुलाई को धरती पर लौटे थे। मेडिकल जांच के बाद उन्होंने अंतरिक्ष विशेषज्ञों से चर्चा की और वह 17 अगस्त स्वदेश लौटे हैं। उन्होंने कहा कि श्री शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के दौरान छह श्रेणियों में प्रयोग हुए जो देश और पूरे विश्व के लिए बहुत उपयोगी साबित होंगे।

# 'त्रुटिपूर्ण' जीएसटी की आलोचना सही साबित हुई : कांग्रेस

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे को सरल बनाने का वादा किए जाने के बाद ''त्रुटिपूर्ण'' जीएसटी की आलोचना पर वह सही साबित हुई है।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने दावा किया कि अर्थव्यवस्था जीएसटी 1.0 और नोटबंदी के ''मोदी द्वारा दिए गए दोहरे झटकों'' से कभी उबर नहीं पाई है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''2004 की विजय केलकर समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही श्री पी. चिदंबरम के 28 फरवरी 2006 के बजट भाषण में जीएसटी की पहली घोषणा की गई थी। यहां, डॉ. केलकर और उनके सहयोगी जीएसटी 2.0 के लिए अपने सुझाव दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस एक जुलाई, 2017 को लागू किए गए त्रुटिपूर्ण जीएसटी 1.0 की आलोचना पर सही साबित हुई है, जिसने आठ नवंबर 2016 की नोटबंदी के बाद अर्थव्यवस्था को दूसरा गंभीर झटका दिया। अर्थव्यवस्था मोदी द्वारा दिए गए इन दोहरे झटकों से कभी उबर नहीं पाई। कांग्रेस आरोप लगाती रही है कि जीएसटी 1.0 त्रुटिपूर्ण है और इसमें एक ही कर होना चाहिए। राहुल गांधी ने इसे ''गब्बर सिंह टैक्स'' करार दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का मसौदा राज्यों को दे दिया है और दिवाली से पहले प्रस्ताव को लागू करने के लिए उनका सहयोग मांगा गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में सुधार से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के साथ ही छोटे और बड़े व्यवसायों को भी लाभ होगा।

# प्रशिक्षु सैन्य कैडेटों के सेवामुक्त होने पर बीमा लाभ देने पर विचार करे केंद्र : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न सैन्य प्रतिष्ठानों में कमीशन अधिकारी बनने के लिए कठोर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैडेटों को दिव्यांगता या गंभीर चोट लगने से संबंधित किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए उन्हें बीमा दायरे में लाने की संभावना तलाशने के मामले में स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने एक अंग्रेजी दैनिक अखबार की एक लेख पर स्वतः संज्ञान कार्यवाही करते हुए केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, अगर कैडेटों के लिए सामूहिक बीमा होगा तो संबंधित विभाग पर भी बोझ नहीं पड़ेगा, बल्कि बीमाकर्ता पर पड़ेगा। देखिए, जोखिम बहुत ज़्यादा है। हम चाहते हैं कि बहादुर लोग सेना में आएं लेकिन अगर उन्हें पर्याप्त सुविधा नहीं दी गई तो वे निराश हो जाएँगे। लेख में कैडेटों के घायल होने वाला पर उनके दर्द और दुख पर प्रकाश डाला गया था। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हमने उस लेख पर गौर किया। हमने विचार-विमर्श किया और इसे स्वतः संज्ञान वाली रिट याचिका के रूप में मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का संकल्प लिया। मुख्य न्यायाधीश ने इसे पीठ के समक्ष रखा है। हम स्वतः संज्ञान वाली इस रिट याचिका पर नोटिस जारी करते हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग कैडेटों को चिकित्सा व्यय के लिए दी जाने वाली 40,000 रुपये की अनुग्रह राशि बढ़ाने के लिए सरकार से निर्देश प्राप्त करें।

शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से इन दिव्यांग अभ्यार्थियों को काम देने लिए एक योजना बनाने पर भी विचार करने को कहा। अदालत ने कहा कि उनका इलाज पूरा होने के बाद उन्हें डेस्क जॉब या रक्षा सेवाओं से संबंधित कोई अन्य कार्य देने पर विचार किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि बहादुर कैडेट सेना में रहें। हम नहीं चाहते कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के बाद प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले इन कैडेटों के लिए चोट या दिव्यांगता किसी भी प्रकार की बाधा बने। शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को स्वतः संज्ञान लेते हुए यह मामला दर्ज किया था, जब एक समाचार रिपोर्ट में इन कैडेटों का मुद्दा उठाया गया था, जो कभी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) जैसे देश के शीर्ष सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षण ले रहे थे।

# पेज एक का शेष

## एसजीपीजीआई में अब...

संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बच्चों के हृदय रोगों के लिए उच्चस्तरीय उपचार सुविधा की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे में सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व शुभारंभ किए गए इस सेंटर में अब तक 300 से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी है। हार्ट सेंटर का पहला चरण पूर्णतः क्रियाशील है, जबकि दूसरे चरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने सलोनी हार्ट फाउंडेशन की संचालक दंपति मिली सेठ एवं हिमांशु सेठ के प्रयासों की सराहना की, साथ ही एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश के हजारों परिवारों के जीवन में नई उम्मीद का संचार कर रहा है। यह पहल 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रत्यक्ष सुफल है और बच्चों के जीवन की रक्षा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश ने पूर्व में इंसेफ़ेलाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है और अब बच्चों के हृदय रोगों के उपचार में भी ठोस प्रगति हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एसबीआई फाउंडेशन का यह सहयोग सलोनी हार्ट सेंटर को और अधिक क्षमता सम्पन्न बनाएगा और आने वाले समय में बच्चों के जीवन की रक्षा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस अवसर पर एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आर.के. धीमन ने मुख्यमंत्री को हार्ट सेंटर की स्थापना से लेकर अब तक की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के अतिरिक्त सलोनी फाउंडेशन, एसबीआई और एसजीपीजीआई तथा स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी गणों की सहभागिता रही।

## यूपी में होगा अखिल...

में सत्ता पक्ष विपक्ष ने भाग लिया। स्वस्थ चर्चा हुई। महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद विषय जनता के बीच जाएगा। फिर सब जुटाकर एक बार फिर सदन में चर्चा कर विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। इससे पहले 36 घण्टे की चर्चा में विपक्ष शामिल नहीं हुआ था। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष महाना ने बताया कि अब जितनी सूचनाएं आती हैं, उनका जवाब 30 दिन के भीतर दिया जाता है। अन्यथा संबंधित विभागों की जवाबदेही तय की गई है। इन सूचनाओं में विधायकों के क्षेत्रों की समस्याएं होती हैं। पहले 90 दिन में जवाब देना था। इससे पहले वाले सत्र में ही विधानसभा नियमावली में बदलाव किया गया है। अब 30 दिन तय किया गया है। विधानसभा संचालित करने के लिए डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति हो जाए तो और अच्छा रहे, इस सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सरकार को करना होता है। सरकार का फैसला होता है।

## यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण ...

के बीच बातचीत से साफ है कि अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ रूस भारत के साथ खड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर कह चुके हैं कि उनकी तरफ से भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ का असर देखने को मिला है और पुतिन इसी वजह से उनके साथ बैठक के लिए तैयार हुए हैं। ट्रंप के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट न्यूज इंटरव्यू में चेतावनी दे चुके हैं कि अगर पुतिन और ट्रंप की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकलता है तो भारत को ज्यादा टैरिफ के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसे में अलास्का बैठक के बाद भारत का अपने सबसे बड़े निर्यात केंद्र (अमेरिका) से आगे भी व्यापार में संघर्ष जारी रह सकता है। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर मुझे भारत पर और टैरिफ लगाने पड़े तो मैं जरूर करूंगा, लेकिन हो सकता है कि मुझे ऐसा करने की जरूरत न पड़े।'

## शोभायात्रा के रथ...

राशि देने की घोषणा की। मंत्री बाबू ने आश्वासन दिया कि सरकार मृतकों के परिवारों की हरसंभव सहायता करेगी। मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा कि सरकार घायलों के इलाज का खर्च वहन करेगी।

## योगी सरकार के प्रयासों ...

ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर अब तक 52,349 श्रमिक पंजीकृत हो चुके हैं। ये श्रमिक प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, एसी मैकेनिक, ब्यूटीशियन आदि सेवाओं के लिए लोगों को घर बैठे उपलब्ध हो रहे हैं। यह योजना एक ओर जहां श्रमिकों की आय सुनिश्चित कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश अब केवल नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि श्रम और प्रतिभा का निर्यात करने वाला राज्य बन रहा है। आने वाले वर्षों में यह पहल राज्य को सामाजिक और आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक ब्लॉक, तकनीकी ब्लॉक, प्रयोगशाला, प्रशासनिक भवन, क्लास रूम सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं तथा शैक्षणिक कार्यकलापों की विस्तृत जानकारी ली।

क्लास रूम में उपस्थित छात्र-छात्राओं से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग अच्छे से पढ़ाई करें और अपने उद्देश्य को प्राप्त करें। ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान की स्थापना 1973 में बिहार आर्थिक विकास संस्थान ( बिहार इन्स्टीच्यूट ऑफ इकोनोमिक डेवलपमेन्ट) के नाम से सामाजिक-आर्थिक विकास के क्षेत्र में शोध एवं प्रबंधन के उद्देश्य से की गयी थी। संस्थान में वर्तमान में प्रोफ़ेशनल कोर्स (प्रोफ़ेशनल कोर्स), जो कि स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर का है, संचालित किया जा रहा है। विगत तीन वर्षों में संस्थान ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत से ज्यादा प्लेसमेंट (नौकरी दिलाना) के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। संस्थान प्रबंधन के क्षेत्र में पूर्वी भारत का एक अग्रणी संस्थान है। वर्ष 2025 के टाइम-बी-स्कूल सर्वे में संस्थान ने शीर्ष 15 प्रबंधन संस्थानों में अपना रैंक स्थापित किया है। संस्थान बाजार एवं कॉरपोरेट जगत की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम (कोर्स) का संचालन करता है। संस्थान के द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन तथा कम्प्यूटर की शिक्षा बाजार से काफी कम दर पर दी जा रही है। इसके कम फीस होने से समाज के कमजोर वर्गों के छात्र-छात्राएं भी प्रबंधन एवं कम्प्यूटर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से लाभान्वित हो रहे हैं तथा कॉरपोरेट वर्ल्ड में अपना स्थान कायम कर रहे हैं। काफी संख्या में बिहार राज्य स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना से आच्छादित छात्र संस्थान में नामांकित हैं। संस्थान के सारे कोर्स अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से मान्यता प्राप्त है तथा संस्थान आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से सम्बद्ध है। संस्थान में पूर्णतः क्रियाशील स्टार्टअप-सेल है, जो कि भावी उद्यमियों का प्रशिक्षण एवं उद्योग स्थापित किये जाने के लिए मेंटोरिंग (सलाह देने ) का कार्य करता है। निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण तथा संस्थान के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के बेहद करीब 205.24 पहुंचने से यहां बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। हरियाणा स्थित हथनीकुंड बैराज के सभी 18 गेटों के खोले जाने और करीब 1.78 लाख क्यूसेक पानी छोड़ने से दिल्ली पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

दिल्ली में यमुना का जलस्तर चेतावनी के निशान 204.5 मीटर से ऊपर बढ़कर आज दोपहर एक बजे तक 205.24 मीटर पर पहुंच गया। दिल्ली में यमुना का खतरे का निशान 205.33 है। दिल्ली सरकार का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की ओर से रविवार को जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि 19 अगस्त की सुबह दो बजे यमुना का जलस्तर 206 मीटर को पार कर सकता है। विभाग ने यमुना के घाटों को खाली करने को लेकर निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक्स पोस्ट में कहा कि यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण दिल्ली पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। वह दिल्ली, जो हल्की-सी बरसात में ही डूब जाती है, उसके लिए यह स्थिति अत्यंत गंभीर और संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि हम आशा करते हैं कि सरकार तत्काल सभी आवश्यक सावधानियां बरतेगी। बाढ़ प्रबंधन, नालों की सफाई और आपदा राहत की तैयारियां केवल फाइलों में नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत में दिखनी चाहिए। दिल्लीवासियों का जीवन दांव पर है और यह समय सियासी बयानबाजी का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और जवाबदेही का है।

# प्रसिद्ध पंजाबी ग़ज़ल लेखक सिरी राम अर्श का निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। प्रसिद्ध पंजाबी ग़ज़ल लेखक और कवि सिरी राम अर्श का सोमवार को निधन हो गया। केंद्रीय पंजाबी लेखक संघ (पंजीकृत) ने उनके निधन को पंजाबी साहित्य जगत के लिए एक असहनीय क्षति बताते हुए गहरा दुःख व्यक्त किया है। संघ के अध्यक्ष दर्शन बुट्टर, महासचिव सुशील दोसांझ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मक्खन सिंह कुहाड़ और कार्यालय सचिव दीप देविंदर सिंह ने एक संयुक्त बयान में कहा कि सिरी राम अर्श की रचनाएँ पंजाबी साहित्य की अमूल्य निधि हैं। उनकी संवेदनशील और सामाजिक सरोकार वाली ग़ज़लों ने सामाजिक असमानता, गरीबी और मानवीय संघर्ष जैसे विषयों को गहन चिंतन और सुंदरता के साथ प्रस्तुत किया। उनकी कविताओं में निहित मानवीय संदेशों और सामाजिक जागरूकता ने पाठकों के दिलों पर गहरा प्रभाव डाला। केंद्रीय पंजाबी लेखक संघ ने सिरी राम अर्श को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी रचनाएँ पंजाबी साहित्य की अमर विरासत हैं और वे साहित्य प्रेमियों के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे। श्री राम अरश के निधन पर दुख प्रकट करते हुए नाटककार और नाट्य-निर्देशक संजीवन सिंह ने कहा कि सरल स्वभाव वाला, सबको अथाह प्यार और सम्मान देने वाला इंसान हमारे बीच से विदा हो गया। श्री राम अरश के जाने से पंजाबी साहित्य जगत एक संवेदनशील और स्नेही कलमकार से वंचित हो गया है। लेखक रिपुदमन सिंह रूप, सरघी कला केंद्र के वरिष्ठ मित्र प्रधान अशोक बजहेड़ी और महासचिव कुको दीवान तथा सरघी परिवार के रंगकर्मी रंजीवन सिंह, नरिंदर नसरिन और ऋतुराग ने श्री राम अरश के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए, उनके परिवार के दुख में सहभागी होते हुए कहा कि श्री राम अरश ने जहाँ अपनी कलम के माध्यम से सामाजिक सरोकारों और दबे-कुचले वर्ग की समस्याओं को गंभीरता और शिद्दत से उठाया, वहीं साहित्य, संस्कृति और भाषा की बेहतरी के लिए भी लगातार गंभीर प्रयास किए।

# वोटर अधिकार यात्रा को लेकर राजद ने की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और कंग्रेस के नेता राहुल गांधी सहित महागठबंधन के सभी नेताओं का 22 अगस्त को भागलपुर और नवगछिया आगमन को लेकर बिहपुर प्रखंड क्षेत्र के हरियो में सोमवार को राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम की अध्यक्षता में एक बैठक हुई।

इस अवसर पर राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा भाजपा-एनडीए के इशारे पर चुनाव आयोग बिहार के गरीबों, दलितों, अतिपिछड़ों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्ग के लोगों का वोट का अधिकार छीनने पर तुले हुए हैं। बिहार लोकतंत्र की जननी है, किसी भी कीमत पर चुनाव आयोग और भाजपा का लोकतंत्र और संविधान विरोधी रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र और संविधान विरोधी केंद्र और राज्य सरकार के विरुद्ध आम आवाम को जाति धर्म से ऊपर उठकर गोलबंद होने की जरूरत है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा को लेकर हर वर्ग के लोगों में भारी उत्साह है। वोटर अधिकार यात्रा ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर लोगों से भारी संख्या में यात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। राजद के वरिष्ठ नेता गौतम कुमार प्रीतम ने कहा कि नीतीश सरकार में गरीबों पर अत्याचार बढ़ा है, भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है। इस लिए जनविरोधी नीतीश सरकार को हटाकर तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनाने की जरूरत है। इस मौके पर दर्जनों राजद नेता मौजूद थे।

# विवादों में फिल्मफ़ेयर पंजाब पुरस्कार, हनी सिंह को 'अश्लील' गाना गाने से रोकने की मांग

मोहाली। बॉलीवुड रैपर यो यो हनी सिंह के 23 अगस्त, 2025 को मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में होने वाला फिल्मफ़ेयर पंजाब कार्यक्रम विवादों में घिर गया है। विवाद की वजह कार्यक्रम में अश्लील और द्विअर्थी गाकर समाज में अपसंस्कृति को बढ़ावा देने की आशंका है। पंजाब के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया है कि फिल्मफ़ेयर पंजाब कार्यक्रम में ऐसे गानों पर प्रतिबंध लगाया जाये जो अश्लीलता, शराब, ड्रग्स और हिंसा को बढ़ावा देते हैं। इस कार्यक्रम में हनी सिंह के साथ कई प्रमुख पंजाबी गायकों और अभिनेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पंडितराव धारेनावर ने चंडीगढ़ उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि कार्यक्रम आयोजक 20 अगस्त तक एक हलफनामा प्रस्तुत करें, जिसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि समाज पर हानिकारक प्रभाव डालने वाले कोई भी गाने नहीं गाए जाएँगे। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर अवमानना याचिका दायर की जा सकती है। डॉ. धारेनावर ने पंजाब महिला आयोग द्वारा हनी सिंह को उनके गाने 'मिलियनेयर' के लिए जारी किए गए एक पूर्व नोटिस का हवाला दिया, जिसमें कथित तौर पर महिलाओं का अपमान किया गया है। उन्होंने बताया कि रैपर अभी तक आयोग के सामने पेश नहीं हुए हैं। डॉ. धारेनावर ने हनी सिंह के गानों- 'चार बोतल वोदका', 'मनाली ट्रांस', 'ब्रेकअप पार्टी', 'वन बोतल डाउन', 'मैं शराबी', 'मैनियाक', 'मखना' और 'मिलियनेयर' जैसे विशिष्ट गानों का ज़िक्र करते हुए तर्क दिया कि ये गाने मादक द्रव्यों के सेवन का महिमामंडन करते हैं और महिलाओं को वस्तु के रूप में देखते हैं।

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सुब्बी
प्रधान
ग्रा.पं. सेमरी
वि.खं. रमियाँ बेहड़-खीरी

# जन सुनवाई कार्यक्रम में दर्ज हुई 33 समस्याएं, 12 का निस्तारण

हरिद्वार। जनपदवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में होने वाले जन सुनवाई कार्यक्रम में आज 33 लोगों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराई, जिसमें 12 समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया शेष समस्याओं को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में पार्षद आकर्षिक शर्मा ने ज्वालापुर स्थित जतलेश्वर महादेव मंदिर के समाने भूमि पर अवैध तरीके से हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए शिकायत की। ग्राम प्रधान रेशमा जहां ने ग्राम दादुपुर के मुख्य मार्ग पर दुकानदारों एवं कबाड़ियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई साथ ही ग्राम दादूपुर गोविंदपुर में रॉयल गेस्ट हाउस के सामने दादूपुर सलेमपुर को जोड़ने वाले जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर बारिश के कारण हो रहे कटाव रोकने को लेकर शिकायत की गई।

# उत्तराखंड के मीसा व भूमिगत सेनानियों को भी मिलेगी राशि, बढ़ेगी पेंशन राशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड सरकार आपातकाल के दौरान जेलों मे प्रताड़नाएं सहने वाले लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बढ़ाने के साथ ही उन्हें परिवहन और स्वास्थ्य समेत अन्य सुविधाएं जा रही है। इसके अलावा आपातकाल के दौरान मीसा व भूमिगत रहकर कार्य करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को भी पेंशन व अन्य सुविधाएं देने जाने को लेकर प्रस्ताव को धामी कैबिनेट ने मंजूरी दी गई है। अब इसे गैरसैण में आयोजित विधानसभा में पेश किया जाएगा।

देश में 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था। 21 मार्च 1977 तक चले आपातकाल के दौरान जनसंघ, आरएसएस सहित विपक्षी दलों के नेताओं को जेलों में बंद कर उन्हें यातनाएं दी गई थीं। इनमें उत्तराखंड के भी बहुत से लोग शामिल थे जिन्होंने जेलो में यातनाएं झेलीं थीं। वर्तमान में उत्तराखंड में ऐसे 82 लोकतंत्र सेनानी पंजीकृत हैं। मोदी सरकार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाती है। इसी क्रम में भाजपा सरकार अपने पूर्व संगठन जनसंघ के लोकतंत्र सेनानियों के परिवारों को सम्मानित करने, उनकी पेंशन राशि बढ़ाने और मीसा व भूमिगत आंदोलन में सक्रिय रहे सेनानियों को भी शामिल करने की तैयारी कर रही है। उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सरकार के कार्यकाल में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान निधि देने की शुरूआत हुई थी। तत्कालीन सरकार ने प्रतिमाह 20 हजार रुपये सम्मान निधि देना शुरू किया था, लेकिन मीसा में निरुद्ध व भूमिगत आंदोलन में शामिल रहे सेनानियों को अब तक यह सुविधा नहीं मिल रही है। अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सरकार ने नया ड्राफ्ट तैयार किया हैं। इसमें जेलों में बंद रहने वाले लोकतंत्र सेनानियों के साथ ही मीसा व भूमिगत आंदोलन में सक्रिय रहे सेनानियों को भी शामिल करने की योजना है। धामी मंत्रिमंडल के इस प्रस्ताव पर 19 अगस्त को गैरसैण में शुरू हो रहे मानसून सत्र में अंतिम मोहर लग सकती है। पूर्व की त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार के शासनादेश को भविष्य में कोई भी सरकार रद्द कर सकती है। इसे रोकने और लोकतंत्र सेनानियों के हक को स्थायी सुरक्षा देने के लिए धामी सरकार इसे कानूनी रूप देने जा रही है। कांग्रेस लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि का लगातार विरोध करती रही है।

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सहरूना निशा
प्रधान
ग्रा.पं. केशवापुर कलाँ
वि.खं. धरौहरा-खीरी

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
तौफीक अली
प्रधान
ग्रा.पं. समर्दा बदाल
वि.खं. धरौहरा-खीरी

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज कुमार
प्रधान
ग्रा.पं. बम्हौरी
वि.खं. धरौहरा-खीरी

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
जुगुल किशोर वर्मा
प्रधान
ग्रा.पं. अमेदी
वि.खं. धरौहरा-खीरी

# नाबालिग बच्ची के अपहरण और तस्करी की साजिश नाकाम, चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तर पश्चिमी जिले के भारत नगर थाना क्षेत्र से लापता 13 वर्षीय बच्ची को पुलिस ने 26 दिन बाद सुरक्षित बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जो बच्ची को बेचने की साजिश रच रहे थे। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपितों ने बच्ची को बालिग दिखाने के लिए उसका फर्जी आधार कार्ड भी बनवा लिया था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के शामली निवासी राजीव (40), हापुड़ निवासी विकास (20), मेरठ निवासी आशु (55) और गाजियाबाद निवासी रमनजोत सिंह (24) के रूप में हुई है।उत्तर पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि 21 जुलाई की रात वजीरपुर जेजे कॉलोनी की एक महिला ने पुलिस को कॉल कर बताया कि उसकी 13 साल की बेटी ट्यूशन से लौटकर घर नहीं आई। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान बच्ची को आखिरी बार इंदरलोक मेट्रो बस स्टैंड के पास देखा गया। पुलिस ने 30 से अधिक मोबाइल नंबर खंगाले, संदिग्ध इंस्टाग्राम अकाउंट्स की जांच की और दिल्ली, हरियाणा, उप्र के कई जिलों- मथुरा, रोहिणी, पलवल, द्वारका, शकरपुर, रेलवे स्टेशनों पर लगातार छापेमारी की। 16 अगस्त को तकनीकी जांच के बाद पुलिस को सुराग मिला कि बच्ची को शामली जिले के गांव झाल (उप्र) ले जाया गया है। भारत नगर पुलिस थाने की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से छापा मारकर बच्ची को सुरक्षित बरामद किया और तीन आरोपितों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड इकाई-हैदरगढ़, बाराबंकी
स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के शुभ अवसर पर क्षेत्र के सभी किसान भाईयों, प्रसासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों एवं अन्य सभी सम्मानित नागरिकों को हार्दिक बधाई
बी. के. यादव
मुख्य महाप्रबंधक




समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
उर्मिला
प्रधान
ग्रा.पं. बंसन्तपुर
वि.खं. धरौहरा-खीरी

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
रामरानी
प्रधान
ग्रा.पं. खरवहिया नं.1
वि.खं. धरौहरा-खीरी

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
जाकिया खातून
प्रधान
ग्रा.पं. सिसैय्या कलाँ
वि.खं. धरौहरा-खीरी

समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिमन्यु
प्रधान प्रतिनिधि
ग्रा.पं. हरदी
वि.खं. धरौहरा-खीरी

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063